कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 366, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 01 फरवरी 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# 2023-24: 6 से 6.8 प्रतिशत रहेगी आर्थिक वृद्धि दर

## आर्थिक सर्वेक्षण: विश्व बैंक, आईएमएफ और एडीबी जैसी बहुपक्षीय एजेंसियों और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा घरेलू स्तर पर प्रदान किए गए अनुमानों के अनुरूप

**नई दिल्ली: आर्थिक** सर्वेक्षण के अनुसार भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि दर वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 6 से 6.8 प्रतिशत रह सकती है। वैश्विक आर्थिक और राजनीतिक परिदृश्य के कारण इसमें बढोत्तरी या कमी आ सकती है। यह अनुमान मोटे तौर पर विश्व बैंक, आईएमएफ और एडीबी जैसी बहुपक्षीय एजेंसियों और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा घरेलू स्तर पर प्रदान किए गए अनुमानों के अनुरूप है। केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को संसद में आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23 पेश किया। सर्वेक्षण में कहा गया है कि मार्च 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए अर्थव्यवस्था के 07 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। पिछले वित्तीय वर्ष में 8.7 प्रतिशत की वृद्धि दर रही। इसमें कहा गया है कि महामारी के दोबारा लौटने और यूक्रेन संघर्ष के संकट के बादलों के छट जाने के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था आने वाले दशक में तेजी से बढ़ने के लिए तैयार है। बैंकिंग, गैर-बैंकिंग और कॉर्पोरेट क्षेत्रों के बेहतर बैलेंस शीट के साथ एक नया ऋण चक्र शुरू हो गया है। पिछले महीनों में बैंक ऋण में दो अंकों




की वृद्धि से स्पष्ट होता है। बैलेंस शीट के ठीक रहने के चलते वित्तीय संस्थानों द्वारा ऋण देने में वृद्धि हुई है। अप्रैल 2022 से अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा गैर-खाद्य ऋण में दोहरे अंक में वृद्धि हुई है। अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) का सकल एनपीए अनुपात 07 साल के निचले स्तर पर है। सर्वे के मुताबिक वित्त वर्ष -23 में भारत की आर्थिक वृद्धि मुख्य रूप से निजी खपत और पूंजी निर्माण के कारण है। इससे शहरी बेरोजगारी दर में गिरावट आई है और कर्मचारी भविष्य निधि में पंजीकरण बढ़ा है जिसका मतलब नौकरियों में इजाफा हुआ है। दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान ने भी उपभोक्ता भावनाओं को ऊपर उठाने का काम किया है।

### राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को प्राप्त करने की राह पर

**सर्वे** के मुताबिक सरकार 6.4 प्रतिशत के राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को प्राप्त करने की राह पर है। अप्रैल से नवंबर 2022 तक सकल कर राजस्व में 15.5 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई है। वित्त वर्ष 23 की पहली 03 तिमाहियों में जीएसटी राजस्व के रूप में 13.40 लाख करोड़ रुपये की आमदनी हुई है। जीएसटी करदाताओं की संख्या 70 लाख से दोगुनी होकर 1.4 करोड़ हुई है। अप्रैल-दिसंबर 2022 के दौरान सकल जीएसटी संग्रह में 24.8 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई है। वहीं प्रत्यक्ष करों ने अप्रैल-नवंबर 2022 के दौरान 26 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है।

जनवरी-नवंबर 2022 के दौरान सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) क्षेत्र में ऋण वृद्धि उल्लेखनीय रूप से 30.5 प्रतिशत से अधिक रही है। केंद्र सरकार का पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) वित्त वर्ष 23 के पहले आठ महीनों में 63.4 प्रतिशत बढ़ा है। इससे चालू वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास को गति मिली है। निर्माण गतिविधियों के लिए प्रवासी श्रमिकों की वापसी से घरों के निर्माण बाजार को मदद मिली है।

## 'गुलामी के प्रतीकों से मुक्ति दिलाने को सरकार प्रयासरत'

**नई दिल्ली:** संसद के बजट सत्र की शुरूआत हो गई। बजट सत्र की शुरूआत में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। इस दौरान राष्ट्रपति ने आतंकवाद, इंफ्रास्ट्रक्चर, मेड इन इंडिया, ग्रीन ग्रोथ जैसे मुद्दों पर बात की और कहा कि यह सरकार बिना डरे काम कर रही है। राष्ट्रपति ने सर्जिकल स्ट्राइक, आतंकवाद पर सख्ती और आर्टिकल 370 हटाने जैसे अहम फैसलों का जिक्र किया। राष्ट्रपति ने देश की जनता का आभार जताया कि उन्होंने लगातार दो कार्यकाल स्थायी सरकार चुनी।




**ग्रीन ग्रोथ पर सरकार का ध्यान:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने अभिभाषण में कहा कि भारत ने उस सोच को बदला है, जो प्रगति और प्रकृति को परस्पर विरोधी मानती थी। मेरी सरकार ग्रीन ग्रोथ पर ध्यान दे रही है और पूरे विश्व को मिशन लाईफ से जोड़ने पर बल दे रही है।

**एविएशन सेक्टर में तेजी से बढ़ रहा:** राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि देश का एविएशन सेक्टर तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज भारत दुनिया का तीसरा बड़ा एविएशन बाजार बन चुका है। इसमें उड़ान योजना की बड़ी भूमिका है, जिससे क्षेत्रीय उड़ानों को बढ़ावा मिल रहा है।

**पंच-प्रेरणा से आगे बढ़ रहा देश:** राष्ट्रपति ने कहा कि आजादी के अमृतकाल में देश पंच प्रेरणा से आगे बढ़ रहा है। जिसमें गुलामी के हर निशान, हर मानसिकता से मुक्ति दिलाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इसके तहत ही राजपथ अब कर्तव्य पथ बन चुका है।

मुगल गार्डन अब अमृत उद्यान के नाम से जाना जाएगा।

**मेड इन इंडिया का मिल रहा फायदा:** राष्ट्रपति ने कहा कि मेड इन इंडिया अभियान और आत्मनिर्भर भारत अभियान का फायदा मिलना शुरू हो गया है। देश में मैन्युफैक्चरिंग की क्षमता बढ़ रही है और बड़ी बड़ी कंपनियां भारत आ रही हैं। हमारा रक्षा निर्यात छह गुना हो गया है। आईएनएस विक्रांत के रूप में पहला स्वदेशी एयरक्राफ्ट नौसेना में शामिल हुआ।

## विकास पथ का व्यापक विश्लेषण प्रस्तुत करता आर्थिक सर्वेक्षण: मोदी

**नई दिल्ली: प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को ट्वीट कर कहा कि आर्थिक सर्वेक्षण 2023 भारत के विकास पथ का एक व्यापक विश्लेषण प्रस्तुत करता है। इसमें हमारे राष्ट्र के प्रति वैश्विक आशावाद, इन्फ्रा पर ध्यान, कृषि, उद्योगों में वृद्धि और भविष्य के संभावित क्षेत्रों पर विशेष जोर देना शामिल है। प्रधानमंत्री ने एक अन्य ट्वीट में कहा कि संसद के दोनों सदनों में राष्ट्रपति के संबोधन में विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे परिवर्तनकारी बदलावों की तस्वीर



पेश की गई है, जिसमें कई विषयों शामिल हैं। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे आम नागरिकों को सशक्त बनाया गया है और 'ईज ऑफ लिविंग' को आगे बढ़ाया गया है।

## सपा कार्यालय के बाहर लगा 'गर्व से कहो हम शूद्र हैं' का पोस्टर

**लखनऊ।** रामचरितमानस को लेकर उप्र में बढ़ते विवाद के बीच मंगलवार को राजधानी में समाजवादी पार्टी (सपा) कार्यालय के बाहर लगे एक पोस्टर ने नये मुद्दे को हवा दे दी है। यहां पर अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा की ओर से गर्व से कहो हम शूद्र हैं, का पोस्टर लगाया गया है। सपा कार्यालय के बाहर लगे गर्व से कहो हम शूद्र हैं का लगा पोस्टर आज चर्चा का विषय बन गया। यह पोस्टर अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा राष्ट्रीय महासचिव ने ।

## 81 साल के आसाराम को रेप केस में उम्रकैद

### सूरत की शिष्या से आश्रम में किया था दुष्कर्म, 10 साल पहले दर्ज हुई थी एफआईआर

**अहमदाबाद:** सूरत की एक महिला से रेप के मामले में 81 साल के आसाराम को मंगलवार को उम्रकैद की सजा सुनाई गई। गुजरात के गांधीनगर सेशन कोर्ट ने आसाराम को सोमवार को दोषी करार दिया था। इससे पहले जोधपुर कोर्ट ने 25 अप्रैल 2018 को यूपी की एक नाबालिग से रेप के मामले में आसाराम को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। तब से वह जोधपुर की जेल में बंद है।

**22 साल पुराना है केस:** 10 साल से जेल में बंद आसाराम के खिलाफ दुष्कर्म का यह मामला 22 साल पुराना है। तब अक्टूबर 2013 में अहमदाबाद के चांदखेड़ा थाने में एफआईआर दर्ज हुई थी। एफआईआर के मुताबिक, महिला के साथ अहमदाबाद शहर के बाहर बने आश्रम में 2001 से 2006 के



बीच कई बार दुष्कर्म किया गया। महिला तब आसाराम के आश्रम में थी। मामले में पुलिस ने जुलाई 2014 में चार्जशीट दाखिल की थी।

**आसाराम की पत्नी समेत छह अन्य आरोपी थे:** इस केस में आसाराम की पत्नी समेत 6 अन्य आरोपी थे। कोर्ट ने आसाराम को दोषी माना। आरोपियों में से एक की मौत हो गई थी। कोर्ट ने बाकी 5 आरोपियों को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया। सरकारी वकील आर.सी. कोड़ेकर ने बताया कि आसाराम को धारा 342, 357, 376, 377 के तहत सजा सुनाई गई। कोर्ट ने पीड़ित को 50 हजार रुपए मुआवजा देने का भी आदेश दिया है।

**पीड़ित महिला की छोटी बहन ने आसाराम के बेटे पर लगाया था रेप का केस:** दो बहनों में से छोटी ने आसाराम के बेटे नारायण साईं और बड़ी बहन ने आसाराम के खिलाफ रेप की शिकायत दर्ज कराई थी।

बड़ी बहन की शिकायत गांधीनगर ट्रांसफर होने के कारण आसाराम पर गांधीनगर में मुकदमा चला, जिसमें सोमवार को कोर्ट ने आसाराम को दोषी करार दिया है।

## पीएम केयर्स फंड: पीएमओ ने हाई कोर्ट में दाखिल किया हलफनामा




**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट में दाखिल अपने हलफनामे में प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने कहा है कि पीएम केयर्स फंड सरकारी फंड नहीं है। इसीलिए पीएम केयर्स फंड आरटीआई के तहत सार्वजनिक प्राधिकार की परिभाषा में नहीं आता है।

हाई कोर्ट में दाखिल हलफनामे में कहा गया है कि पीएम केयर्स फंड पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट के रुप में गठित किया गया है। पीएम केयर्स फंड पर न तो केंद्र सरकार का नियंत्रण है और न ही किसी राज्य सरकार का। पीएमओ ने कहा है कि पीएम केयर्स फंड स्वेच्छा से दान करने वाले लोगों और संस्थाओं से धन लेता है और यह किसी बजटीय प्रावधान या लोक उपक्रम के बैलेंस शीट से आने वाले धन को स्वीकार नहीं करता है। इससे पहले सितंबर 2022 में हाई कोर्ट ने पीएम केयर्स फंड को सरकारी फंड घोषित करने की मांग पर विस्तृत हलफनामा दाखिल करने के लिए केंद्र सरकार को समय दिया था। जुलाई 2022 में हाई कोर्ट ने प्रधानमंत्री कार्यालय के सचिव को निर्देश दिया था कि वो इस मामले पर विस्तृत हलफनामा दाखिल करें। कोर्ट ने इस मामले पर प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से एक पेज का हलफनामा दाखिल करने पर नाराजगी जताई थी। दरअसल, 26 अप्रैल 2022 को सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील श्याम दीवान ने कहा था कि प्रधानमंत्री और कैबिनेट के अन्य मंत्री संवैधानिक पदों पर हैं और उन्हें इस फंड को निजी तौर पर चलाने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। ये फंड देश के प्रधानमंत्री से काफी निकटता से जुड़ा हुआ है।


## आपदा प्रभावितों के लिए तैयार हो रहा है पुनर्वास पैकेज

**देहरादून:** श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के अध्यक्ष और जोशीमठ आपदा के पर्यवेक्षण के लिए मुख्यमंत्री के विशेष प्रतिनिधि ने कहा कि पहली बार आपदा प्रभावितों की सलाह और सुझाव के आधार पर विस्थापन व पुनर्वास का पैकेज तैयार किया जा रहा है। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कहा कि जोशीमठ को लेकर शासन स्तर पर गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति (एचपीसी) की सोमवार को हुई बैठक में प्रभावितों के लिए संस्तुत किया गया पैकेज अब तक का सबसे सर्वश्रेष्ठ आपदा पैकेज है। कुछ लोग दुष्प्रचार का सहारा लेकर चारधाम यात्रा में बाधा पैदा करना चाहते हैं। एचपीसी की बैठक में शामिल रहे बीकेटीसी के अध्यक्ष ने कहा कि प्रभावितों के पैकेज तैयार करने से पूर्व चमोली के जिलाधिकारी की अध्यक्षता में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की एक समिति गठित की गई थी। समिति के सुझावों को जिला प्रशासन द्वारा शासन को भेजा गया था। शासन में एचपीसी ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों व प्रभावितों की ओर से प्राप्त सुझावों पर अपनी सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान कर दी है।

### साहसिक पर्यटन के लिए रोमांच से भरा है लोहाजंग में जिपलाइन का सफर

## हवा में उड़ान भरेंगे पर्यटक

**गोपेश्वर:** प्रकृति ने चमोली पर अपना सब कुछ न्योछावर किया है। यहां के प्राकृतिक सौन्दर्य से लेकर तीर्थाटन, पर्यटन, आध्यात्म के लिए चमोली पर्यटकों की पहली पसंद हैं। इस कारण से हर कोई यहां बरबस ही खींचा चला आता है। अब उत्तराखंड का चमोली जनपद साहसिक पर्यटन को लेकर पर्यटकों की पहली पसंद बनता जा रहा है। चमोली का देवाल ब्लॉक साहसिक पर्यटन के लिए अपनी अलग पहचान बनाने की ओर अग्रसर हो चला है, जिसके अंतर्गत देवाल के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल लोहाजंग में हाई



एल्टीट्यूड जिपलाइन (हिमालयन जिपफ्लाई) का शुभारंभ हो गया है। अब आने वाले दिनों में साहसिक पर्यटन और रोमांच के शौकीनों के लिए लोहाजंग प्रमुख पर्यटन स्थल बनने वाला है। वर्तमान में लोहाजंग ब्रह्मताल, भेकलताल, बेदनी बुग्याल, रूपकुंड ट्रैक, मोनाल ट्रैक, हिलकोट ट्रैक, ऑली बुग्याल का बेस कैंप है, जिस कारण पर्यटन से यहां लोगों का रोजगार जुड़ा हुआ है। अब यहां जिपलाइन बनने से पर्यटन और भी बढ़ने की संभावना है।

**ये है लोहाजंग का हिमालयन जिपलाइन:** ग्राम सभा मुंदोली की प्रेमा देवी हिमालयन जिपलाइन की संचालिका है। इनके पति गब्बर सिंह भारतीय सेना में कार्यरत हैं। यह जिपलाइन 7800 फीट की ऊंचाई पर बना है जिसकी लंबाई आठ सौ मीटर और गहराई 130 मीटर है।

### ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से बनेंगे रोजगार के लाखों नये अवसर, युवाओं के लिए अवसर : मुख्यमंत्री

## ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का पीएम मोदी करेंगे शुभारम्भ : योगी

**लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ** ने सरकार की रोजगारोन्मुखी योजनाओं, नीतियों से युवाओं को परिचित कराने के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा के 12, भारतीय पुलिस सेवा के छह और भारतीय वन सेवा के छह अधिकारियों (सभी सेवानिवृत्त) तथा 24 शिक्षाविदों सहित की 48 सदस्यीय टीम गठित की है। आगामी तीन से पांच फरवरी तक यह टीम अलग-अलग विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों में युवाओं से संवाद कर रोजगार से जुड़ी उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करेगी। साथ ही, युवाओं के लिए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की उपयोगिता के संबंध में जागरूक करेगी। इसी संदर्भ में



मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास पर अयोजित विशेष कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सेवानिवृत्त अधिकारियों और वरिष्ठ शिक्षाविदों की 48 सदस्यीय विशेष टीम के साथ संवाद किया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में बीते साढ़े पांच-पौने छह वर्ष में देश-दुनिया के सामने उत्तर प्रदेश ने अपनी नई पहचान बनाई है। प्रदेश के प्रति लोगों की धारणा बदली है। आप सभी इस बड़े बदलाव के साक्षी रहे हैं, सहयात्री रहे हैं उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अपार संभावनाओं का प्रदेश है। देश और प्रदेश के समग्र विकास में हमें इन संभावनाओं को जमीन पर उतारना होगा। आप सभी के पास सार्वजनिक जीवन का लंबा अनुभव है। महत्वपूर्ण पदों पर दायित्व निर्वहन किया है। आपके इन अनुभवों से हमारे युवा लाभान्वित हों, इसके लिए आप सभी का सहयोग अपेक्षित है।

## मैदान में बारिश तो पहाड़ों पर बर्फबारी से बढ़ी मुश्किलें

**नई दिल्ली: दिल्ली,** यूपी समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में बारिश के चलते ठंड बढ़ गई है। कुछ हिस्सों में जारी शीतलहर ने कंपकंपी बढ़ा दी है। उधर, पहाड़ों पर मौसम एक बार फिर बदल गया है। पहाड़ों पर बर्फ की चादर बिछ गई है।

**बर्फबारी से कई सड़कें बंद:** पहाड़ों पर भारी बर्फबारी से जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। हिमाचल में कुछ नेशनल हाइवे समेत कई सड़कें बंद हैं। कई इलाकों का संपर्क भी कट गया है। दरअसल, प्रदेश में बीते कुछ घंटों से बर्फबारी हो रही है। बर्फबारी के चलते कई रूट बाधित हैं।

**कई इलाकों का संपर्क कटा:** हिमाचल प्रदेश में अटल टनल, कोकसर, दारचा व रौरिक में एक-एक फुट हिमपात हुआ है। इससे लाहौल का मनाली से तो स्पीति का किन्नौर से संपर्क कट गया। लाहुल स्पीति में हिमस्खलन से चंद्रभागा नदी का बहाव दो घंटे रुका रहा। न्यूनतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है।

**उत्तराखंड में भी हिमपात:** उत्तराखंड के हिमालयी क्षेत्रों में भी बर्फबारी हो रही है। इसके चलते गंगोत्री और यमुनोत्री हाइवे बर्फबारी के कारण बाधित हैं। उधर, मैदानी क्षेत्रों में भी बारिश हो रही है। भारी बर्फबारी के कारण कश्मीर का देश और दुनिया के अन्य हिस्सों से जमीनी व हवाई संपर्क कट गया है।

श्रीनगर एयरपोर्ट से जाने वाली कई उड़ानें रद्द कर दी गईं। वहीं श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग यातायात के लिए बंद कर दिया गया।

**ऑरेंज अलर्ट जारी:** मौसम विभाग ने मंगलवार के लिए भारी वर्षा-बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। कई इलाकों में ओलावृष्टि को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है।

## खबर संक्षेप

### विशाल नेत्र ऑपरेशन शिविर का आयोजन आज

**सहसों।** स्मृतिशेष सेठ लाल चन्द्र केसरवानी एवं स्मृतिशेष सेठ शिवपूजन केसरवानी जी के पुण्य स्मृति में निःशुल्क विशाल नेत्र ऑपरेशन शिविर का आयोजन आज 1 फरवरी को शिवा कोल्ड स्टोरेज सहसों कांदी मार्ग स्थित प्रांगण में डॉ आर एन मिश्रा हरी नेत्रालय प्रयागराज के टीम द्वारा निःशुल्क नेत्र परीक्षण, मोतिया बिन्द का ऑपरेशन चश्मा एवं दवा का वितरण का आयोजन किया गया है। जिसमें समस्त क्षेत्रवासियों जरूरत मंदों से आग्रह किया गया है कि प्रातः 10 बजे से चालू होने वाले इस आयोजन में उपस्थित होकर लाभ उठाएं। यह जानकारी आयोजक एस पी आर एल उद्योग समूह सहसों के निदेशक एवं जिला कोषाध्यक्ष भाजपा गंगापार आशीष केसरवानी ने दी।

### अपहरण का मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** गांव की युवती को दूसरे गांव का युवक अपने प्रेम जाल में फंसा कर लेकर चम्पत हो गया। युवती के पिता ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। सोरांव थाना क्षेत्र के ग्राम सुजनीपुर निवासी एक युवक का मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मानी उमर पुर निवासनीय एक 18 वर्षीय युवती से प्रेम हो गया। बताते हैं कि युवक युवती को लेकर चम्पत हो गया। युवती के पिता ने रंजीत कुमार पुत्र भारत लाल निवासी सुजनीपुर सोरांव के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# बालू सप्लायर युवक की हत्या के विरोध को लेकर चक्का जाम

## आरोपियों की गिरफ्तारी के 7 घंटे बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया

अखंड भारत संदेश

**करछना।** थाना करछना क्षेत्र के धरवारा गांव निवासी ध्रुव सिंह 26 वर्ष पुत्र प्रदीप सिंह की सोमवार को मेजा थाना क्षेत्र के कोहराड चौकी एनटीपीसी रेलवे लाइन अंडरपास के पास ट्रक मालिक ,ड्राइवर व खलासी ने मिलकर पैसे के लेनदेन को लेकर ध्रुव सिंह की लोहे की रॉड से मार्कर घायल कर दिया था तथा शहर में उपचार के दौरान लखनऊ ले जाते समय रास्ते में मृत्यु हो गई थी घटना के बाद मेजा पुलिस मंगलवार को मृतक युवक के चाचा भानु प्रताप सिंह की तहरीर पर ट्रक मालिक मोहम्मद इरशाद ट्रांसपोर्ट कंपनी प्रयागराज मोहम्मद शमशाद वह अज्ञात ड्राइवर के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है तथा परिजनों द्वारा ध्रुव कुमार सिंह का शव पोस्टमार्टम के लिए पुलिस के हवाले नहीं किया मंगलवार को सुबह 9:30 बजे करछना कोहरार घाट मार्ग टोंस पुल के नियर धरवारा गांव के पास शव सड़क पर रखकर चक्का जाम लगा दिया तथा सूचना पाकर करछना मेजा व कई थानों की पुलिस फोर्स सीओ सहित लगभग 7 घंटे बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद मान मनोबल के बाद तब जाकर



चक्का जाम समाप्त हुआ परिजनों का आरोप था कि जब तक गिरफ्तारी नहीं होगी तब तक शव पोस्टमार्टम के लिए नहीं दिया जाएगा ट्रांसपोर्ट कंपनी के मालिक मोहम्मद नौशाद व मोहम्मद शमशाद व बालू सप्लायर ध्रुवसिंह से पैसे के लेनदेन को लेकर? लोहे की रॉड से मारकर बुरी तरह घायल कर दिया था, हत्या का अंजाम दिया गया चक्का जाम से कई किलोमीटर तक जाम की स्थिति में फंसे सवारियों गाड़ियों वाले हलकान रहे घंटों इंतजार के बाद परेशान यात्री पैदल ही यात्रा करके अपने मंजिल को पहुंचे को मजबूर रहे।

# पोस्टमार्टम रिपोर्ट में छात्र की मौत पानी में डूबने से हुई

## मऊआइमा के ग्राम गदाईपुर में का निवासी था हाईस्कूल का छात्र

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** 25 जनवरी से गायब छात्र का शव गांव के समीप स्थित एक तालाब में सोमवार को मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में छात्र की मौत पानी में डूबने से होने की पृष्ठ हुई है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम गदाईपुर निवासी मोहम्मद अफसर उर्फ जैद 16 वर्ष पुत्र मोहम्मद हारून 25.जनवरी को दोपहर में भोजन करने के बाद रहस्यमय ढंग से गायब हो गया था। परिजनों ने थाने में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सोमवार को 30 जनवरी को गांव के समीप स्थित तालाब में जैद का शव तैरता हुआ मिला था। हालांकि इसी तालाब में गोताखोरों एंव फायरब्रिगेड की टीम 26 जनवरी को तलाश चुके थे। परन्तु खाली हाथ वापस लौट गए थे। पुलिस ने जैद के शव का पोस्टमार्टम कराया तो उसमें पानी में डूबने से होने की बात आयी है। तथा सिर में चोट का निशान तालाब के अन्दर किसी ईट से टकराने से आया है।

### पुलिस को गच्चा दे कोर्ट में हाजिर हुआ अमन हत्या का मुख्य आरोपी नीतीश

**घूरपुर।** विगत दिनों क्षेत्र के भीटा गांव निवासी अमन मिश्र की हुई दर्दनाक हत्या का मुख्य आरोपी नीतीश केसरवानी पुलिस की आखों में धूल झोंकते हुए कोर्ट में हाजिर होकर जेल चला गया । नीतीश के कोर्ट में हाजिर होने की सूचना से स्थानीय पुलिस पर सवालिया निशान उठ रहे हैं । बताते चलें कि विगत दिनों घूरपुर थाना क्षेत्र के भीटा गांव निवासी हाईकोर्ट के कर्मी श्वेतांश मिश्र उर्फ अमन मिश्र की गला रेतकर हत्या कर दी गई थी । पीड़ित पक्ष की ओर से मिली तहरीर पर जसरा निवासी नीतीश केसरवानी व अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया गया था । पुलिस ने हत्या की घटना की तह तक पहुंची तो नीतीश व उसके भाई व उसकी मां के साथ भाभी का नाम सामने उभर कर आया । पुलिस ने नीतीश के भाई और मां सहित भाभी को तो घर से पकड़ कर आला कत्ल बरामद करते हुए जेल भेज दिया था । लेकिन मुख्य आरोपी नीतीश पुलिस के हाथ नहीं लग पाया । आखिर सोमवार को मुख्य आरोपी नीतीश ने कोर्ट में हाजिर हो गया और जेल भेज दिया गया । नीतीश के कोर्ट में पेश होकर जेल जाने की सूचना इलाके में पहुंची तो पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्न उठने लगे । वहीं नीतीश के कोर्ट में हाजिर होने की जानकारी लेने पर थाना प्रभारी घूरपुर अश्वनी कुमार ने बताया कि बाबूपुर में अपहरण के बाद हुई मासूम नमन की हत्या की व्यस्तता के कारण नीतीश की गिरफ्तारी नहीं हो सकी । रिमांड पर लेकर नीतीश से पूंछतांछ की जाएगी।

# फूलपुर तहसील अधिवक्ताओं ने की तहसीलदार के खिलाफ नारेबाजी



तहसीलदार के खिलाफ नारेबाजी करते अधिवक्ता

अखंड भारत संदेश

**फूलपुर।** फूलपुर तहसील में अधिवक्ता तथा तहसीलदार के बीच हुए विवाद में एडवोकेट राहुल तिवारी के खिलाफ मुकदमा होने पर नाराज अधिवक्ताओं ने तहसीलदार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए तहसील कार्य से विरक्त रहने का फैसला लिया। बता दें कि तहसीलदार अजीत सिंह द्वारा फूलपुर थाने में मारपीट, अभद्रता व पत्रावली फाड़ देने का मुकदमा फूलपुर थाने मू दर्ज कराया है। जानकारी होने पर अधिवक्ता गण भड़क गए और तहसील में एकजुट होकर तहसीलदार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पैदल थाने तक गए और तहसीलदार के विरुद्ध एक तहरीर देकर मुकदमा लिखाने की मांग की। विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से अध्यक्ष प्रकाश चंद्र यादव , वरिष्ठ अधिवक्ता शमीम अहमद सिद्दीकी,एस पी तिवारी,एजाज अहमद, अरविंद यादव ,दिलीप आजाद, रमेश कोलाही, महेश यादव कोषाध्यक्ष, विक्रम सिंह प्रजापति, मो. शारिब एडवोकेट, सद्दाम हुसैन, सौरभ यादव , चंद्रभान यादव, सौ0 जाकिर उर्फी, चंद्रभूषण यादव, लाल बहादुर, अजय तिवारी ,श्याम जी दुबे आदि मौजूद रहे।

### हाइवे पर बोलेरो की चपेट में आया युवक, मौत

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के प्रयागराज से चित्रकूट हाईवे पर शिवराजपुर के निकट सेंट जोसेफ स्कूल के पास बोलेरो की टक्कर से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया,आसपास के लोगों ने आनन-फानन में उसे प्राइवेट वाहन में लादकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया।जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मंगलवार की रात क्षेत्र के बांदा हाईवे पर सेंट जोसेफ स्कूल के पास एक तेज रफ्तार बोलेरो गाड़ी ने शिवराजपुर की ओर से सब्जी लेकर लौट रहे रमेश निषाद पुत्र पूरन निषाद उम्र 45 वर्ष ग्राम कसौटा नगला थाना चिकसाने जिला भारतपुर राजस्थान को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह दूर जा गिरा और उसे गंभीर चोटें आई। वहीं आसपास के लोगों ने आनन-फानन में उसे प्राइवेट वाहन में लादकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया। जहां चिकित्सक डॉ. सुरेश सोनकर ने उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।युवक शिवराजपुर स्थित एक वाशिंग प्लांट में काम करता था।

## मुख्य मंत्री सामूहिक विवाह योजना : हाथ तो पीले हो गए पर सरकारी अनुदान नदारद

# डेढ़ माह बाद भी नहीं मिला पुत्री विवाह अनुदान!

अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना को लेकर बर बधूओ में नाराजगी देखी जा रही है, क्योंकि डेढ़ माह पहले हुई सामूहिक शादियों का अनुदान समाज कल्याण विभाग द्वारा आज तक प्रदान नहीं किया गया। जबकि दूसरी शादी की तिथि 14 फरवरी 2023 शासन द्वारा निर्धारित कर दी गई है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत डेढ़ माह पहले ब्लॉक कोरांव में मांडा और कोरांव की कुल सात दर्जन सामूहिक विवाह का आयोजन आयोजित किया गया था। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में क्षेत्रीय भाजपा विधायक कोरांव राजमणि कोल भी मौजूद थे। विधायक सहित कई अफसरों जन प्रतिनिधियों ने आशीर्वाद भी बर बधूओ को दिया था। इसके बावजूद भी अभी तक लगभग 80 जोड़ों का विवाह अनुदान उनके खातों में नहीं पहुंच पाया है। हाथ पीले हो चुके बेटियों के खातों में पैसे न आने से मायूसी देखी जा रही है। इस संदर्भ में समाज कल्याण विभाग के एडीओ



आरिफ खान से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि कुछ लड़कियों के कागजात अधूरे थे इस कारण एक बार में पैसा वैवाहिक बेटियों के खाते में नहीं जा पा रहा है जैसे ही कागजात दुरुस्त हो जाएंगे उनके खाते में धनराशि स्थानांतरित कर दी जाएगी। इस संदर्भ में जब भाजपा विधायक राजमणि कोल से शिकायत की गई तो उन्होंने कहा विभागीय अधिकारियों को चेतावनी देते हुए अविलंब धनराशि बेटियों के खाते में भेजने का निर्देश दिया गया है जिस पर उन्होंने नाराजगी भी जाहिर की है। इस प्रकरण को लेकर आम नागरिकों का कहना है कि जब कागजात अधूरे थे तो ऐसे विवाह के आवेदन ही क्यों लिए गए। तत्काल कागजात पूर्ण करके बर बधुओ का भुगतान शीघ्र कर देना चाहिए जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।




# स्वास्थ्य केंद्र रामनगर में शुरू हुआ कुष्ठ रोग खोज निगरानी अभियान

**सिरसा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर उरूवा में 30 जनवरी 2023 से सघन कुष्ठ रोगी खोज एवं निगरानी अभियान चलेगा अधीक्षक डॉक्टर नीरज सिंह पटेल के नेतृत्व में स्टाफ द्वारा ली गयी सपथ आपको अवगत कराना है कि आज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामनगर में आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर समस्त स्टाफ को अधीक्षक डॉक्टर नीरज सिंह पटेल के नेतृत्व में सपथ दिलायी गयी। हम अपने जनपद को कुष्ठ रोग से मुक्त बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे समस्त स्टाफ द्वारा सपथ ली गयी की कुष्ठ रोग प्रभावित व्यक्ति से कोई भेद भाव नही किया जायेगा और न ही दूसरे व्यक्ति को भेदभाव करने दिया जायेगा। समस्त स्टाफ ने सपथ ली की हम व्यक्तिगत और सामुहिक रूप से कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों से जूड़े कलंक और भेदभाव को समाप्त करने और उनको समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए अपना पूर्ण योगदान देंगे। अधीक्षक डॉक्टर नीरज सिंह पटेल द्वारा सपथ के उपरांत अपने सम्बोधन में बताया गया की 30.01.2023 से सघन कुष्ठ रोगी खोज एवं निगरानी अभियान 1 माह के लिए चलाया जाना है जिसके अन्तर्गत घर-घर जाकर कुष्ठ रोगियों को खोजा जायेगा। अतः इस अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान देकर अभियान को सफल बनायें । इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सक डाक्टर दुष्यंत सिंह पटेल, विद्या विश्वकर्मा मेंटर स्टाप, ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक आशीष कुमार द्विवेदी, पी0एम0डब्लू० मनीष, एस०टी०एस० अंकित पाण्डेय एवं समस्त सी०एच०सी० स्टाफ द्वारा कुष्ठ उन्मुलन के लिए शपथ मे प्रतिभाग किया गया।

# कायस्थ समाज दूसरों के भरोसे बैठा अपने हक की लड़ाई खुद लड़नी होगी

अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** श्री चित्रगुप्त परिवार द्वारा आयोजित सामूहिक खिचड़ी भोज के मुख्य अतिथि नेहरू ग्राम भारती डीम्ड यूनिवर्सिटी के कुलपति संजय श्रीवास्तव ने कहा कि कायस्थ समाज को अपने हक के लिए अपनी लड़ाई खुद लड़नी पड़ेगी आज जहां हर बिरादरी अपने हक के लिए संघर्ष कर रही है वही कायस्थ समाज दूसरों के भरोसे बैठा राह देख रहा है। अध्यक्षता करते हुए कायस्थ पाठशाला के पूर्व अध्यक्ष चौधरी राजेंद्र नाथ सिंह ने कहा कि कायस्थ समाज का पहले न्यायपालिका में पूरा बोलबाला था इसी तरह से प्रशासन में भी बहुत बड़ी संख्या में कायस्थ समाज के लोग थे लेकिन जनतांत्रिक प्रणाली मे आज कायस्थ समाज नौकरी में बहुत पीछे हो गया। चित्रगुप्त परिवार के अध्यक्ष एवं साहित्यकार डॉ. देवी प्रसाद कुँवर ने



कहा कि कायस्थ समाज सदैव एक समाजवादी प्रगतिशील सोच की जाति रही। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा की पूर्व अपर निदेशक डॉ सुधा प्रकाश, टीपी सिंह, पूर्व सीएमओ डॉ प्रदीप सिन्हा ने अपने विचार रखे। ई. पीसी श्रीवास्तव व संरक्षक डॉ, अरविंद श्रीवास्तव में आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया। ज्ञान चंद श्रीवास्तव, डॉ. राहुल भूरिया, विनय श्रीवास्तव, त्रिवेणी लाल, मंगल लाल श्रीवास्तव, सुमंगल लाल, धीरेन्द्र श्रीवास्तव मधुबाला श्रीवास्तव सहित चित्रगुप्त परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे।

### प्रतियोगियों ने घेरा लोक सेवा आयोग

**प्रयागराज।** प्रयागराज में प्रतियोगियों ने सोमवार को लोक सेवा आयोग का घेराव किया। दो सूत्रीय ज्ञापन लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष को संबोधित सौंपा। इस दौरान प्रतियोगियों ने आयोग के खिलाफ नारेबाजी की और धरना भी दिया।अध्यक्ष को दिए गए ज्ञापन में जीआईसी 2023 का अति शीघ्र विज्ञापन जारी करने और जीआईसी 2018 की वेटिंग लिस्ट जारी करने की मांग की।आयोग की तरफ से अनु सचिव धर्मेंद्र त्रिपाठी वार्ता के लिए आए और पांच सदस्यीय शिष्टमंडल से वार्ता की ' नए विज्ञापन के संबंध में उनका कहना था, कि शासन द्वारा अर्हता विवाद का निराकरण ना हो पाने के कारण नया विज्ञापन जारी नहीं हो पा रहा है ' इस संबंध में आयोग शासन से निरंतर पत्राचार और बैठक कर रहा है ' वहीं जीआईसी 2018 की वेटिंग लिस्ट के संबंध में आयोग का कहना था कि आज से 10 दिन बाद सभी विषयों की क्रमिक रूप से वेटिंग लिस्ट जारी की जाएगी ' सबसे पहले सामाजिक विज्ञान की वेटिंग लिस्ट जारी की जाएगी ' शिष्टमंडल में विक्की खान, कृपाशंकर निरंकारी, रमेश कुमार, राजेश कुमार बालाजी तथा अंजनी पांडे शामिल थे' प्रतियोगी छात्र मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विक्की खान का कहना है कि 10 दिनों के बाद अगर वेटिंग लिस्ट जारी नहीं की गई तो लोक सेवा आयोग पर व्यापक रूप से धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# सीसी टीवी में दिखे अंकित चारों दोस्त फरार, तलाश में दबिश

अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** शाहगंज के रहने वाले युवा व्यापारी अंकित अग्रवाल की हत्या का जल्द ही पुलिस खुलासा कर सकती है। सीसीटीवी फुटेज में दिखे अंकित के चारो दोस्तों की पहचान हो गई है। जो हत्या के बाद से फरार है जिनकी गिरफ्तारी के लिए आसपास के थाना क्षेत्र में दबिस दी जा रही है कुछ लोगो को पूछताछ के लिए उठाया गया। पुलिस का दावा है कि कल तक अंकित की हत्या के राज से पर्दा उठ जायेगा। शाहगंज के पान दरीवा चुनावाली गली के रहने वाले राम कृष्ण अग्रवाल यूपी प्रोजेक्ट कारपोरेशन के रिटायर कर्मचारी है। इनके बेटे मुदित व अंकित ने झूंसी के छतनाग रोड स्थित तिवारी मार्केट में न्यू अग्रवाल फुटवियर के नाम से जूते का शोरूम है चलाते है साथ में थोक का भी काम है। सोमवार की सुबह मार्केट में स्थित गोडाउन में अंकित की खून से शनी लाश मिली थी। अंकित के बड़े भाई मुदित ने अंकित के साथी भीम यादव व अज्ञात पर हत्या का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने मार्केट में लगे सीसी टीवी को खगाला तो उसमें रविवार की रात 11 बजे के करीब भीम यादव के साथ तीन अन्य लोग नजर आये है। पुलिस चारों की तलाश कर रही है।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस राजेश बिंदल अब होंगे सुप्रीम कोर्ट के जज

**प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस राजेश बिंदल तथा गुजरात हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस अरविंद कुमार को सुप्रीम कोर्ट जज के रूप में नियुक्ति के लिए सरकार को सिफारिश भेजी है। वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट में 34 जजों के पद हैं, जिसमें 27 जज कार्यरत हैं।सुप्रीम कोर्ट ने इससे पूर्व 13 दिसंबर 2022 को 5 जजों को सुप्रीम कोर्ट जज बनाने की संस्तुति सरकार को भेजी है। इसमें इलाहाबाद हाईकोर्ट से राजस्थान हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस पंकज मित्तल एवं सीनियर जज मनोज मिश्रा के नाम शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट द्वारा भेजी गई इन सिफारिशों पर सरकार द्वारा नियुक्ति की अधिसूचना जारी किया जाना अभी बाकी है। इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने दो अन्य नामों जिसमें इलाहाबाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस राजेश बिंदल एवं गुजरात हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस अरविंद कुमार के नामों की सिफारिश करते हुए इनको सुप्रीम कोर्ट जज नियुक्त करने के लिए सरकार को अधिसूचना जारी करने की संस्तुति की है।

# बारा तहसील के उपजिलाधिकारी को अधिवक्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

**बारा।** बारा तहसील के जसरा बाजार में हो रही स्मैक विक्रय एवं स्मैक की वजह से, हो रही हत्याओं के संबंध में आज बारा तहसील के, अधिवक्ताओं ने उप जिला अधिकारी बारा को, एक ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में अभी कुछ दिन पहले 18/ 01/ 2023 को स्वेतांश मिश्रा, उर्फ अमन मिश्रा निवासी ग्राम , भीटा, तहसील बारा थाना घूरपुर जनपद प्रयागराज की जसरा बाजार में स्मैक की वजह से, हत्या कर दिया जाता है स्मैक कारोबारी निडर होकर स्मैक जैसे नशीले पदार्थ के लिए हत्या कर देते हैं कई बार ग्रामीणों द्वारा पुलिस चौकी थाना घूरपुर/ गौहनिया में



संपूर्ण समाधान दिवस में, 2 वर्ष पूर्व से हो रही स्मैक जैसे, मादक पदार्थ की बिक्री करने वाले कारोबारी के खिलाफ लिखित शिकायत की गई लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हो पाई। अधिवक्ताओं ने अमन मिश्रा के केस को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाया जाए और मुख्य आरोपी को फांसी की सजा दी जाए बिकनी पर तत्काल रोक लगाए जाने के संबंध में स्थानीय पुलिस को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित करें आने वाले विधानसभा सत्र में आप स्मैक जैसे, मादक पदार्थ बेचने वालों के लिए कठोर कानून बनाएं आरोपी के घर को जेसीबी से ध्वस्त किया जाए ताकि स्मैक बेचने वाले लोगों पर भय व, दहशत बनी रहे तत्काल निस्तारण हेतु उचित कानूनी कदम उठाकर स्मैक जैसे, मादक पदार्थ की बिक्री पर रोक लगाया जाए सुरक्षा की दृष्टि से स्वेतांश उर्फ अमन मिश्रा के पिता शैलेश मिश्रा को शस्त्र लाइसेंस निर्गत किया जाए अधिवक्ताओं ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

# आय से अधिक संपत्ति मामले में पूर्व मंत्री राकेश धर त्रिपाठी पर फैसला टला

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद जिला न्यायालय की विशेष अदालत ने मंगलवार को आय से अधिक संपत्ति के मामले में पूर्व मंत्री राकेशधर त्रिपाठी पर सुनाया जाने वाला फैसला कुछ दिनों के लिए टाल दिया है। विशेष अदालत ने कहा है कि मामले में पहले पूर्व मंत्री की पत्नी और बेटी का बयान लिया जाएगा। अदालत ने इस मामले में पत्नी और बेटी को समन जारी किया है। अदालत ने सुनवाई के लिए छह फरवरी की तिथि तय की है।सहायक शासकीय अधिवक्ता सुशील वैश्य ने बताया कि विशेष न्यायाधीश एमपीएमएलए डॉ. दिनेश चंद्र शुक्ला की अदालत ने आय से



अधिक संपत्ति रखने के मामले में मंगलवार को फैसला सुनाए जाने की तिथि निर्धारित की थी, लेकिन अदालत ने कहा कि पत्रावली के अवलोकन से यह स्पष्ट हो रहा है कि पूर्व मंत्री की पत्नी प्रमिला त्रिपाठी और बेटी पल्लवी त्रिपाठी की आय को भी शामिल किया गया है।यह भी उल्लेखनीय है कि प्रमिला त्रिपाठी की आय के सापेक्ष ही उनके खाते में ऋणों की प्राप्ति दर्शित की गई है, जो क्रमशः पांच लाख, 70 हजार, 350 रुपये एवं एक करोड़, 17 लाख, 15 हजार रुपये बताई गई है। इसके साथ ही अपने आश्रितों के बैंक खातों में जमा धनराशि पांच लाख, 47 हजार, 271 रुपये बताई गई है।प्रमिला त्रिपाठी के खाते में लगभग 50 लाख रुपये चेक पीरियड में आए हैं। जिसके संबंध में अभियुक्त का तर्क है कि यह धनराशि बतौर ऋण उनकी पत्नी द्वारा ली गई थी। इस संबंध में अभियुक्त की पत्नी का बयान आवश्यक है। इसी तरह आश्रित (पुत्री) पल्लवी त्रिपाठी की आय भी पांच लाख, 70 हजार, 350 रुपये बताई गई है। लिहाजा, दोनों का साक्ष्य सम्यक न्याय निर्णयन के लिए आवश्यक है।

## खबर संक्षेप

### ट्रस्ट के द्वारा गरीबों को कराया गया भोजन

**उतरांव।** जनपद प्रयागराज के आस्था वृद्ध नवजीवन सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा मंगलवार 31/1/2023 को बंधवा बड़े हनुमान मंदिर पर गरीब, निराश्रित,असहाय, व्यक्तियों एवं श्रद्धालुओं के लिए भोजन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गरीब वृद्ध निराश्रित बेसहारा आर्थिक रूप से जूझ रहे व्यक्तियों एवं श्रद्धालुओं को भोजन वितरित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री बी0ए0 प्रसाद जी के कर कमलों द्वारा किया गया। जिसमें संस्था के अध्यक्ष अश्वनी कुमार, सचिव, अंजनी कुमार, प्रबंधक,राम भजन सागर के साथ-साथ मीडिया प्रभारी रामसेवक, राजेंद्र प्रसाद, अरविंद कुमार वर्मा, अमित कुमार वर्मा, जंग बहादुर, सतीश चंद जायसवाल, रामनिरंजन सागर, अमित सागर, सुशील कुमार, तरमाली, गुलाब चंद के साथ संस्था के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# आप कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन : कहा सरकार ने बिजली बिल माफ करने के बजाय बढ़ा दिया चार्ज

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** सरकार के वादाखिलाफी के खिलाफ आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने मंगलवार को पत्थर गिरिजाघर सिविल लाइंस में विरोध प्रदर्शन किया। सरकार को अपना वायदा पूरा करने संबंधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। शहर दक्षिण के जिला महासचिव नितिन सिंह पटेल एवं महिला जिलाध्यक्ष पूनम सिंह ने कहा कि बिजली की बढ़ी दरों से प्रदेश की जनता त्रस्त है। विधानसभा चुनाव के पूर्व सरकार ने कहा था कि बिजली बिल माफ करेंगे और दर कम करेंगे लेकिन न बिजली बिल माफ हुआ और दर कम होने की जगह बढ़ा दी गई। सरकार का यह कृत्य प्रदेश की जनता का अपमान है, इस अपमान को न तो प्रदेश की जनता बर्दाश्त करेगी और न ही आम आदमी पार्टी।




### सरकार आमजन की नहीं सुन रही समस्याएं

पार्टी कार्यकताओं ने कहा, आम आदमी पार्टी के उत्तर प्रदेश प्रभारी राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आह्वान पर पूरे प्रदेश में बिजली दरों में वादाखिलाफी के खिलाफ 25 जनवरी को ईको गार्डेन लखनऊ में विशाल धरना प्रदर्शन किया गया था। इसमें प्रदेश के कोने-कोने से पार्टी कार्यकताओं एवं आमजनता की विशाल उपस्थिति से प्रदेश सरकार को चेतावनी दी गई थी कि सरकार चुनाव पूर्व बिजली बिल माफ करने एवं बिजली की दरों में कमी करने का अपना वायदा पूरा करे। यदि ऐसा नहीं करती है तो पूरे प्रदेश में जनपद स्तर पर आंदोलन होगा। लेकिन तानाशाही सरकार ने आमजनमानस जी आवाज को अनसुनी कर दिया।

### धरने प्रदर्शन में यह रहे शामिल

डॉ. रामलखन चौरसिया, रविन्द्र श्रीवस्तव, आलोक श्रीवास्तव, मोहम्मद जैद, आप यूथ जिलाध्यक्ष विशाल सिंह यादव, महिला जिला महासचिव आलमआरा सिद्दीकी, स्वाती चौरसिया, रेणुका, अकरम, इरफान, इफ्तिखार, दीपक, राहुल, अमित, प्रशांत, देवानंद, रहमान, जावेद, हरीश वर्मा, रमेश भारतीय, संजय वर्मा समेत अन्य रहे।

जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष ज्योति प्रकाश चौबे एवं कादिर ने कहा कि अभी भी समय है प्रदेश सरकार बिजली दरों में कमी करे और बिल माफ करें अन्यथा नगर निगम चुनाव में हर जगह से साफ होने को तैयार रहे।

### डीएम ने छीने एडीएम सिटी के कई अधिकार, लिपिक को क्लिन चिट देने के मामले में कार्रवाई

**प्रयागराज।** परीक्षा माफिया से संलिप्तता के मामले में प्रतियोगी परीक्षाओं का पटल देखने वाले लिपिक लक्ष्मीशंकर यादव को क्लीन चिट देने वाले एडीएम सिटी मदन कुमार के अधिकारों में कटौती की गई है। उनके कई महत्वपूर्ण अधिकार छीनकर सिटी मजिस्ट्रेट को दे दिए गए हैं। लिपिक को भी हटाकर मेजा तहसील भेज दिया गया है।उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की लेखपाल मुख्य परीक्षा-2021 के दौरान चेतना गर्ल इंटर कॉलेज के केंद्र पर नकल के मामले में परीक्षा माफिया के साथ लिपिक की संलिप्तता संबंधी एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार की रिपोर्ट को दबाए जाने का मामला कुछ अफसरों के गले की हड्डी बन सकता है। एडीजी कानून व्यवस्था ने जब डीजीपी की संस्तुति से इस मामले में एडीएम सिटी के लिपिक और उसके सहायक बृजपाल को हटाने के लिए मंडलायुक्त को पत्र लिखा, तब डीएम ने इस मामले की जांच एडीएम सिटी मदन कुमार से कराई थी।एडीएम सिटी ने इस मामले में लिपिक लक्ष्मी शंकर को क्लीन चिट दे दी। एडीएम सिटी की इस रिपोर्ट पर डीएम ने दोबारा मुख्य राजस्व अधिकारी कुंवर पंकज से भी राय मांगी। तब सीआरओ ने भी एडीएम सिटी की जांच रिपोर्ट पर अपनी सहमति जता दी। इसके बाद इस फाइल को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। इस मामले में लिपिक का सहायक बृजपाल फरार है।

# मण्डलायुक्त द्वारा सहायक लेखाकार के विरुद्ध उपाध्यक्ष को जांच के आदेश

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष के रूप में निलम्बित सहायक सम्पत्ति अधीक्षक, प्रया0वि0प्रा0 के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के अन्तर्गत किए जा रहे पत्रावली परीक्षण में मण्डलायुक्त द्वारा अनियमितताएं पायी गयी। इस प्रकरण में पूर्व में एकांकी कुंज आवास योजना, प्रयागराज के अन्तर्गत एक व्यक्ति को भूखण्ड आवंटित किया गया था, जिसकी रजिस्ट्री आवंटन के समय नहीं करायी गयी थी। कई वर्षों के उपरान्त आवंटी द्वारा जब भूखण्ड की रजिस्ट्री हेतु प्राधिकरण के समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया तो संबंधित अधिकारियों द्वारा उस पर ब्याज दर की गणना करते हुए आगणन तैयार किया गया। परन्तु प्राधिकरण द्वारा निर्गत आवंटन पत्र में ब्याज की गणना का कोई उल्लेख नहीं किया गया था। आवंटन पत्र में ब्याज दर का कोई उल्लेख न होने पर भी पत्रावली में 18 प्रतिशत की ब्याज दर से आगणन तैयार किया गया। प्रथम दृष्टया यह कार्य पत्रावली से छेडछाड करते हुए कूटरचित परिलक्षित होता है क्योंकि प्रयागराज विकास प्राधिकरण के आवासीय भूखण्डों/भवनों के नियमावली के नियम-21 के अनुसार आवंटन पत्र में अंकित ब्याज दर के अनुसार आगणन तैयार किए जाने का प्राविधान है। आवंटन पत्र जारी किए जाने की तिथि से 90 दिन के अन्दर भुगतानित हो जाना चाहिए। अतः ब्याज दर की गणना मनमानी तरीके से किए जाने, पत्रावली में छेडछाड करने तथा अन्य अनियमितताएं परिलक्षित होने के दृश्टिगत प्रयागराज विकास प्राधिकरण के संबंधित सहायक लेखाकार आशीश निगम एवं अन्य अधिकारियों के विरुद्ध मण्डलायुक्त द्वारा जांच के निर्देश उपाध्यक्ष, प्रयागराज विकास प्राधिकरण को दिए गए हैं। साथ ही साथ एकाउन्ट सेक्शन में हो रही अनियमितताओं की भी जांच कराने के निर्देश दिए गए हैं।



# कल लगेगा बागेश्वर धाम सरकार का दरबार, प्रशासन रहेगी मुस्तैद

अखंड भारत संदेश

**मेजारोड।** माँ शीतला कृपा महोत्सव के अंतिम व पांचवें दिन 2 फरवरी को धीरेंद्र शास्त्री जी बाबा बागेश्वर धाम सरकार बालाजी का भव्य दरबार लगेगा। बागेश्वर धाम सरकार के दरबार की तैयारी को लेकर डीजीएस परिवार पूरी तन्मयता से लगा हुआ है। डीजीएस परिवार के शुक्ल बंधुओं में जनसेवक इंद्रदेव शुक्ल उर्फ राजू भैया ने बताया कि कुअँर पट्टी के सोनाभवन के पास लगभग एक लाख लोगों के बैठने के लिए व्यवस्था की जा रही है । उन्होंने कहा कि प्रशासन के सहयोग से सुरक्षा व्यवस्था के पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं । सुरक्षा व्यवस्था में भारी पुलिस व पीएसी के जवान तैनात रहेंगे । श्री शुक्ल ने बताया कि बाबा बागेश्वर प्रयागराज से सड़क मार्ग से कुअँरपट्टी के सोनाभवन पहुंचेंगे।

# पीसीएस-जे प्रारंभिक परीक्षा का प्रवेश पत्र किया गया जारी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा सिविल जज (जूनियर डिवीजन) प्रारंभिक परीक्षा- 2022 के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। प्रारंभिक परीक्षा 12 फरवरी को 5 जिलों में आयोजित की जाएगी। 303 पदों के लिए होने वाली इस परीक्षा में लगभग 79 हजार अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है।

गलत उत्तर पर कटेगा नंबर : इनमें अनारक्षित वर्ग के लिए कुल 123 पद, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 81, अनुचित जाति के लिए 63 व अनुसूचित जनजाति के लिए 6 पद हैं। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग यानी ईडब्ल्यूएस के लिए 30 पद आरक्षित हैं। भूतपूर्व सैनिकों के लिए 16 स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के अपात्रित के लिए 6, महिला के एवं दिव्यांगजन के 12 पद शामिल हैं। परीक्षा के लिए 79736 अभ्यर्थियों ने आवेदन किए हैं। प्रारंभिक परीक्षा प्रयागराज, गोरखपुर, कानपुर नगर, आगरा एवं मेरठ के विभिन्न केंद्रों में कराई जाएगी।परीक्षा दो सत्रों में सुबह 9:30 से 11:30 बजे और अपराहन 2:30 से 4:30 बजे तक आयोजित की जाएगी आयोग के परीक्षा नियंत्रक अजय कुमार ने बताया कि प्रश्नपत्र कुल 300 अंकों का होगा। गलत उत्तर के लिए निगेटिव मार्किंग होगी।

परीक्षा केंद्र पर 30 मिनट पहले आना होगा : प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र में दर्ज परीक्षा केंद्र पर नियत तिथि और समय पर आने को कहा गया है। अपने साथ दो फोटो और आईडी प्रूफ की मूल एवं छायाप्रति लेकर आना अनिवार्य है। परीक्षा केंद्र में 30 मिनट पूर्व प्रवेश दिया आएगा और परीक्षा शुरू होने से 10 मिनट पहले प्रवेश बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद परीक्षा केंद्र में किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत माह दिसंबर के सापेक्ष आवंटित खाद्य का निशुल्क वितरण 1 व 3 फरवरी को

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत माह दिसम्बर, 2022 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण को माह फरवरी, 2023 में दिनांक 01.02.2023 से 03.02.2023 तक विस्तारित किया गया है। उक्त विस्तारित वितरण दिवस पर प्रत्येक उचित दर दुकानों पर खाद्यान्न वितरण कराये जाने हेतु दुकानवार नोडल अधिकारियों की ड्यूटी जिलाधिकारी, प्रयागराज के कार्यालय पत्रांक 2631 दिनांक 12.10.2022 द्वारा लगायी गयी है। खाद्यान्न के निःशुल्क वितरण में पोर्टविलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी, विक्रेता अपने उपलब्ध स्टाक की सीमा तक पोर्टविलिटी ट्रान्जेक्शन कर सकेगें। उक्त योजना अन्तर्गत खाद्यान्न वितरण की अन्तिम तिथि दिनांक 03.02.2023 होगी, जिसदिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाइल ओटीपी बेरीफिकेशन के माध्यम से निःशुल्क वितरण सम्पन्न किया जायेगा। उक्त के क्रम में समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि नियमानुसार वितरण दिवसों पर अपनी दुकानों को खोलकर लाभार्थियों के मध्य निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण किया जायेगा।



### जनपद न्यायालय परिसर में अवस्थित दुकानों की नीलामी 24 फरवरी को

**प्रयागराज।** डॉ0 दिनेश चन्द्र शुक्ला, अध्यक्ष नीलामी समिति/ विशेष न्यायाधीश एम0पी0/ एम0एल0ए0, इलाहाबाद ने बताया है कि जनपद न्यायालय परिसर में अवस्थित चाय/ मिठाई की दुकान, फल/जूस की दुकान एवं फोटोस्टेट की दुकानों की नीलामी वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए दिनांक 24.02.2023 को अपरान्ह 04:30 बजे 24 न्याय भवन में प्रथम तल पर अवस्थित विशेष न्यायाधीश, एम0पी0/ एम0एल0ए0 इलाहाबाद के न्याय कक्ष में होगी। इच्छुक व्यक्ति कार्यालय समय में केन्द्रीय नजारत से दुकान नीलामी विवरण एवं नीलामी शर्तें प्राप्त कर सकते है।

## बहुजन बाहुल्य बस्तियों के उच्च प्राथमिक तक के बच्चों को कुशाग्र बनाएगा प्रबुद्ध पाठशाला

**प्रयागराज।** बहुजन समाज के सात से सत्रह आयु वर्ग के बच्चों के सृजनात्मक, कलात्मक और व्यक्तित्व विकास के साथ बहुजन रंगमंच के पुनर्स्थापत्य और उनके शैक्षिक विकास के लिये प्रतिबद्ध प्रबुद्ध फाउंडेशन द्वारा यमुनापार की तहसील बारा के अंतर्गत स्थित थाना घूरपुर की ग्रामसभा दौना में संचालित 'प्रबुद्ध पाठशाला' के लगभग सैकड़ों बच्चों की अंग्रेजी, गणित और विज्ञान विषय मे मजबूती प्रदान कर उन्हें कुशाग्र बनाने के लिये पाठशाला के संयोजक उच्च न्यायालय के अधिवक्ता आईपी रामबृज ने बहुजन समाज के सेवारत और सेवानिवृत्त अधिकारियों/कर्मचारियों से रविवार को क्लास लेने का आह्वान किया है।प्रबुद्ध पाठशाला के संयोजक उच्च न्यायालय के अधिवक्ता रंगकर्मी रंग निर्देशक आईपी रामबृज ने बताया कि भारतीय लोकतंत्र में देश और प्रदेश की सत्ता पर काबिज होती रही चली आ रही सत्ताधारी पार्टियां क्या प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से देश को एक दीमक की तरह भीतर ही भीतर खोखला करती रही चली आ रही जातिवादी व्यवस्था, भेदभाव, छुआछूत, ऊँचनीच, पाखण्ड, कुरीतियो को नष्ट कर क्या भारत को एक विकसित राष्ट्र बना पाये? क्या देश में गरीबी और अमीरी की खाई को कम कर पाए? क्या देश में दोहरी शिक्षा नीति समाप्त कर एकल शिक्षा पद्धति लागू कर पाए ? क्या आज सभी को दो जून की रोटी, तन पर कपड़ा और रहने का मकान मोहैया करा पाए ? क्या ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी की रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिकों को अच्छी शिक्षा, अच्छी चिकित्सा और सम्मानजनक रोजगार दे पाए ? अर्थात देश की सत्ता पर ज्यादातर काबिज होती रही चली आ रही पार्टियों का दोहरा चरित्र हाथी के दो दांत सिद्ध हो रहे है। आज देश के सरकारी सिस्टम को खत्मकर सरकारी संस्थानो को निजी हाथों में बेचकर देश को निजीकरण के दलदल में डुबोना यानि देश को अप्रत्यक्ष रूप से गुलाम बनाने की प्रक्रिया में ले जाना सिद्ध हो रहा है। आईपी रामबृज ने पूछे जाने पर बताया कि भारत जिसे कभी सोने की चिड़िया कहा जाता था। जिस देश मे दूध की गंगा बहती थी क्या उस सम्मान को पुनः वापस दिला पाएंगे।

### पर्यावरण प्रेम की अनोखी मिसाल प्रयागराज में हुई हरित शादी

**प्रयागराज।** पेड़ पौधे है तो , पर्यावरण है ; पर्यावरण है तो हम है और हम है तो हमारे दाम्पत्य के रिश्ते है` पर्यावरण की इसी चिन्ता को लेकर प्रयागराज में एक अनोखी शादी हुई जिसमे वर वधु को दहेज में पौधे गिफ्ट किये गए है` प्रयागराज शहर के केपी कम्युनिटी हाल में यह विवाह सम्पन्न हुआ` उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा में चयनित विक्रांत दिवेदी का विवाह चार्टेड अकाउंट रचना पाण्डेय के साथ तय हुआ था विक्रांत हरियाली गुरु प्रोफेसर एन बी सिंह के स्टूडेंट थे और उन्होंने अपने गुरु प्रोफेसर एन बी सिंह को भी अपने परिणय संस्कार में आमंत्रित किया` पर्यावरण को बचाने के लिए अपने मिशन ग्रीन को लेकर आगे बढ़ रहे प्रोफेसर एन बी सिंह केपी कम्युनिटी में अपने स्टूडेंट विक्रांत के विवाह में शामिल हुए जहां उन्होंने वर वधु को जिन्दगी की नयी शुरूआत पर हरे पौधे तोहफे के तौर पर भेट किये और वर वधू से पौधों की रक्षा का वचन लिया।

# माघ मेला में संतों ने जताई नाराजगी बोले-सपा का पतन नजदीक

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** हिंदुओं के पवित्र ग्रंथ रामायण का अपमान करने वाले समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य को अखिलेश यादव द्वारा महासचिव बनाए जाने से संत-महात्माओं में खासी नाराजगी है। इसी के चलते प्रयागराज के माघ मेले में संतों ने मठ-मंदिरों से सपा नेताओं को बहिष्कृत करने का ऐलान किया है। इसको लेकर व्यापक अभियान भी चलाने का निर्णय लिया गया।श्रीमत परमहंस सेवाश्रम सगरा बाबूगंज के पीठाधीश्वर शिवयोगी मौनी बाबा महाराज का कहना है कि अब सपा के पतन का समय आ गया है। संत समाज ने माघ मेले में ये संकल्प ले लिया है कि आने वाले लोकसभा चुनाव में सपा के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। जो राम का नहीं, वह किसी काम का नहीं। इस थीम पर साधु-संत समाज के लोग माघ मेले में आने वाले हर श्रद्धालु को सपा की करतूत के खिलाफ जागरूक कर रहे हैं।

**सपा के कार्यक्रमों का होगा बहिष्कार :** आने वाले चुनाव में अखिलेश यादव को देश का करोड़ों हिंदू तोड़ जवाब देगा। अखिलेश यादव को इसका बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ेगा। राम के अपमान करने वाले को संत समाज कभी माफ नहीं करेगा। समाजवादी पार्टी के किसी भी कार्यक्रम में कोई साधु संत अब नहीं जाएगा। इसके अलावा मठ-मंदिरों में भी समाजवादी पार्टी के नेताओं के प्रवेश पर रोक लगा दी जाएगी।



**राम का अपमान करने वालों को भुगतना होगा :** अगर सपा नेता राम, रामायण का अपमान करेंगे तो ऐसे नेताओं का मठ और मंदिरों में बहिष्कार किया जाएगा। सपा नेताओं को अपने मठ-मंदिरों में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। सपा नेताओं का भी बहिष्कार किया जाएगा। संगम की रेती पर साधु-संतों ने समाजवादी पार्टी के खिलाफ नारेबाजी भी की। नारे लगा कि यह अपमान नहीं सहेंगे नहीं सहेंगे। राम चरित मानस का अपमान करने वालों का बहिष्कार करेंगे।



# सिर पर घड़ा रखकर ध्यान में लीन हैं तपस्वी साधु

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इन दिनों 200 से ज्यादा साधु खाक चौक के तपस्वीनगर में अग्नि के घेरे में बैठकर धूना तपस्या कर रहे हैं। कुछ संत सिर पर मिट् ?टी के घड़े में अग्नि रखकर जाप कर रहे हैं। ज्येष्ठ माह की शुक्ल पक्ष की दशमी यानी गंगा दशहरा के दिन तपस्या की पूणार्हूति होगी। महंत संतोष बताते हैं कि यह धूना तपस्या प्रतिदिन कम से कम पांच घंटे से लेकर 12 घंटे तक अग्नि के साथ चलती है। उसके बाद साधु अपने अन्य काम करते हैं। माघ मेले में धूना तपस्या का संकल्प लेने वाले साधु सुबह से शाम तक साधना में लीन रहते हैं। गंगा दशहरा पर हवन पूजन पर धूनी को गंगा में विसर्जित करेंगे।

# देश को विकासशील से विकसित बनाने हेतु विचार मंथन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** चार जनपदों चित्रकूट, भदोही, प्रतापगढ़ तथा प्रयागराज के युवा संसद हेतु नोडल जिला प्रयागराज में नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज की ओर से जिला युवा संसद कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम जूम के माध्यम से आयोजित कराई गई। जिसमे प्रयागराज के जिला युवा अधिकारी जागृति पाण्डेय को नोडल प्रभारी बनाया गया। उनके निर्देशन में 3 अलग-अलग विषयों - कौशल विकास, सोशल मीडिया, स्वास्थ्य - युवाओं का एक एजेंडा जैसे विषयों पर बोलते हुए प्रतिभागियों ने अपने-अपने विचार रखे। प्रत्येक जिले के 2-2 विजेता फरवरी 2023 में आयोजित राज्य स्तरीय संसद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे तथा राज्य स्तर के विजेता भारत के संसद भवन दिल्ली में प्रतिभाग करेंगे। चारों जिलों से विजेता चयनित करने हेतु गठित निर्णायक मंडल सदस्य में कमलेश नारायण दुबे, सेवानिवृत्त उपनिदेशक नेहरू युवा केंद्र, डा ० एन बी सिंह, प्रोफेसर, इलाहाबाद यूनिवर्सिटी, बृजेश प्रजापति , संपादक, यूथ कॉर्नर पत्रिका, श्री सौमिक , प्रोफेसर, फाइन आर्ट, इलाहाबाद यूनिवर्सिटी, रविन्द्र सिंह, डायरेक्टर, न्यूरा सियूटिकल लिमिटेड मौजूद रहे। उन्होंने अंक प्रदान करते हुए मेरिट के आधार पर निर्णय दिया। वर्चुअल संसद के जिलेवार विजेता, प्रयागराज के प्रथम निर्मल कांत पांडे और. द्वितीय स्थान पर सत्यम शुक्ला रहे। चित्रकूट से प्रथम भानुजा मिश्रा और द्वितीय दामिनी मिश्रा, प्रतापगढ़ से प्रथम अपूर्वा सिंह और द्वितीय अक्षिता केसरवानी और भदोही से प्रथम गरिमा शुक्ला और द्वितीय रोजी बानो पर रहे। इस कार्यक्रम में प्रयागराज के प्रतिभागी अभिनव पाण्डेय ने कहा कि युवाओं की ऊर्जा से भरे इस देश में सरकार को विभिन्न स्कीमों को कॉलेज , स्कूल स्तर पर कौशल विकास हेतु विभिन्न जागरूकता एवं प्रशिक्षणों हेतु बजट बढ़ाया जाना चाहिए तथा युवाओं को इस से भरपूर लाभ लेते हुए देश को आगे बढ़ाने में भूमिका निभानी चाहिए। वहीं सोशल मीडिया पर युवा संसद में बोलते हुए कोराओं के प्रशांत ने कहा कि सोशल मीडिया के अत्यधिक नकारात्मक इस्तेमाल हेतु सरकार को नीतिगत ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। युवाओं को सोशल मीडिया प्लेटफार्म को अपने कौशल को दिखाने के लिए किया जाना चाहिएं। चित्रकूट से भानुजा मिश्रा का कहना है कि देश को ऐसी कार्ययोजनाओं की की अवश्यकता है जिससे धरातलीय रूप से युवाओं के क्षमताओं का संवर्धन किया जा सके।

भदोही जिले की गरिमा मौर्या के अनुसार देश के युवाओं को अपने कौशल में निरंतर विकास करते रहने की अवश्यकता है जिससे भारत उभरती अर्थव्यवस्था की चुनौतियों का सामना मजबूती से कर सके। ग्रामीण युवाओं पर विशेष केन्द्रण की आवश्यकता है।

### जिला युवा संसद में 4 जनपदों के युवाओं ने रखे अपने विचार



### मुश्किल होगा हावड़ा का सफर, मुंबई मेल, पूर्वा समेत 14 ट्रेनें रहेंगी निरस्त

**प्रयागराज।** अगले कुछ दिन हावड़ा, कोलकाता जाने वाले यात्रियों का सफर मुश्किल भरा होने जा रहा है। पूर्व रेलवे द्वारा वर्धमान रेलवे स्टेशन पर किए जाने वाले तकनीकी कार्य की वजह से प्रयागराज से हावड़ा एवं कोलकाता जाने वाली 14 ट्रेनें रेलवे निरस्त करने जा रहा है। इन सभी ट्रेनों का निरस्तीकरण रेलवे अलग-अलग तिथियों में करने जा रहा है। निरस्त होने वाली प्रमुख ट्रेनों में मुंबई मेल, पूर्वा एक्सप्रेस, क्षिप्रा एक्सप्रेस आदि शामिल है। इन ट्रेनों का निरस्तीकरण एक फरवरी से 13 फरवरी तक अलग-अलग तिथियों में रहेगा।

# नकल माफिया केएल पटेल के कॉलेज को बना दिया परीक्षा केंद्र, उठे सवाल

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिले का हाल देखिए। कुख्यात नकल माफिया केएल पटेल के बहरिया स्थित कॉलेज को ही परीक्षा केंद्र बना दिया गया। वह भी तब जब इस कॉलेज को अपराध से अर्जित संपत्ति के तौर पर चिह्नित करते हुए कुर्की की कार्रवाई के लिए डीएम के पास रिपोर्ट भी भेजी जा चुकी है। पुलिस जहां सूचित करने का दावा कर रही है, वहीं राज्य विश्वविद्यालय प्रशासन कोई जानकारी न मिलने की बात कर रहा है।बहरिया के कप्सा निवासी केएल पटेल कुख्यात नकल माफिया है। 69 हजार परिषदीय शिक्षक भर्ती के अलावा उसने रेलवे समेत कई बड़ी प्रतियोगी परीक्षाओं में सेंधमारी की। उस पर गैंगस्टर की भी कार्रवाई हुई है, जिनमें उसकी अपराध से अर्जित संपत्तियों पर कार्रवाई की जा रही है।इसी क्रम में सोरांव में दर्ज गैंगस्टर के मुकदमे की विवेचना कर रहे मऊआइमा इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने करीब 1.5 महीने पहले उसकी दो संपत्तियों को चिह्नित किया। इनमें से एक बहरिया के मुबारकपुर स्थित चंद्रकली महाविद्यालय है जबकि दूसरा होलागढ़ स्थित नंदलाल सिंह कॉलेज है। दोनों कॉलेजों को गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत कुर्क किए जाने की अनुमति के लिए डीएम के पास रिपोर्ट भेजी जा चुकी है। उधर पता चला है कि कुर्की की कार्रवाई के लिए चिह्नित चंद्रकली महाविद्यालय को राज्य विश्वविद्यालय की ओर से परीक्षा केंद्र बनाया गया है। साथ ही यहां परीक्षाएं भी हो रही हैं। इसे लेकर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। इस बारे में मऊआइमा इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि कॉलेज को डिबार करने के लिए राज्य विवि को रिपोर्ट भेजकर सूचना दे दी गई है। उधर, राज्य विश्वविद्यालय की ओर से ऐसी कोई रिपोर्ट मिलने से इंकार किया गया। दोनों कॉलेजों को कुर्क करने के लिए रिपोर्ट भेजकर अनुमति मांगी गई है। चंद्रकली महाविद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाए जाने की जानकारी मिलने पर राज्य विवि को रिपोर्ट भेजकर सूचित किया गया है। - चिराग जैन, एसीपी मऊआइमा चंद्रकली महाविद्यालय का परीक्षा केंद्र निरस्त करने या मान्यता समाप्त करने संबंधी कोई आधिकारिक रिपोर्ट अभी तक प्राप्त नहीं हुई है। इससे पहले दो कॉलेजों के बारे रिपोर्ट मिली थी, जिस पर कार्रवाई की जा चुकी है। वहां के परीक्षार्थियों को दूसरे केंद्रों पर शिफ्ट कराया जा चुका है।

**- प्रो. अखिलेश कुमार सिंह, कुलपति, प्रो. राजेंद्र सिंह रज्जू भइया राज्य विवि**

**नकल माफिया समेत 20 पर लगा है गैंगस्टर :** अंतरराज्यीय नकल माफिया केएल पटेल समेत 20 लोगों पर 2020 में गैंगस्टर की कार्रवाई की गई थी। सोरांव थाने में दर्ज इस मुकदमे में 69 हजार शिक्षक भर्ती में धांधली करने वाले उसके सभी सहयोगी भी नामजद हैं। उधर गैंगस्टर के एक अन्य मामले में केएल पटेल के मम्फोर्डगंज स्थित करोड़ों के मकान को पिछले दिनों कुर्क किया जा चुका है।

# खराब प्रगति पर प्रभारी चिकित्साधिकारी पट्टी एवं लालगंज को कारण बताओ नोटिस

अखंड भारत संदेश

## स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन की डीएम ने की समीक्षा



समीक्षा बैठक में बोलते जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल।

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने बैठक में स्वास्थ्य कार्यो की बिन्दुवार समीक्षा करते हुये सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों व अन्य सम्बन्धित को निर्देश दिया गया कि प्रगति के आंकड़ों को पोर्टल पर समय से अंकित करें इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाये। आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत गोल्डेन कार्ड निर्माण की समीक्षा में पट्टी व लालगंज की प्रगति खराब पायी गयी जिस पर जिलाधिकारी ने प्रभारी चिकित्साधिकारी पट्टी एवं लालगंज को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया।

इसके अतिरिक्त गोल्डेन कार्ड बनाने में बाबागंज, बाबा बेलखरनाथ धाम एवं कालाकांकर की प्रगति खराब पायी गयी जिस पर प्रभारी चिकित्साधिकारी बाबागंज, बाबा बेलखरनाथधाम एवं कालाकांकर को सचेत किया गया कि प्रगति में सुधार लाये अन्यथा कार्यवाही की जायेगी। आरसीएच पोर्टल पर गौरा की फीडिंग खराबी पायी गयी जिस पर जिलाधिकारी ने प्रभारी चिकित्साधिकारी गौरा को फटकार लगाते हुये फीडिंग के कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया।

कोविड वैक्शीनेशन के फीडिंग कार्य में बिहार की प्रगति धीमी पायी गयी जिस पर प्रभारी चिकित्साधिकारी बिहार को फटकार लगायी गयी और निर्देशित किया गया कि फीडिंग के कार्य में तेजी लाये। विशेष टीकाकरण अभियान की समीक्षा में सण्ड़वा चन्द्रिका की प्रगति ठीक नही पायी गयी जिस पर प्रभारी चिकित्साधिकारी सण्ड़वा चन्द्रिका के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। स्वास्थ्य कार्यो में आर0बी0एस0के0 टीम का कोई प्रोग्रेस न होने पर मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि आर0बी0एस0के0 के कार्य में प्रगति में सुधार लाये। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जननी सुरक्षा योजना का संचालन पूर्ण गुणवत्ता और मानक के अनुरूप करें और जननी सुरक्षा योजना का भुगतान शत प्रतिशत किया जाये, जिन जिन स्वास्थ्य केन्द्रों पर जननी सुरक्षा योजना का भुगतान पेन्डिंग है उसका तत्काल निस्तारण करवाते हुये भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 जीएम शुक्ला, मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा0 सलिल श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र, डीपीएम राजशेखर सहित सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## रामचरितमानस पर सवाल उठाना घृणित मानसिकता का परिचायकः डॉ० सिंह

### करोड़ों हिन्दुओं की आस्था पर कर रहे कुठाराघात

अखंड भारत संदेश



डा0 धर्मेन्द्र प्रताप सिंह।

**प्रतापगढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ० धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि कुछ लोग सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए रामचरितमानस पर सवाल उठाकर करोडो हिन्दुओ की आस्था पर कुठाराघात कर रहे हैं और अपनी घृणित मानसिकता से समाज में विद्वेष फैलाने का कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि रामचरितमानस में महाकवि तुलसीदास द्वारा वर्णित वनवास के समय भगवान श्रीराम द्वारा माता शबरी भीलिनी के आतिथ्य को स्वीकार करते हुए जूठे बेर खाये गए। जो आदिवासी सम्प्रदाय से सम्बन्ध रखती थीं। निषादराज, श्री राम जी के अनन्य मित्रों में थे। श्री रामचरितमानस में श्री रामजी द्वारा सामाजिक समरसता का जो उदाहरण प्रस्तुत किया गया वह अतुलनीय है। गिद्ध राज जटायु की सेवा व अन्तिम संस्कार करना।

पशु पक्षियों के प्रति प्रेम भाव प्रकट करना यह समाज को एक नई दिशा प्रदान करता है। ऐसे लोगों को इन सबसे सीख लेनी चाहिए और समाज को बाँटने का कार्य बन्द करना चाहिए। इस अवसर पर जिला प्रमुख डॉ ब्रम्हानंद प्रताप सिंह, नगर अध्यक्ष डॉ अवधेश शर्मा, जिला कोशाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# सुचिता पूर्ण परीक्षा देख कुलपति हुए गदगद, ठोकी प्राचार्य की पीठ

अखंड भारत संदेश



परीक्षा कक्ष का निरीक्षण करते कुलपति प्रो0 अखिलेश कुमार सिंह।

**प्रतापगढ़।** हेमवती नंदन बहुगुणा पी जी कालेज लालगंज प्रतापगढ़ में प्रोफेसर राजेन्द्र सिंह रज्जू भैया द्वारा आयोजित परीक्षा बी ए तीन तक सेमेस्टर द्वितीय पाली में औचक निरीक्षण कुलपति प्रो0 अखिलेष कुमार सिंह द्वारा किया गया। बारी बारी से हर कमरों की तलाशी कराई, किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी नही मिली।

प्रोफेसर शैलेन्द्र कुमार मिश्र के कार्य एवं सुचिता पूर्ण परीक्षा को देखकर बी सी ने प्राचार्य की पीठ थपथपाई और कहा कि नकल बिहीन परीक्षा कराना मेरा उद्देश्य है जिसमे आप पूर्ण सहभागिता निभा रहे हैं। कालेज उड़ाका दल की सक्रियता के चलते केंद्र पर परीक्षा देने वाले छात्र बिल्कुल सजग हो उठे हैं। इस केन्द्र पर बी ए, एम ए, एल एल बी, साइंस की परीक्षा संम्पन हो रही हैं। आज दोनों पालियों में 289 उपस्थित, 12 अनुपस्थित, सरस्वती पी जी कालेज लालगंज 1110 उपस्थित, 140 अनुपस्थित छात्रों ने परीक्षा दी। उक्त सूचना कालेज जनसूचनाधिकारी डॉ फणीन्द्र नारायण मिश्र ने दी।



रानीगंज विधायक का पुतला फूंकते भाजयुमो पदाधिकारी।

## रानीगंज विधायक का भाजयुमो ने फूंका पुतला, जताया विरोध

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रतापगढ़ द्वारा जिलाध्यक्ष अंशुमान सिंह के नेतृत्व में रानीगंज विधानसभा के विधायक आरके वर्मा द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से श्रीरामचरितमानस के प्रति दिए गए घृणित बयान के विधायक आर.के. वर्मा की सांकेतिक शव यात्रा तथा शव दहन किया गया। आर. के. वर्मा द्वारा दिया गया बयान तथा इससे पहले सपा के ही नेता स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा श्रीरामचरितमानस के प्रति जो विचार व्यक्त किया जा रहा है यही नेताओं के कुंठित मानसिकता को दशार्ता है। इस अवसर पर मदन पाल, महावीर पाल, शुभम पटेल, अंकुर मौर्या, निर्भय, राहुल केशरवानी, रविंदर पटेल नगर पटेल अर्पित नीतीश रोहित विक्रम सुनील सरोज आदि मौजूद रहे।

# स्वामी करपात्री जी की जन्मस्थली से बागेश्वर धाम के समर्थन में निकली शोभा यात्रा

अखंड भारत संदेश

## पहले किया गया सुंदरकाण्ड का पाठ व हवन



शोभा यात्रा में मौजूद शिष्यगण व पुलिस बल।

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मंगलवार को बागेश्वर धाम के भक्तो ने उनके समर्थन में भव्य शोभा यात्रा निकाली। उसके बाद हनुमान मंदिर में सुंदरकाण्ड का पाठ व हवन किया। क्षेत्र स्थिति स्वामी करपात्री जी की जन्म स्थली भटनी में प्राचीन गौरीशंकर मंदिर में श्री बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री के समर्थन में मंगलवार को उनके हजारों शिष्यों द्वारा गाजे-बजे के साथ शोभा यात्रा निकाली गई।

भक्तगण भक्ति गीतों पर झूमते हुए शोभा यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ की। उसके बाद पूरे क्षेत्र में भगवा झंडे व श्रीराम के नारे के साथ भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचे। जहां लोगो ने संगीतमयी सुंदरकांड का पाठ व हवन-पूजन किया।इसके बाद मौजूद लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान बागेश्वर धाम के भक्तो ने कहा की सनातन धर्म पर किसी भी प्रकार की टिप्पणी को बर्दास्त नही किया जाएगा। वहीं तहसील प्रशासन भी शोभा यात्रा को लेकर पहले से ही सावधान दिखाई दिया। प्रभारी कोतवाल कमलेश पाल के साथ ही रानीगंज कैथौला चौकी इंचार्ज निकेत भारद्वाज भी मय पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। इस मौके पर अशोक सिंह, सुरेंद्र तिवारी सागर, प्रमोद सिंह, सूबेदार सिंह दद्दू, नितिन सिंह, राजू केसरवानी, उमेश सिंह, अनुराग तिवारी समेत हजारों की संख्या में बागेश्वर भक्त मौजूद रहे।

## राशन वितरण में कोटेदार पर धांधली का आरोप, हुआ विरोध प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राशन वितरण मे कोटेदार पर धांधली का आरोप लगाते हुए ग्रामीणो ने मंगलवार को सरकारी खाद्यान्न की दुकान के सामने विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों को दुकान के सामने हंगामा देख गांव के कुछ लोगो ने इसकी सूचना तहसील मे अफसरो को दी। पूर्ति निरीक्षक ने कोटेदार को फोन पर फटकार लगायी तो उसने वितरण कार्य शुरू किया। सांगीपुर के सरूआ ग्राम सभा में राशन वितरण को लेकर मंगलवार को ग्रामीणों मे आक्रोश पनप उठा। ग्रामीणों का आरोप है कि कोटेदार जुगुल किशोर ग्रामीणो का निशानी अंगूठा लगवाने के बाद राशन न देकर दुकान बंद कर कही चला गया। इस पर ग्रामीण दुकान के सामने ही धरना प्रदर्शन व हंगामा करने लगे। शिकायतकर्ताओं ने इसकी जानकारी फोन पर एसडीएम को दी। एसडीएम ने पूर्ति निरीक्षक को फटकार लगायी तो पूर्ति निरीक्षक के फोन पर कोटेदार दुकान पहुंचा और कुछ ग्रामीणों को राशन दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि कोटेदार मिलीभगत कर सरकारी राशन को गडप किया करता है। विरोध प्रदर्शन करने वालो मे क्षेत्र पंचायत सदस्य रामचंद्र वर्मा, राजेन्द्र कुमार, ओमप्रकाश शर्मा, सुधीर यादव, अशोक वर्मा, शिवम गुप्ता, प्रवेश पाल, मनीष आदि रहे।

# पत्रकार पुत्र की हत्या की हो सीबीआई जांच

अखंड भारत संदेश

## जनसत्ता दल ने उठाई निष्पक्ष जांच की मांग



पत्रकारवार्ता में बोलते विधायक विनोद सरोज व केएन ओझा।

**प्रतापगढ़।** जनसत्ता दल के प्रदेष अध्यक्ष एवं विधायक बाबागंज विनोद सरोज तथा महामंत्री एवं पूर्व जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष डा0 केएन ओझा ने मंगलवार को एक पत्रकारवार्ता में कहा कि बाघराय थाना क्षेत्र के रोर गांव के निवासी पत्रकार उमेष पाण्डेय के पुत्र विषाल पाण्डेय की हत्या के मामले में दोषियों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है और सत्ता दल तथा अन्य कुछ नेताओं ने साजिष कर दोषियों को बचाने के लिये जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा भइया पर अनर्गल आरोप लगाकर उन्हें बदनाम करने की कोषिष की जा रही है। ऐसी दषा में राजा भइया और उनकी पूरी टीम ने घटना की सीबीआई जांच की मांग की है। डा0 केएन ओझा ने बताया कि जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा भइया सहित पूरी पार्टी इस घटना से दुखी है। उमेष पाण्डेय का पुत्र विषाल पाण्डेय कोटा में तैयारी कर रहा था। उसके निधन से उसके परिवार पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। इससे हम सभी दुखी हैं लेकिन कुछ राजनैतिक लोग दोषियों को बचाने के लिये गंदा खेल खेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीबीआई जांच से ही घटना का सही पदार्फाष हो पाएगा। पत्रकारवार्ता में जनसत्ता दल के जिलाध्यक्ष राम अचल वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष माधुरी पटेल के पति कुलदीप पटेल, पूर्व ब्लाक प्रमुख विवेक त्रिपाठी, एमएलएसी गोपाल के मीडिया प्रभारी मुक्कू ओझा सहित कई अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## आधा दर्जन के खिलाफ बलवा समेत गंभीर धाराओं मे केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने घर मे घुसकर मारपीट तथा जानलेवा धमकी को लेकर आधा दर्जन आरोपियो के खिलाफ सोमवार की रात बलवा समेत गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के बेलहा गंभीराबाद निवासी स्व. शिवशंकर शुक्ल की पुत्री मोहिनी शुक्ला ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि सोमवार को सुबह आठ बजे विपक्षियो ने उसके दरवाजे पर आकर जानलेवा हमला बोल दिया। विपक्षी गांव के विद्याधर शुक्ल, अतुल तथा अवशेष पुत्रगण कृष्णदत्त, राकेश पुत्र राधेश्याम तथा दिनेश की पत्नी सुमन व विद्याधर की पत्नी खुशी पुरानी रंजिश को लेकर गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियो ने मारपीट शुरू कर दी। जान बचाने के लिए पीडिता व परिवार के सदस्य घर मे घुस गये तो आरोपियो ने घर मे भी धावा बोलकर लाठी डंडे से मारपीट की। शोर मचाने पर आरोपियो ने कुर्सी समेत गृहस्थी के सामान तोडकर नष्ट कर दिये। आरोपी लोगों को जुटता देख जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने विद्याधर समेत आधा दर्जन के खिलाफ मारपीट तथा धमकी व तोडफोड समेत गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है।

# खंडित मूर्ति का गंगा में विधि विधान के साथ हुआ विसर्जन

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** सिद्ध पीठ मां ज्वालामुखी देवी धाम मानिकपुर में स्थापित मां ज्वाला देबी की खंडित मूर्ति की जगह पुनर्स्थापना के बाद खंडित मूर्ति का सोमवार को मां ज्वाला मुखी देवी मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में मंदिर ट्रस्ट सचिव डॉ विजय यादव व पुजारी गंगा प्रसाद शुक्ला की अगुवाई में शाहाबाद घाट स्थित पतित पावनी मोक्षदायिनी मां गंगा की निर्मल व अविरल धारा में विधि विधान पूर्वक विसर्जन किया गया।

बीते शुक्रवार को मां ज्वाला देवी की नई मूर्ति की स्थापना की गई थी। मूर्ति विसर्जन के समय ट्रस्ट सदस्य यजमान फूलचंद यादव, अनिल मौर्या, त्रिभुवन नाथ यादव, बब्बू यादव, राजकुमार यादव, दुर्गा प्रसाद यादव, सतीश मौर्य, डीके सोनकर समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। उधर सिद्ध पीठ मां ज्वालामुखी देवी धाम मानिकपुर में मां ज्वाला देबी की नई मूर्ति की स्थापना के उपलक्ष्य में मंदिर ट्रस्ट की तरफ से विशाल भंडारा का आयोजन किया गया।

## मां के भंडारे में शामिल हुए राजा भइया, उमड़ा जनसैलाब

जहां ब्राह्मण भोजन की व्यवस्था अलग तथा अन्य श्रद्धालु भक्तों के लिए मंदिर ट्रस्ट की तरफ से अलग व्यवस्था की गई थी। जहां पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने भंडारे में महाप्रसाद ग्रहण किया। भंडारा 3 बजे शुरू हुआ जो देर शाम तक अनवरत चलता रहा। भंडारे में मंदिर ट्रस्ट सचिव डॉ विजय यादव, अनिल मौर्य, फूलचंद यादव, त्रिभुवन नाथ यादव समेत कमेटी के सदस्यगण संचालन व्यवस्था में डटे रहे। उधर धार्मिक नगरी मानिकपुर में सिद्ध पीठ मां ज्वालामुखी देवी धाम में माता रानी की खंडित मूर्ति की जगह पुनर्स्थापना व भंडारे के उपलक्ष्य में सोमवार को पूर्व मंत्री एवं कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया ने मंदिर ट्रस्ट के आमंत्रण पर पहुंचकर माता रानी का पूजन अर्चन किया और मंदिर ट्रस्ट कमेटी सचिव डॉ विजय यादव ने अपने पदाधिकारियों के साथ राजा भैया का स्वागत किया।

## आबादी की जमीन पर कब्जे की शिकायत

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पुश्तैनी आबादी की जमीन पर विपक्षियों द्वारा कब्जा किए जाने तथा मारपीट पर उतारू हो जाने से परेशान पीड़ित ने पट्टी कोतवाली में आरोपी के विरुद्ध शिकायत पत्र दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के भोपालपुर गांव का रहने वाला राम बहादुर पुत्र रामदुलार ने पट्टी कोतवाली में एक शिकायती पत्र देकर बताया कि उसके गांव का ही रहने वाला उसका विपक्षी उसके पुश्तैनी जमीन पर जबरन कब्जा कर रहा है।

## सेवानिवृत्त राजस्व निरीक्षकों का हुआ सम्मान, कार्य संस्कृति की सराहना

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय तहसील सभागार मे मंगलवार को सेवानिवृत्त राजस्व निरीक्षको का लेखपाल संघ द्वारा सारस्वत सम्मान किया गया। तहसील मे तैनात रहे अशोक कुमार मौर्य तथा श्रीप्रकाश पाण्डेय सेवानिवृत्त हुए हैं। लेखपाल संघ द्वारा सभागार में आयोजित कार्यक्रम में तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह व लेखपाल संघ के अध्यक्ष रामचंद्र त्रिपाठी समेत पदाधिकारियों ने अशोक कुमार मौर्या तथा श्रीप्रकाश पाण्डेय को अंगवस्त्रम, मां सरस्वती का चित्र तथा भगवान शिव की प्रतिमा एवं धार्मिक पुस्तक प्रदान करते हुए माल्यार्पण कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्रशासनिक सेवा में कार्य संस्कृति सदैव जनापेक्षी होना चाहिए। उन्होनें सेवानिवृत्त दोनो राजस्व निरीक्षको श्रीप्रकाश पाण्डेय तथा अशोक कुमार मौर्य के कर्तव्य पालन की सराहना की। संचालन करते हुए लेखपाल संघ अध्यक्ष रामचंद्र त्रिपाठी ने सेवानिवृत्त सहयोगियों की कार्यशैली व उनके अनुभव को प्रेरणास्पद ठहराया। कार्यक्रम में नायब तहसीलदार नवल किशोर तथा नायब तहसीलदार श्रीराम कुशवाहा ने भी प्रशासनिक सेवा के उददेश्यो पर प्रकाश डाला।

अधिवक्ताओं की ओर से रूरल बार के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने भी सेवानिवृत्त राजस्वकर्मियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मान समारोह का संयोजन संघ के मंत्री मो. अकरम ने किया। कार्यक्रम में समाजसेवी गुडडू पाण्डेय, मो. रईस, उदयराज शुक्ल, प्रदीप सिंह ने विचार रखते हुए सेवानिवृत्त सहयोगियों की कार्यशैली को अनुकरणीय ठहराया। इस मौके पर रामबिहारी मिश्र, कल्पनाथ तिवारी, शिवम सिंह, राकेशकांत मिश्र, अधिवक्ता घनश्याम मिश्र, सुरेश मिश्र मदन, ललित गौड, सभासद सोनू शुक्ल आदि रहे।

# सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा मे सफलता का परचम लहराने वाले मेधावी हुए सम्मानित, खिले चेहरे

अखंड भारत संदेश

## विद्या एजूकेशन इंस्टीटयूट में हुए सम्मान समारोह में मेधावियों का हुआ उत्साहवर्धन

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर स्थित विद्या एजूकेशन इंस्टीटयूट में मंगलवार को सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा मे चयनित मेधावियो को समारोहपूर्वक सम्मानित किया गया। विद्यालय सभागार मे आयोजित सम्मान समारोह का शुभारंभ चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व प्रबंधक विमलेश मिश्र ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

कार्यक्रम मे चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में चयनित हुए विद्यालय के मेधावी प्रीती तिवारी, श्लोक तिवारी, रूद्र त्रिपाठी, दिव्यांश मिश्र व हर्ष पाठक को शाल तथा मोमेण्टो व ज्ञानवर्धक पुस्तकें प्रदान करते हुए माल्यार्पण कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने कहा कि सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में पांच मेधावियो का चयन लालगंज नगर की उच्च शिक्षा की देन है। ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि भारतीय मेधा के ज्ञान व प्रतिभा से देश दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा को चार चांद लग रहा है।

प्रबंधक विमलेश मिश्र ने विद्यालय की शैक्षिक प्रगति आख्या प्रस्तुत की। समाजसेवी छोटे लाल सरोज, अधिवक्ता संतोष पाण्डेय, ने भी विचार व्यक्त करते हुए इस सफलता को बड़ी उपलब्धि ठहराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्या सरोज त्रिपाठी व संचालन उप प्रधानाचार्य ललित त्रिपाठी ने किया। विद्यालय की शिक्षिका पूजा जायसवाल, विनय त्रिपाठी, रेनू शुक्ला, अभिनव मिश्र के संयोजन में छात्र छात्राओं ने शिक्षाप्रद कार्यक्रमों की भी मनोहारी प्रस्तुतियां दी। शिक्षक महेन्द्र दुबे ने आभार जताया। वहीं सगरा सुंदरपुर स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इण्टर कालेज मे भी उत्तर प्रदेश सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में विद्यालय की कक्षा आठ की छात्रा अमृता मोदनवाल के चयन पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अभिवावको तथा शिक्षको ने छात्रा की उपलब्धि को विद्यालय के लिए स्वर्णिम अवसर कहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य उमाशंकर मिश्र ने छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए निरंतर मेहनत किए जाने का गुरूमंत्र दिया। इस मौके पर बालेन्दु कुमार ओझा, आशुतोष सिंह, इंद्र नारायण पाण्डेय, सुरेश नारायण मिश्र, बृजेश तिवारी, वीर नारायण तिवारी, अजय त्रिपाठी व कमलेश पाण्डेय आदि रहे।

## खबर संक्षेप

### कृषि यंत्रों की बुकिंग पर हो रही 500 की वसूली

**कौशांबी।** जिला कृषि अधिकारी कार्यालय के नाक के नीचे कृषि यंत्रों की बुकिंग के नाम पर बेखौफ तरीके से 500 रुपए की वसूली हो रही है कृषि यंत्रों का लाभ पाने के लालायित किसान वसूली करने वाले की मांग को पूरी करने को विवश है कृषि यंत्र पाने के लिए किसानों को ऑनलाइन पंजीकरण कराना है और कृषि विभाग के बाहर लगी एक गोमती में बैठे व्यक्ति द्वारा कृषि यंत्रों की बुकिंग करने के लिए पहुंचे किसानों से 500 रुपए की खुलेआम वसूली की जा रही है अब सवाल उठता है कि जिला कृषि अधिकारी कार्यालय के नाक के नीचे बेखौफ तरीके से पूरे दिन वसूली के मामले की भनक अभी तक जिला कृषि अधिकारी और उनके जिम्मेदार कर्मचारियों को को नहीं लगी है बगल में उपनिदेशक कृषि का भी कार्यालय है लेकिन अभी तक अवैध वसूली की जानकारी उपनिदेशक को भी नहीं लग सकी है जिससे विभाग के अधिकारियों की उदासीनता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

# जिला पर्यावरणीय समिति, गंगा समिति एवं वन बन्दोबस्त समिति की डीएम ने की बैठक


बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी


बैठक में उपस्थित विभिन्न विभाग के अधिकारी

**गंगा पर्यटन के दृष्टिगत प्रतिदिन गंगा आरती, गंगा महोत्सव, नये घाटों का निर्माण, नौकायन एवं पुराने घाटां का जीर्णोद्धार आदि कार्य कराये जाने के लिए विस्तृत प्रस्ताव बनाने के निर्देश**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा उदयन सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ जिला पर्यावरणीय समिति, गंगा समिति एवं वन बन्दोबस्त समिति की मासिक बैठक की गई।बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा पौधारोपण वर्ष-2023-2024 के तहत वन विभाग को 08 लाख पौधारोपण के लक्ष्य प्राप्त हुए हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने वृक्षारोपण के लिए समय से भूमि चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें। प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि 02 फरवरी 2023 को वेटलैण्ड दिवस मनाया जायेंगा तथा गांगेय डाल्फिन के संरक्षण के सम्बन्ध में जनजागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया जायेंगा। जिलाधिकारी ने गंगा समिति को गंगा पर्यटन के दृष्टिगत प्रतिदिन गंगा आरती, गंगा महोत्सव, नये घाटों का निर्माण, नौकायन एवं पुराने घाटों का जीर्णोद्धार आदि कार्य कराये जाने के लिए विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर उपलब्ध कराने क निर्देश दियें। उन्होंने ई0ओ0 दारानगर-कड़ाधाम को गंगा नदी में गिर रहें नालों का चिन्हीकरण कर उसका फाईटोरिमेडिएशन विधि द्वारा शोधन किये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें। उन्होंने गंगा समिति से कहा कि गंगा नदी के किनारे पर्यटन के दृष्टिगत क्या-क्या कार्य किये जा सकतें हैं, इसकी भी विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर उपलब्ध करायी जाय। उन्होंने सभी ई0ओ0 से कहा कि एआरटीओ से समन्वय कर स्कूल एवं हास्पिटल के बाहर साइलेंस जोन की स्थापना एवं गति सीमा आदि साइनेज बोर्ड लगवाने के निर्देश दियें। उन्होंने गंगा आरती को भव्य तरीके से आयोजित कराने के भी निर्देश दियें। उन्होंने जनपद में ई-वेस्ट कलेक्शन सेन्टर स्थापित करने के लिए उ0प्र0 प्रदूषण नियन्त्रण के अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें इस अवसर पर सम्बन्धित अधिकारीगण सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहें।

### जेवर नगदी लेकर प्रेमी के साथ बालिका हुई फरार

**बेरूवा कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के हथिया भीट गांव की 18 वर्षीय एक बालिका अपने घर से जेवर नगदी लेकर के 30 जनवरी की दोपहर अमनी लोकीपुर गांव निवासी भोंदल के साथ फरार हो गई है बालिका के फरार हो जाने के बाद उसके भाई दिलीप पासी ने युवक के मोबाइल नंबर पर फोन करके बालिका के बारे में जानकारी ली तो युवक ने गाली गलौज कर बालिका के भाई को जान से मारने की धमकी दी है बालिका के भाई ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बालिका को बरामद कराए जाने और आरोपी युवक पर कार्यवाही की मांग की है।

### रोजगार मेले का आयोजन 03 फरवरी को

**कौशाम्बी।** जिला सेवा योजन कार्यालय, राजकीय आई0टी0आई0 एवं कौषल विकास मिषन के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 03 फरवरी 2023 को राजकीय आई0टी0आई0 सिराथू के परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी जिला सेवा योजना अधिकारी ने देते हुए बताया कि इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर चयन की कार्यवाही की जायेगी।

# पिता कर रहा सनातन धर्म का अपमान भाजपा में सुशोभित हो रही बेटी

**स्वामी प्रसाद मौर्य की बेटी संघमित्रा मौर्य भारतीय जनता पार्टी से बदायूं की हैं सांसद**

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व कबीना मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य इन दिनों सनातन धर्म का अपमान करने पर तुले हैं गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित रामचरित मानस की चौपाई पर उन्होंने अभद्र टिप्पणी करके पूरे सनातन धर्म का अपमान किया है पूर्व काबीना मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के बयान के बाद रामचरितमानस की प्रतियां जलाई जा रही हैं जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है हालांकि रामचरितमानस की प्रतियां जलाए जाने के बाद सरकार ने मामले को गंभीरता से लिया है और कई लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करा कर गिरफ्तारी भी करा ली है लेकिन सवाल उठता है कि स्वामी प्रसाद मौर्य की बेटी संघमित्रा मौर्य भारतीय जनता पार्टी से बदायूं की सांसद हैं पिता के समाज विरोधी बयान दिए जाने के बाद अभी तक भाजपा ने सांसद संघमित्रा मौर्य पर कार्यवाही नहीं की है आखिर जिस व्यक्ति ने पूरे सनातन धर्म का अपमान किया हो उसकी बेटी को भाजपा में रहने का क्या अधिकार है। हिंदू संगठन के लोगों ने केंद्र की मोदी सरकार से मांग की है कि सनातन धर्म का अपमान करने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य की बेटी संघमित्रा मौर्य सांसद को पार्टी से बर्खास्त कर कठोर कार्यवाही की जाए और स्वामी प्रसाद मौर्य पर भी मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी कराई जाए इस संबंध में भाजपा नेता वेद प्रकाश पांडे से बात की गई तो उन्होंने कहा कि सनातन धर्म का अपमान करने का अधिकार स्वामी प्रसाद मौर्या को नहीं है उन्होंने कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्या जो कह रहे हैं वह हिंदुओं को बांटने की साजिश है और ऐसे लोगों की जुबान काट देना चाहिए।

# 5 फरवरी तक नहीं पूरी हुई मांग तो 7 फरवरी को होगा धरना प्रदर्शन

**महंगे खाद बीज पानी से किसानों की हालत बेहद दयनीय आवारा पशु किसानों की फसल कर रहे हैं चौपट, राष्ट्रीय लोकदल के पदाधिकारियों ने धरना प्रदर्शन कर डी एम को सौंपा ज्ञापन**

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** राष्ट्रीय लोक दल के पूर्व जिला अध्यक्ष इमरान हैदर रिजवी के नेतृत्व में पार्टी नेता कार्यकर्ता जनपद मुख्यालय मंझनपुर पहुँचे और प्रदर्शन करते हुए जिला अधिकारी कार्यालय में 3 सूत्री मांग पत्र सौंपा है इस मौके पर राष्ट्रीय लोक दल के पूर्व जिला अध्यक्ष किसान संदेश अभियान के प्रभारी इमरान हैदर रिजवी ने कहा कि यदि किसानों की तीन मांगों को 5 फरवरी तक उत्तर प्रदेश की योगी सरकार नहीं मान लेती है तो 7 फरवरी से किसान धरना प्रदर्शन आंदोलन करने के लिए मजबूर होगा। इमरान हैदर रिजवी ने कहा कि किसान संदेश अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के निर्देश पर 28 दिसंबर से लगातार किसान आंदोलन कर रहा है उन्होंने कहा कि इसके पहले भी 21 जनवरी को डाकघर के माध्यम से उत्तर प्रदेश की योगी सरकार को किसान की समस्याओं का पत्र भेजा जा चुका है लेकिन समस्याओं का समाधान अभी तक सरकार ने नहीं किया है इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए इमरान हैदर रिजवी ने कहा कि महंगे खाद बीज पानी से किसानों की हालत बेहद दयनीय है आवारा पशु किसानों की फसल चौपट कर रहे हैं आवारा पशुओं पर सरकार रोक नहीं लगा रही है जिससे किसानों की स्थिति दयनीय है गन्ने का मूल्य सरकार घोषित नहीं कर रही है गन्ने का बकाया भुगतान भी सरकार नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में अपराध भ्रष्टाचार चरम पर है महंगाई बेकाबू है रोजगार के अवसर ना होने से युवकों को रोजगार नहीं मिल रहा है लेकिन सरकार उनकी ओर ध्यान नहीं दे रही है इस दौरान अशरफ हुसैन नजमुल हसन भीम सरोज राजेश सिंह राम प्रकाश इंद्र प्रकाश शेख अब्दुल अली मोहम्मद चमन मोहर्रम अली गौस खान गुलाम सिप्टैंन बृजभान वासुदेव अब्दुल कबी फहीम खान जगलाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।


ज्ञापन सौपते राष्ट्रीय लोकदल नेता इमरान हैदर रिजवी

# 2 महीने बीते गायब बालिका का सुराग नहीं लगा सकी पुलिस!

**कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के मुकीमपुर गांव से 23 नवंबर को 9:00 बजे दिन में स्कूल पढ़ने जाने वाली एक बालिका स्कूल नहीं पहुंची बताया जाता है कि बालिका को गांव के धर्मेंद्र कुमार पुत्र दयाराम लोध बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है परिजनों को जब मामले की जानकारी हुई तो उन्होंने देखा कि घर की अटैची खुली हुई है और उसमें सोने चांदी के जेवरात भी बालिका साथ में लेकर चली गई है मामले की सूचना परिजनों ने करारी पुलिस को दी पुलिस ने अपराध संख्या 382 सन 2022 मुकदमा 363 366 के तहत दर्ज कर लिया है लेकिन बालिका के गायब होने की घटना को 2 महीने बीत गए हैं अभी तक गायब बालिका का सुराग पुलिस नहीं लगा सकी है जिससे परिजन परेशान हैं। गायब बालिका के पिता कई बार पुलिस अधिकारियों से मिल चुके हैं बालिका को खोजने के चक्कर मे उसके पिता को करारी पुलिस दूसरे प्रांत तक लेकर जा चुकी है लेकिन बालिका का सुराग नहीं लगा है गायब बालिका के परिजनों का कहना है कि यदि युवक के परिजनों को पुलिस कर्रा कर दे तो बालिका का सुराग लग सकता है इतना ही नहीं बालिका को ले जाने वाले युवक की भी गिरफ्तारी दो महीने बाद पुलिस नहीं कर सकी है बालिका के परिजनों को आशंका है कि मामले के विवेचक युवक के परिजनों से मिल चुके हैं जिससे उन्हें निराशा हाथ लग रही है।

### रास्ता न देने से बौखलाया दबंग आए दिन महिला के साथ गाली गलौज व मारपीट का करता है प्रयास

**बेरूवा कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के कमालपुर गांव की महिला मीरा सेन पत्नी राम सुचित की जमीन से दबंग प्राण नाथ जबरिया रास्ता मांग रहा है जब मीरा देवी ने अपनी जमीन से रास्ता देने से इंकार कर दिया तो आए दिन उसके घर में चढ़कर महिला के साथ गाली गलौज और अत्याचार किया जा रहा है कई बार तो दरवाजे में लात मारकर दरवाजा तोड़ने का प्रयास भी दबंग कर चुका है महिला ने चरवा थानेदार को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि दबंग के गाली गलौज से परेशान होकर घर के भीतर घुस गई लेकिन उसके बाद भी दबंग ने दरवाजा तोड़ने का प्रयास किया है और लगातार गाली गलौज जान से मारने की धमकी दबंग दे रहा है महिला ने तहरीर देकर पुलिस से दबंग के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## न्यूज झरोखा

### पांच दिवसीय जीवन कौशल प्रशिक्षण का हुआ समापन

**प्रशिक्षण सत्रों में संदर्भदाता प्रियदर्शनी तिवारी व ऋचा शर्मा द्वारा विभिन्न सत्रों में परिषदीय शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया**



**कौशाम्बी।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर में पांच दिवसीय जीवन कौशल प्रशिक्षण का समापन हुआ। उक्त प्रशिक्षण का आयोजन राज्य शैक्षिक अनुसन्धान एवं प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश के आदेश के क्रम में उपशिक्षा निदेशक प्राचार्य डायट के द्वारा आयोजित कराया गया। उक्त प्रशिक्षण का उद्देश्य विश्व स्वास्थ्य संगठन के द्वारा निर्धारित 10 कौशलों स्वजागरूकता, सृजनात्मक चिंतन, समलोचनात्मक चिंतन, समप्रेशन कौशल आदि की निपुणता पर आधारित था ।कार्यक्रम का संचालन संयोजक कौशलेन्द्र मिश्र एवं डॉ वंदना सिंह प्रवक्ता डायट द्वारा किया गया। प्रशिक्षण सत्रों में संदर्भदाता प्रियदर्शनी तिवारी व ऋचा शर्मा द्वारा विभिन्न सत्रों में परिषदीय शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया ।शिक्षकों ने फीड बैक सत्र के दौरान इस प्रशिक्षण को व्यावहारिक, सैक्षणिक एवं जीवनपयोगी बताया गया।

### भारतीय पत्रकार संघ के नए पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर किया गया स्वागत



**कौशाम्बी।** भारतीय पत्रकार संघ की कार्यकारिणी का गठन 2 दिन पूर्व करारी कस्बे के गेस्ट हाउस में आयोजित किया गया था जिसमें तहसील और जिले की कार्यकारिणी का गठन किया गया था मंगलवार को जनपद मुख्यालय मंझनपुर में चार नए लोगों ने सदस्यता ग्रहण किया नए सदस्यों को माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया गया है भारतीय पत्रकार संघ के जिला महामंत्री शशि भूषण सिंह उर्फ बब्बू पटेल के नेतृत्व में संघ की बैठक मंझनपुर में आयोजित हुई जिसमें सर्वसम्मति से शमशुल हसन को जिला सचिव और धर्मेंद्र सोनकर को सिराथू तहसील उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है इसी तरह मक्खन लाल को जिला कार्यकारिणी में सदस्य और शिव कुमार उर्फ बुदुल को सिराथू तहसील में उपाध्यक्ष का पद सौंपा गया है उपस्थित लोगों ने चारों पदाधिकारियों का स्वागत किया है।

### आवारा पशुओं से परेशान है किसान



**कौशांबी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के अषाढा दानपुर महावा फैजी पुर सहित इलाके के दर्जनों गांव के किसान आवारा पशुओं के आतंक से परेशान हैं आवारा पशु खेतों में घुस जाते हैं और फसलों को नष्ट कर देते हैं ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ऑनलाइन 1076 पर 3 दिसंबर 8 दिसंबर 16 दिसंबर 28 दिसंबर 18 जनवरी को शिकायतें दर्ज कराई है लेकिन बार-बार शिकायत दर्ज कराने के बाद भी किसानों को आवारा पशुओं से निजात नहीं मिल सकी है अषाढा गांव के राजेंद्र प्रसाद सिंह कंचन सिंह राजू विमल सिंह आदि लोगों ने अधिकारियों को पत्र देकर आवारा पशुओं पर अंकुश लगाए जाने की मांग की है।

### धर्म परिवर्तन का दबाव डालने वाला गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा उ0प्र0 विधि विरुद्ध धर्म सम परिवर्तन अधिनियम वांछित अभियुक्त सत्य लाल सरोज पुत्र घनश्याम दास निवासी ग्राम व थाना पश्चिम शरीरा को पूरब शरीरा पानी टंकी मोड़ के पास से गिरफ्तार कर अभियुक्त द्वारा वादी नन्दू लाल सरोज को धर्म परिवर्तन का दबाव डालने व ईसाई धर्म स्वीकार न किये जाने पर मार-पीट व गाली गलौज करना तथा जान से मारने की धमकी दिया गया था विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### रास्ते जाते महिला से दबंग करते हैं अश्लीलता

**बेरूआ कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के बाबा तारा गांव निवासी किरण देवी पत्नी राम भवन ने चरवा थानेदार को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव के बृजेश धोबी और राजकुमार पुत्रगण गुलाब रास्ते जाते वक्त बुरी नियत से उसे ताकते रहते हैं गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए अश्लील शब्दों का प्रयोग करते हैं जिससे रास्ता चलना मुश्किल हो गया है महिला का कहना है कि 29 जनवरी को आरोपी बृजेश धोबी की पत्नी ने मेरे पिता के मोबाइल में फोन करके गाली-गलौज कर जान से मारने की फिर धमकी दी है आरोपियों के आतंक से महिला परेशान है उसका कहना है कि गांव में इन आरोपियों के चलते महिलाओं का निकलना मुश्किल हो गया है महिलाओं को इज्जत से रहने नहीं दिया जा रहा है बेवजह परेशान किया जा रहा है थानेदार को तहरीर देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग महिला ने की है।

**दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार : कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा वाछित अभियुक्त समीर पुत्र समसाद निवासी समदा थाना मंझनपुर व मयंक त्रिपाठी पुत्र अशोक त्रिपाठी उर्फ धुल्ला निवासी हिसामबाद गढ़वा थाना कौशाम्बी को मंझनपुर चौराहे से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# मनरेगा में 20 प्रतिशत कमीशन खोरी कैसे पारदर्शी होगा विकास!

**योजना में बढ़ते कमीशन खोरी के चलते मजदूरों को रोजगार देने के बजाय पक्के काम अधिक कराए जा रहे हैं योजना में 20% की एपीओ की अवैध वसूली के बाबत अभी तक आला अधिकारियों के कानों में कमीशन खोरी की जूं नहीं रेंगी**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मजदूरों को रोजगार देने के नाम पर चलाई जाने वाली महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना बीते कई वर्षों से कमीशन खोरी की भेंट चढ़ गई है खंड विकास कार्यालय में मौजूद एपीओ बेखौफ तरीके से योजना में 20% की कमीशन खोरी कर रहे है मनरेगा योजना में खुलेआम हो रही कमीशन खोरी के बाबत डीसी मनरेगा भी मूकदर्शक बने हुए हैं जिससे मनरेगा योजना पूरी तरह से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है। मनरेगा योजना में बढ़ते कमीशन खोरी के चलते मजदूरों को रोजगार देने के बजाय पक्के काम अधिक कराए जा रहे हैं जिससे मजदूरों को रोजगार ठीक से नहीं मिल रहे हैं मनरेगा योजना में पक्के काम अधिक कराए जाने के आड़ में 20% की कमीशन खोरी से जुड़े एपीओ और डीसी मनरेगा मालामाल हो रहे हैं एपीओ के 20% कमीशन खोरी के चलते ग्राम पंचायत के जिम्मेदार ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है सरसवा विकासखंड में मनरेगा योजना से कराए गए कार्यों में एपीओ द्वारा 20% की वसूली किए जाने के मामले के बिरोध में बीते दिनों लोगों का आक्रोश उबाल पर आ गया और ग्राम प्रधानों ने प्रदर्शन भी किया था मनरेगा योजना के कार्यों में कमीशन खोरी के विरोध में खंड विकास कार्यालय सरसवा में हो हल्ला मचाए जाने के बाद भी कमीशन खोरी नहीं बंद हो सकी है बीते कई वर्षों से मनरेगा योजना में 20% की एपीओ की अवैध वसूली के बाबत अभी तक आला अधिकारियों के कानों में कमीशन खोरी की जूं नहीं रेंगी है जिससे मनरेगा योजना में 20% कमीशनखोरी की अवैध वसूली में लगे एपीओ और डीसी मनरेगा बेखौफ तरीके से मनरेगा के कार्यों में 20% की वसूली कर रहे हैं। आखिर मजदूरों को रोजगार देने के लिए सरकार द्वारा चलाई गई महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में कब तक एपीओ द्वारा कमीशन खोरी का यह खेल जिले में बेखौफ तरीके से चलता रहेगा यह योगी सरकार की पूरी व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है लेकिन योगी सरकार में बेखौफ तरीके से कमीशन खोरी में लगे एपीओ के कारनामों को संज्ञान लेकर अभी तक सीडीओ और डीएम ने जांच कराकर दोषियों पर मुकदमा दर्ज करा कर उनकी गिरफ्तारी कराया जाना और उनके कमीशन खोरी के मामले को संज्ञान लेते हुए अभी तक नीलम बानो बर्खास्त किए जाने को लेकर शासन को पत्र नहीं लिखा है जिससे योगी सरकार की लचर व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है।

## अखिल भारतीय भ्रष्टाचार उन्मूलन की जिला अध्यक्ष बनी मीना देवी

**कौशांबी।** अखिल भारतीय भ्रष्टाचार उन्मूलन संगठन के राष्ट्रीय महासचिव जगदीश गौड़ ने पत्र जारी कर सूचित किया है कि भरवारी कस्बे की रहने वाली मीना देवी को अखिल भारतीय भ्रष्टाचार उन्मूलन संगठन का कौशाम्बी जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है उन्होंने उम्मीद जताई है कि आप अपने पद की गरिमा को ध्यान में रखते हुए कार्य करेंगी एवं जिले में अत्याचार अन्याय शोषण भ्रष्टाचार के विरुद्ध अभियान चलाकर भ्रष्टाचार अन्याय को खत्म करने में सहयोग करेंगी उन्होंने पत्र के माध्यम से कहा है कि भ्रष्टाचार अन्याय अत्याचार के खिलाफ चलाए जाने वाले अभियान की सूचना समय-समय पर मुख्य कार्यालय दिल्ली को आप भेजती रहेंगी।

# लगातार हो रही चोरी से दहला भरवारी कस्बा

**इस से पहले भी जिलाधिकारी कौशांबी के चालक का भी घर खंगाल ले गए चोर**

**जिस घर का ताला तोड़ा गया इस से पहले भी इसी घर का ताला तोड़कर लगभग दस लाख जेवर सहित नगद पर हाथ साफ कर दिया था राकेश अरोड़ा के मकान में**

अखंड भारत संदेश

**भरवारी कौशांबी।** थाना कोखराज अंतर्गत पुलिस चौकी भरवारी क्षेत्र के अंतर्गत नया बाजार निवासी पूर्व चेय मैन कैलाश केसरवानी के चचेरे भाई सतीश केसरवानी के मकान में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के कर्मचारी हरिमोहन मीड़ा किराए पर रहते है 'इधर पच्चीस दिसंबर को वह छुट्टी लेकर अपने घर राजस्थान गए थे इसी बीच उसके सूने घर का चोरों ने ताला तोड़कर उसके घर में रखा लैपटॉप सहित घर को चोर खंगाल ले गए इस घटना की जानकारी मकान मालिक जो की प्रयागराज में रहते है उनको हुई तब मकान मालिक सतीश केसरवानी ने अपने किराए दार हरिमोहन मीडा को बताया कि आपके मकान का ताला तोड़कर चोरों ने चोरी कर ली है जिसकी जानकारी होने पर बैंक कर्मचारी भरवारी आकार पुलिस चौकी में लिखित सूचना दी ' यहीं यह भी बताना अति आवश्यक है की मात्र चार दिन पहले जिलाधिकारी कौशांबी के चालक दिलीप तिवारी के नव निर्मित मकान का ताला तोड़कर लाखो रुपए के समान पर हाथ साफ कर दिया था इतना ही नही इससे पहले भी इसी बंद पड़े मकान का ताला तोड़कर किराए पर रह रहे राकेश अरोड़ा के मकान को चोर खगालते हुई घर में रखा लगभग दस लाख रुपए का जेवर वा नगदी पर हाथ साफ कर दिया था जिसका आज तक पुलिस खुलासा तो नहीं कर सकी बल्कि सभी चोरी की घटना को रद्दी की टोकरी में डालकर आगे बढ़ गयी यह कोई नई घटना नही है पुलिस के लिए घटना घटे खाना पूर्ति करो ठंडे बस्ते में डालकर आगे बढ़ोऐसी तमाम घटनाओं का खुलासा करने में पुलिस नाकामयाब होते हुए भी अपनी पीठ थपथपाने का कार्य करती है अब सवाल उठता है कि आखिर जब जब किराए दार अपने घर जाते हैं तो उसी घर का ताला क्यों टूटता है और चोरी हो जाती है यह बड़ा सवाल है अब देखना ये है कि पुलिस अधीक्षक ऐसे पुलिस कर्मियों पर सख्त से सख्त कार्यवाहीकरती है अगर कस्बे में पुलिस गस्त होती तो आबादी के अंदर घर का ताला नही टूटता आबादी में ताला टूटना पुलिस की कार्य शैली पर बड़ा प्रश्न है।

# हत्या का वांछित इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार

**फतेहपुर जनपद के धाता थाना क्षेत्र के ग्राम जाम निवासी हीरामणि को 12 जुलाई 2021 को उतारा गया था मौत के घाट**



अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र में 12 जुलाई 2021 को हीरामणि पुत्र संतलाल सिंह निवासी ग्राम जाम थाना धाता जनपद फतेहपुर की हत्या कर दी गयी थी मृतक के भाई लालमणि सिंह पुत्र स्व संतलाल सिंह ने कड़ा धाम थाने में हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था हत्या में अभियुक्त रामबहादुर पुत्र शिवनाथ निवासी मामाशाही का पुरवा मजरा अफजलपुर सातो थाना कड़ाधाम हत्या की घटना में शामिल थे लेकिन घटना के बाद से लगातार आरोपी फरार चल रहे थे जिनके गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक ने 10 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया था गिरफ्तारी न होने पर अदालत ने गिरफ्तारी वारंट भी जारी किया था लंबे समय से थाना पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कड़ाधाम पुलिस थाना बल द्वारा 10,000 रुपए के इनामिया हत्या के वांछित अभियुक्त रामबहादुर पुत्र शिवनाथ निवासी मामाशाही का पुरवा मजरा अफजलपुर सातो थाना कड़ाधाम को मुखबिर खास की सूचना पर ईशी का पुरवा बाजार मजरा मोहब्बतपुर जीता से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### मार-पीट के तीन आभियुक्तों को चार वर्ष कारावास की सजा

**9000-9000 रुपये के अर्थ दण्ड से किए गए दण्डित अर्थदण्ड न अदा करने पर भुगतनी पड़ेगी 04-04 माह की अतिरिक्त कारावास की सजा**



**कौशाम्बी।** थाना मोहब्बतपुर पइन्सा अन्तर्गत मेंहदी हसन निवासी अनेठा थाना मोहब्बतपुर पइन्सा के साथ तीन व्यक्तियों द्वारा मार-पीट की गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना मोहब्बतपुर पइंसा में मुकदमा पंजीकृत किया गया था मारपीट के अभियुक्तों अजाज पुत्र स्व0 सिराजुदीन एकलाख पुत्र अब्दुल समद लवकुश पुत्र नवाब निवासीगण अनेठा थाना मोहब्बतपुर पइन्सा को आज न्यायालय एडीजे प्रथम द्वारा 04-04 वर्ष कारावास तथा 9000-9000 रुपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया अर्थदण्ड न अदा करने पर 04-04 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनायी गयी। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मुकदमे के विवेचक ने शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से अभियुक्तों को सजा दिलाई है।

# जेपी नड्डा के नये कार्यकाल की चुनौतियां

ललित गर्ग

**भारतीय** जनता पार्टी के राजनीतिक धरातल को मजबूती देने, उसके संगठन के आधार को सुदृढ़ बनाने, उसका जनाधार बढ़ाने एवं विभिन्न राज्यों एवं लोकसभा चुनाव में जीत के नये कीर्तिमान गढ़ने की दृष्टि से राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा अपने नये कार्यकाल में अग्रसर हो रहे हैं, प्रतीक्षा और कयासों को विराम देते हुए भाजपा ने उनका कार्यकाल वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव तक बढ़ा दिया है। एक बड़ी चुनौती के रूप में वर्ष 2024 का लोकसभा चुनाव एवं वर्ष 2023 में नौ राज्यों के विधानसभा चुनाव है। नड्डा ने न केवल देश के निराशाजनक आर्थिक परिदृश्य, महंगाई और बेरोजगारी के बीच पार्टी की पताका लहराने का बल्कि नौ ही विधानसभा चुनावों में शानदार जीत दिलाने का संकल्प व्यक्त किया है। जेपी आंदोलन से सुर्खियों में आए नड्डा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी का सफल नेतृत्व कर राजनाथ सिंह एवं अमित शाह के नेतृत्व में आये स्वर्ण युग को जारी रखा है और अब एक नये अभ्युदय की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। एक जमीनी कार्यकर्ता से ऊपर उठकर राजनीति में चमकते सितारे की तरह जगह बनाने वाले नड्डा राजनीतिक कौशल में महारथ हासिल कद्दावर के नेता हैं। अनेक सफलताओं एवं कीर्तिमानों के बीच कुछ हार भी उनकी झोली में गिरी है। गुजरात में भाजपा की शानदार जीत के उत्साह के साथ अध्यक्ष का कार्यकाल बढ़ने का ईनाम मिला तो है लेकिन गृह राज्य हिमाचल प्रदेश में सरकार खोने का दर्द भी है। दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार के पंजाब तक पहुंचना एवं दिल्ली के निकाय चुनावों में अपेक्षित जीत न मिल पाना भी भाजपा के लिए संकट के रूप में है। बावजूद नड्डा ने भाजपा के ताज में मणि ही जड़े हैं। भाजपा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाले नड्डा को आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आशीर्वाद, अटूट विश्वास और अमित शाह का पूरा समर्थन मिला। राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नड्डा की राह में असली चुनौतियों एवं संघर्ष की भरमार अब सामने है। यही उनके लिये असली परीक्षा का समय भी है, जब उन्हें वर्ष 2023 में 9 राज्यों में विधानसभा चुनाव वर्ष 2024 के आम चुनावों में अपनी क्षमता, राजनीतिक कौशल और सामर्थ्य को दर्शानां है।

एक उत्कृष्ट संगठनात्मक नेता के रूप में जेपी नड्डा का पिछला अध्यक्षीय कार्यकाल संतोषजनक ही नहीं, बल्कि यशस्वी, उत्साहवर्धक एवं करिश्माई रहा है। उन्होंने अपने कार्यकाल में विधानसभा चुनावों में 70 फीसदी से अधिक सफलताएं हासिल की है। वर्ष 2024 तक के लिए उनके कार्यकाल का विस्तार उनकी उच्चस्तरीय क्षमता को ही प्रदर्शित करता है। नड्डा के समक्ष अपने गठबंधन साझेदारों को साथ लेकर चलने समेत कई चुनौतियां हैं। एनडीए का साथ छोड़कर कई दलों ने अपनी राह पकड़ ली है। देखा जाए, तो राज्यों में नड्डा की चुनावी सफलताएं निर्बाध रूप से जारी रही हैं। 2019 में भाजपा हरियाणा में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी और उसने जननायक जनता पार्टी के साथ मिलकर सरकार बनाई। बिहार में पार्टी को 74 सीटों पर जीत मिली। कोरोना महामारी के बाद असम, यूपी, मणिपुर, उत्तराखंड और गुजरात में चुनावी सफलता मिली। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना कि नड्डा को अब कर्नाटक की सत्ता में फिर से वापसी को लेकर बड़ी योजना तैयार करनी होगी। इसी तरह तेलंगाना पर विशेष कार्ययोजना बनानी होगी। उत्तर भारत के प्रमुख राज्यों में भी इस वर्ष चुनाव होने हैं, जो बड़ी चुनौती लिए हुए हैं। पटना में 1960 में जन्में नड्डा ने बीए और एलएलबी की परीक्षा पटना से पास की थी और शुरू से ही वे एबीवीपी से जुड़े हुये थे। अपने राजनीतिक कैरियर में नड्डा जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, केरल, राजस्थान, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों के प्रभारी और चुनाव प्रभारी रहे। वे केन्द्र सरकार में मंत्री के रूप में भी अपनी सफलततम पारी खेल चुके हैं। संघ से तालमैल बिठाने एवं चुनाव जीतने की इन दो बड़ी चुनौतियों का सफल निर्वहन कर उन्होंने भाजपा को अमाप्य ऊंचाइयां प्रदान की है। भले ही वे दिल्ली में आम आदमी पार्टी को कमजोर करने में नाकाम रहे हैं, लेकिन उसकी तेज धार चुनौतियों को निस्तेज करने की दिशा में कदम बढ़ाये हैं। अब नड्डा को बड़ी जिम्मेदारियां दी गई हैं और जैसा उनका ट्रैक रिकॉर्ड है इस बात की भी उम्मीद है कि वो पीएम मोदी और अमित शाह की उन उम्मीदों को कायम रखेंगे, जिनका उद्देश्य भाजपा को नंबर 1 के पायदान पर बरकरार रखना है। मुख्य चुनौती सहयोगी दलों से तालमेल बिठाने की है। नड्डा के समक्ष अपने गठबंधन साझेदारों को साथ लेकर चलने समेत कई चुनौतियां हैं। वर्ष 2014 और वर्ष 2019 के बीच एनडीए के 15 सहयोगी पार्टी से छिटक चुके हैं, लेकिन कई वजह से ये लोकसभा चुनाव परिणामों पर असर नहीं डाल पाए, लेकिन अब भाजपा अलग परिदृश्य का सामना कर रही है। उसके बड़े सहयोगी दल जैसे बिहार में जदयू, महाराष्ट्र में शिवसेना, पंजाब में शिरोमणि अकाली दल, महबूबा मुफ्ती की अगुवाई वाली पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी, चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व वाली तेलुगु देशम पार्टी उससे दूर है। इस वर्ष होने वाले दस विधानसभा चुनाव में भले ही नड्डा ने सभी में जीत हासिल करने का संकल्प व्यक्त किया हो, लेकिन यह इतना आसान नहीं है। मौजूदा समय में मध्यप्रदेश, त्रिपुरा और कर्नाटक में भाजपा की सरकार है, जबकि मेघालय, नगालैंड और मिजोरम में भाजपा एनडीए के साथियों के साथ सरकार में है। कांग्रेस के पास केवल राजस्थान और छत्तीसगढ़ हैं। तेलंगाना में भारतीय राष्ट्र समिति (पूर्व नाम तेलंगाना राष्ट्र समिति) की सरकार है। केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद से जम्मू-कश्मीर में अभी तक चुनाव नहीं हुए हैं।



> इन राज्यों में सफलता लोकसभा चुनाव में जीत दिलाने में टॉनिक का काम करेगा। जेपी नड्डा ने जटिल चुनौतियों के समय में पदभार संभाला है, क्योंकि विपक्षी एकता के प्रयास हो रहे हैं, विदेशी ताकतें मोदी की छवि को धूमिल करने पर जुटी है, कांग्रेस की भारत जोड़ा यात्रा भी प्रभावी बन रही है, इसलिए 9 राज्यों चुनाव एवं लोकसभा चुनाव जितवाना उनके लिए एक मुश्किलों भरा टास्क हो सकता है

राजनीतिक नजरिए से नड्डा के लिये यह साल काफी अहम होने वाला है। फरवरी और मार्च के बीच पूर्वोत्तर के तीन राज्यों त्रिपुरा, मेघालय और नगालैंड में चुनाव होंगें। वहीं, अप्रैल-मई में दक्षिण भारतीय राज्य कर्नाटक में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया पूरी होगी। साल के अंत में मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, मिजोरम और तेलंगाना राज्य भी विधानसभा चुनाव का सामना करेंगे। इसी साल केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में भी इसी साल चुनाव हो सकते हैं। इन सभी राज्यों के चुनाव नड्डा के लिये चुनौतीभरे हैं। इन राज्यों में भाजपा के परचम को लहराना नड्डा के लिए एक बड़ी जिम्मेदारी के रूप में देखा जा रहा है। भाजपा की राहें सुगम नहीं हैं। यहां नड्डा को एंटी इंकम्बेंसी को तोड़ना है। भाजपा के लिए इन राज्यों में चुनाव जीतना एक टेढ़ी खीर है लेकिन मोदी का जादू अभी बरकरार है एवं नड्डा भी कौशल दिखाने में माहिर है, इसलिये इस टेढ़ी खीर को भी मात दी जायेगी। इन राज्यों में सफलता लोकसभा चुनाव में जीत दिलाने में टॉनिक का काम करेगा। जेपी नड्डा ने जटिल चुनौतियों के समय में पदभार संभाला है, क्योंकि विपक्षी एकता के प्रयास हो रहे हैं, विदेशी ताकतें मोदी की छवि को धूमिल करने पर जुटी है, कांग्रेस की भारत जोड़ा यात्रा भी प्रभावी बन रही है, इसलिए 9 राज्यों चुनाव एवं लोकसभा चुनाव जितवाना उनके लिए एक मुश्किलों भरा टास्क हो सकता है। लेकिन नड्डा के पिछले नेतृत्व में ही बिहार में भाजपा का स्ट्राइक रेट सबसे ज्यादा रहा था। एनडीए ने महाराष्ट्र में बहुमत हासिल किया, उत्तर प्रदेश में जीत हासिल की और पश्चिम बंगाल में भाजपा की संख्या बढ़ी। गुजरात में भी प्रचंड जीत दर्ज की। यकीन है कि मोदीजी के नेतृत्व में और नड्डाजी के साथ भाजपा 2024 के चुनावों में 2019 से अधिक सीटें जीत ले और नौ राज्यों में भी विलक्षण एवं चमत्कारी परिणाम आ जाये तो कोई आश्चर्य नहीं। अब देखना है कि अगले डेढ़ साल तक जेपी नड्डा इन चुनौतियों से कैसे पार पाते हैं और भाजपा की नैया पार लगा पाते हैं।

## संपादकीय

# आओ ईमानदारी को व्यक्तित्व रूपी आभूषण बनाएं

**सृष्टि** रचनाकर्ता ने सृष्टि में मानवीय जीव की रचना कर उसके मस्तिष्क में बौद्धिक क्षमता रूपी खान का ऐसा अणखुट खजाना भर दियाहै जिसमें अन्य 84 लाख योनियों को अलग रखा और यह जीव मानवीय योनि में जन्म लेकर अपने परिवार मोहल्ले समाज शहर के खूबसूरत माहौल में अपना बचपन बिताता है तो उसे हमारे बड़े बुजुर्ग ईश्वर अल्लाह का रूप मानतेहैं मेरा मानना है और यह सर्वविदित भी है कि बच्चे झूठ, फरेब, बेईमानी इत्यादि अवगुणों से दूर स्वच्छ, स्वस्थ वातावरण में अपना बालपन जीवन व्यतीत करते हैं जब बचपन से निकलकर बौद्धिक समझदारी में आते हैं उन्हें आकर्षित करने वाली अनेक चीजों में से एक धन है। जिसकी चाहना बल्यपन से निकलने पर ही आने लगती है और यहीं से कुदरत द्वारा दी गई अद्भुत अनमोल बौद्धिक क्षमता पर भ्रष्टाचार और लालच की नकारात्मक सोच हमला करती है जिसनें उसे ईमानदार और आत्म सम्मान रूपी अस्त्र से इनअवगुणों को काट दिया उसका संपूर्ण जीवन सफल हो जाता है और जो इसके घेरे में आ गया वह परिवार कुल सहित दुखों का भागीदारी बन जाता है जिसका मूल कारण गलत स्त्रोतों से कमाया गया धन है। इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से भ्रष्टाचार फरेब अन्याय धोखे सहित गलत स्त्रोतों से कमाए गए धन के दुखद परिणामों और ईमानदारी आत्म सम्मान से लाभकारी परिवारों की चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम गलत स्त्रोतों से कमाए गए धन की करें तो श्लोकों में आया है। अन्यायोपार्जितं वित्तं दस वर्षाणि तिष्ठति प्राप्ते चैकादशेवर्षे समूलं तद् विनश्यति।। अर्थ- अन्याय या गलत तरीके से कमाया हुआ धन दस वर्षों तक रहता है। लेकिन ग्यारहवें वर्ष वह मूलधन सहित नष्ट हो जाता है।...अन्यायोपार्जितं वित्तं दस वर्षाणि तिष्ठति। प्राप्ते चैकादशेवर्षे समूलं तद् विनश्यति।।...आचार्य चाणक्य अपने इस श्लोक में कहते हैं कि ऐसे गलत तरीकोंसे कमाया गया पैसा बमुश्किल 10 साल तक ही रहता है, इसके बाद 11वें वर्ष से ही ऐसा पैसा धीरे-धीरे नष्ट होने लगता है, इसलिए व्यक्ति को कभी भी अनैतिक तरीके से पैसा नहीं कमाना चाहिए क्योंकि उसे बुरे कर्मों का फल भी झेलना पड़ता है और कुछ समय बाद ऐसे धन नष्ट भी हो जाता है, फिर चाहे वजह कोई दुर्घटना, बीमारी, नुकसान या अन्य कारण हो। बेहतर होगा कि ईमानदारी से पैसा कमाएं और उसका एक हिस्सा दान में दें, इससे आपके घर में हमेशा बरकत रहेगी और आप दिन-दूनीरात-चौगुनीतरक्की करेंगें। साथियों बात अगर हम चाणक्य नीति की करें तो, उसके अनुसार पापकर्म द्वारा या किसी को कष्ट और क्लेश पहुंचाकर कमाया पैसा अभीशापित होकर मनुष्य का नाश कर देता है। इस धन के प्रभाव से सज्जन पुरुष भी पाप की और बढ़ने लगते हैं। इसलिए ऐसे पैसों से बचना चाहिए, वरना जल्दी ही कुल सहित उस इंसान का नाश हो जाता है। आचार्य चाणक्य बताते हैं कि ऐसा धन दस साल से ज्यादा नहीं टिक पाता। उसके बाद दुगना खर्चा बीमारी या नुकसान होकर ऐसा पैसा चला जाता है। साथियों बात अगर हम भ्रष्टाचार जैसे गलत स्त्रोतों से कमाए गए धन के परिणामों की करें तो हम इलेक्ट्रानिक और प्रिंट मीडिया में भ्रष्टाचारियों के अनेक दुखद नकारात्मक परिणामों के बारे में पढ़ते सुनते रहते हैं परंतु मेरा यह निजी और व्यक्तिगत रूप से अपने साथियों दोस्त अफसरों के अनुभव की जानकारी रेखांकित किया हूं कि जो भ्रष्टाचार करता है वह अपने जीवन में कभी सुखी नहीं रहता उसके परिवार, बच्चे कुल में संकटों का पहाड़ किसी न किसी रूप में गिरता ही रहता है।

# जमाने ने समझा कि हम बूढ़ा पहाड़ पर आये

नवेन्दु उन्मेष

एक फिल्मी गीत है कि मुहब्बत में ऐसे कदम डगमगाये कि जमाने ने समझा कि हम पी के आये। ठीक इसी गीत की पंक्तियों को चरितार्थ करते हुए झारखंड के युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का दिल भी जवानी में बूढ़ा पहाड़ पर आ गया। अब तक राज्य में जितने भी बुजुर्ग मुख्यमंत्री हुए उनका दिल कभी बूढ़ा पहाड़ पर नहीं आया था। उन्होंने कभी बूढ़ा पहाड़ पर जाने की हिम्मत नहीं जुटाई। वे जानते थे कि बुढ़ापे में क्या खाक बूढ़ा पहाड़ जाना है। पहाड़ पर चढ़ने-उतरने का काम युवा ही कर सकते हैं। पहाड़ की खूबसूरत वादियों के प्राकृतिक सौदर्य के नजारे का आनंद भी युवा ही उठाते हैं और मोबाइल से सेल्फी भी लेते हैं। इसी को चरितार्थ करते हुए युवा मुख्यमंत्री बूढ़ा पहाड़ पर आ गये। हालाकि मै यह नहीं बता सकता कि बूढ़ा पहाड़ के बूढ़ों ने युवा मुख्यमंत्री का कितना स्वागत किया। हां, उन्होंने यह जरूर महसूस किया होगा कि मुख्यमंत्री बूढ़ा हो चुके पहाड़ पर जरूर आये और उन्हें संदेश दे गये कि बूढ़ा पहाड़ के निवासियों का आशातीत विकास होगा। यहां विकास की नयी रौशनी भी आयेगी। वैसे हमारे प्रधानमंत्री को पहाड़ पर्वत पर चढ़ने का बहुत शौक है। वे तो वहां जाकर साधना भी कर लेते हैं लेकिन हेमंत सोरेन ने बूढ़ा पहाड़ पर पहुंचकर किसी प्रकार की साधना नहीं की। युवाओं की तरह उन्होंने मोबाइल से सेल्फी लेकर फेसबुक पर पोस्ट भी नहीं किया कि उन्हें लाइक और कमेंट मिलते। सबसे बड़ी बात यह है कि मुख्यमंत्री ने बसंत ऋतु के आने पर बूढ़ापहाड़ का दौरा किया। इसी लिए कहा गया है कि बसंत के मौसम में युवाओं का दिल बाग-बाग हो जाता है और वे कुछ भी नया करने को तैयार हो जाते हैं। इसलिए मुख्यमंत्री ने भी बूढ़ा पहाड़ जाकर नया इतिहास रच दिया। इससे पहले तो बूढ़ा पहाड़ पर युवा नक्सली जाते थे या बूढ़े नक्सली आराम फरमाते थे और उन्हें भगाने के लिए झारखंड के जवान जाया करते थे। ऐसे में किसी बूढ़े मुख्यमंत्री के लिए कहा जा सकता है कि मेरे अंगने में तुम्हारा क्या काम है। जाहिर है तब बूढ़ा पहाड़ का आंगन नक्सलियों का हुआ करता था। बूढ़ा पहाड़ में तब बूढ़े नक्सली जवानों को अस्त्र-शस्त्र चलाने का प्रशिक्षण दिया करते थे। वे समझते थे कि बूढ़ा पहाड़ से ही युवा नक्सलियों के माध्यम से नक्सली तंत्र पर शासन किया जा सकता है। वैसे कहावत भी है कि जलने वाले जला करें जमाना हमारे साथ है। जाहिर है वर्तमान का जमाना भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ है। विपक्षियों का क्या है वे तो चट मंगनी और पट षादी की तरह कुछ भी बयान दे देंगे कि एक युवा मुख्यमंत्री को बूढ़ा पहाड़ नहीं जाना चाहिए था क्यों कि जो पहाड़ जमाने से बूढ़ा हो चुका है वहां युवा मुख्यमंत्री का जाना उचित नहीं है। लेकिन मैं तो हेमंत सोरेन को दाद देता हूं कि उन्होंने युवावस्था में कुछ नही तो बूढ़ा पहाड़ का तो दौरा कर लिया। यह अलग बात है कि राज्य के बूढ़े अधिकारी बूढ़ा पहाड़ का कितना कल्याण कर पायेंगे यह तो आने वाला समय ही बतायेगा। कल एक विपक्षी दल के नेता से मेरी बूढ़ा पहाड़ पर चर्चा हो रही थी तो उन्होंने मुझसे कहा कि मुख्यमंत्री में ताकत हो तो वे झुमरा पहाड़ी पर झूम कर दिखा दें। मैंने उनसे कहा कि मुख्यमंत्री मांदर की थाप पर नाचना भी जानते हैं। इंतजार करो एक दिन ऐसा भी आयेगा कि वे झुमरा पहाड़ी पर भी झूम कर भी दिखा देंगे। मेरी बातों को सुनकर वह चुप हो गया और कहा इस बार तो मैं भी बूढ़ा पहाड़ कर जाउंगा और उसके सौदर्य को निहार आउंगा।

# अमृतकाल में शिक्षा को जरूरत है संजीवनी की

**आज के** युग में किसी देश की उन्नति बहुत हद तक वहां की शिक्षा की गुणवत्ता पर ही निर्भर करती है। सूचना, ज्ञान और प्रौद्योगिकी की स्पर्धा में ज्यादा से ज्यादा बढ़त पाने को सभी देश आतुर हैं। आज जब देश सशक्त और आत्म निर्भर बनने को आतुर है तो शिक्षा दशा दिशा पर विचार और भी जरूरी हो जाता है हालांकि भारत ने विद्या, ज्ञान और शिक्षा का भौतिक और पारमार्थिक दोनों स्तरों पर महत्व बहुत पहले से पहचान रखा था। ज्ञान सबसे पवित्र था और ज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में जितनी प्रगति थी उसकी बदौलत भारत को विश्व गुरु का दर्जा भी मिला था। परंतु औपनिवेशिक काल में शिक्षा पर ताला ऐसा पड़ा शिक्षा के भारतीय ज्ञान को ले कर जो संशय और उदासीनता हुई और हम ज्ञान के क्षेत्र में अनुकरण करने वाले होते गए। ज्ञान की परनिर्भरता ने सुदृढ़ होती गई और पश्चिम (यूरो-अमेरिकी मॉडल) को एकल, मानक और वैश्विक विकल्प मान बैठे और शेष को उससे विचलन मान लिया। गौरतलब है कि उपनिवेश बनने के पहले भारत विश्व में अधिक समृद्ध देशों में से एक था और कभी यहां विश्वस्तरीय शिक्षा केंद्र भी थे जिन्हें आक्रांताओं ने नष्ट किया था । औपनिवेशिक समुदाय की स्वीकृति के साथ अब नव उदारवादी माहौल में हम पराई दृष्टि में जकड़ते ही चले गए। हमारी पूरी शिक्षा ज्यादातर अनुकरणमूलक होती गई जिसमें यांत्रिक बुद्धि ने सर्जना शक्ति को हाशिए पर भेज दिया। बाहर से आरोपित होने की स्थिति में शिक्षा और समाज का ठीक तालमेल भी नहीं हो सका। आज यदि शिक्षा के प्रति संशय और अन्यमनस्कता है तो इसका एक बड़ा कारण शिक्षा की विषयवस्तु और प्रक्रिया की दुर्बलता और देश के संदर्भ से उसका कटा होना भी है। साथ ही शिक्षा के साथ सरकारी नीति में लगातार उपेक्षा और भेदभाव भी बना रहा। बजट में जो बचा खुचा होता है शिक्षा को मिलता है। आज आंगनवाड़ी, प्राथमिक विद्यालय, हाईस्कूल, माध्यमिक विद्यालय, महाविद्यालय और विश्वविद्यालय जैसी संस्थाओं की स्थिति संसाधनों और अव्यवस्था के चलते नाजुक होती जा रही है। खेदजनक है कि यह जानते हुए भी कि शिक्षा सामाजिक परिवर्तन, आर्थिक प्रयत्न, रोजगार के अवसर और सांस्कृतिक विकास की कुंजी है इसे देश की विकास-योजना में कभी भी वह जगह नहीं मिली जो मिलनी चाहिए थी। फलतः शिक्षा में जरूरी निवेश नहीं हुआ, सरकार यानी सार्वजनिक क्षेत्र इससे हाथ खींचने लगा, निजी क्षेत्र हाबी होने लगा, शिक्षा बाजार के हवाले होती गई, वह बाजार का हिस्सा बन गई। फिर शिक्षा का व्यापार शुरू हो गया। सभी बड़े व्यापारी शिक्षा की दुकानें खोलने लगे और शिक्षा की जो भी संरचना थी वह ध्वस्त होने लगी। निजी क्षेत्र में शिक्षा का विस्तार जिस तरह हो रहा है उसके कई परिणाम हो रहे हैं। सम्पन्न घरों के छात्र ऊंची फीस दे कर वहां पढ़ाई कर रहे हैं। दिल्ली के आसपास अशोका, अमिटी, शिव नाडार और जिन्दल के विश्वविद्यालय जहां अंतरराष्ट्रीय स्तर लाने की कोशिश हो रही है शैक्षिक असमानता का एक नया आयाम खुल रहा है। यही हाल पुणे, बेंगलुरु और अन्य महानगरों का भी है। निजी विश्वविद्यालय सरकारी विश्वविद्यालयों की तुलना में कई-कई गुनी फीस ले कर विभिन्न पाठ्यक्रमों की पढ़ाई कर रहे हैं। उनकी नीति और नियम अपने ही ढंग के हैं। संविधान द्वारा शिक्षा के अधिकार सबको देने के बावजूद शिक्षा के अवसर अभिभावक की आर्थिक स्थिति से मजबूती से जुड़ते गए। आज की एक कटु सच्चाई यही है कि हर स्तर पर भारतीय शिक्षा संस्थाओं की कई-कई जातियां, उप जातियां खड़ी होती जा रही हैं। शिक्षालय के साथ कोचिंग की विराट संस्थाएं खड़ी होती गईं और सामान्य विद्यालयी शिक्षा संदिग्ध होती गई। फिलहाल जैसे तैसे प्रवेश और परीक्षा को निपटाना ही शिक्षा के लक्ष्य बने हुए हैं। आज भारत के प्रतिभाशाली विद्यार्थी जिनकी पर्याप्त आर्थिक सामर्थ्य है अवसरों की तलाश में बड़े पैमाने पर विदेश की ओर रुख कर रहे हैं। यह प्रवृत्ति कम नहीं हो रही है। इसका कारण भारत में शिक्षा की गुणवत्ता का निरंतर ह्रास है। प्रतिभा-पलायन का क्रम अभी भी जारी है। युवा वर्ग महत्वाकांक्षी है, आगे बढ़ाना चाहता है और पढ़-लिख कर बहु राष्ट्रीय कंपनियों में काम करने के अवसर उनको आकृष्ट करते हैं और देश को उनका लाभ नहीं मिल पाता है। यह देख कर कि विश्व की अनेक बड़ी आईटी कंपिनियां वे चला रहे हैं मन को थोड़ी संतुष्टि होती है, गौरव बोध भी होता है पर यह सोच कर दुख होता है, खीझ भी होती है कि ऐसी प्रतिभाओं के लिए हम शिक्षा और कार्य के अवसर नहीं जुटा पा रहे हैं। साथ ही यह भी गौरतलब है कि औपचारिक शिक्षा भारतीय मूल से कटती गई और हम अपने आप से बिछुड़ते गए। आज इक्कीसवीं सदी हमारे सामने एक वैश्विक दुनिया प्रस्तुत करती है जिसमें संचार और यातायात की क्रान्ति देशकाल को संयोजित करने के लिए नए तौर तरीके गढ़ रही है। टीवी, मोबाइल, लैपटाप, आई पैड आदि सूचना के लेन देन और उनको उपयोग में लाने के अवसरों में अभूतपूर्व क्रांति ला रहे हैं। आज भारत की विशाल जन संख्या के एक छोटे हिस्से तक ही यह सीमित है, पर इसका तेजी से विस्तार हो रहा है। इनके अच्छे-बुरे असर दिखने लगे हैं। यहां पर यह भी गौर तलब है कि युवा वर्ग का जनसंख्या में अनुपात की दृष्टि से भारत युवतम देश हो रहा है। यह उत्पादकता, क्षमता और राष्ट्र-निर्माण का अनोखा अवसर बन रहा है। कुशल और सुसंस्कृत युवा सचमुच भारत का कायापलट करने में सक्षम हो सकता है बशर्ते उसे शिक्षित और ज्ञान-सम्पन्न बनाया जाय। अब स्थिति निरंकुशता की हो रही है और स्वच्छंदता के साथ शिक्षा के नाम पर ऐसा बहुत कुछ हो रहा है । चूंकि शिक्षा की उपेक्षा संभव नहीं है इसलिए जब तब कुछ कुछ होता रहा है पर गम्भीर पहल नहीं हो सकी । यदि कुछ हुआ भी तो लड़खड़ाते ढांचे, राजनीतिक हस्तक्षेप और भ्रष्टाचार के चलते सार्थक परिणाम हाथ नहीं लगता। आज भारी भरकम और अंशतः अनुपयोगी विषय वस्तु और सामग्री के साथ बचपन से ही शिक्षा का खिलवाड़ शुरू हो जाता है। पुस्तकों का ज्यादा भार , सांस्कृतिक संवेदना का विकास, चरित्र निर्माण और मातृ भाषा में आरम्भिक शिक्षा जैसे मामलों में भी हम कुछ करने के लिए तैयार ही नहीं हो पाते। उच्च शिक्षा में अनियंत्रित विस्तार और कुशलता के अभाव के चलते बेरोजगारों की फौज बढ़ती जा रही है। इस स्थिति में सुधारों का सिलसिला कब शुरू होगा किसी को पता नहीं पर जमीनी हालात बेकाबू से हो रहे हैं। सरकारी औपचारिक शिक्षा अगली परीक्षा में प्रवेश के लिए भी अपर्याप्त होती है। इसलिए ट्यूशन और कोचिंग अनिवार्य हो गई है और इनका व्यवसाय खूब फलफूल रहा है ।

# आटा-दाल,बिजली नहीं फिर भी मुस्तैद कंट्री-पाकिस्तान

**सुनील कुमार महला,**
**स्वतंत्र लेखक व युवा साहित्यकार**

लो जी सुना आपने। पाकिस्तान में आटे की किल्लत के बाद अब बिजली की भी किल्लत हो गई है। सुना है कि वहाँ की पिचानवे प्रतिशत आबादी अंधेरे में रहने को मजबूर हो गई। बड़ी आफत है पाकिस्तान के। अब बेचारे को आटे के लिए तरसता जानकर कोई अनाज दे भी दे, तो भला उसे पीसेगा कैसे जैसे तैसे अनाज पीसने का जुगाड़ भी हो जाए तो बेचारा उसे पकाएगा कैसे सुना तो यह भी है कि वहाँ रसोई गैस के भी लाले पड़ गए हैं। बेचारा पाकिस्तानी रूपया भी लुढ़कन चाल चल रहा है। एक डॉलर की कीमत 255 पाकिस्तानी रूपया तक पहुंच गई है। अजी ! हमें लगता है कि आजकल भारतीय ऑनस्क्रीन खूंखार विलेन प्रेम चोपड़ा जी की बहुत याद आ रही है और डॉयलॉग-'नंगा नहायेगा क्या निचोड़ेगा क्या' पाकिस्तान के वातावरण में फैल रहा है। खैर, इस नंग-धडंग हालत में भी उसके हुक्मरानों के हौंसले बड़े बुलंद हैं। वे पाकिस्तान के आवाम को लगातार मुगालते में रखते हैं कि पाकिस्तान भारत से कमजोर नहीं है। वे दाने-दाने को मोहताज हैं, भूख से पेट में सलवटें पड़ गई हैं, लेकिन वे सलवटों वाले पेट लेकर भी लड़ेंगे। सलवटों वाले पेट लिए गीदड़ भभकियां दे रहे हैं और बीच-बीच में जब दिल करता है, वे कह रहे हैं कि यदि युद्ध हुआ तो पाकिस्तान की सेना भारत को करारा जवाब देगी। बिजली नहीं है लेकिन वे लगातार एटम बम को अंधेरे में ढूढ़ रहे हैं। एटम बम नहीं मिल रहा, लेकिन पाकिस्तानी फौज न सिर्फ अपनी सरजमीं के हर इंच की हिफाजत के लिए हमेशा तैयार है। वे भूखे पेट, अंधेरे में चिल्ला रहे हैं कि यदि कभी जंग थोपी गई तो उनके सलवटें पड़े सभी पेट दुश्मन को हराने का भी माद्दा रखते हैं।

खाली पेट मक्खी भी नहीं उड़ाई जा रही लेकिन हिम्मत की दाद देनी पड़ेगी, क्योंकि वे कह रहे हैं कि किसी भी दुस्साहस का हमेशा पूरी ताकत से मुकाबला किया जाएगा। चोरी का एटम बम भी उन्होंने अंधेरे में छिपा रखा है ताकि किसी अन्य को न मिले। अब खुद को ही नहीं मिल रहा है। पाकिस्तानी रूपया धड़ाम से गिर रहा है लेकिन पाकिस्तान के हुक्मरान( वित्त मंत्री) चिल्ला रहे हैं कि पाकिस्तानी रूपया नहीं गिर रहा है, डॉलर मजबूत हो रहा है।

पाकिस्तानी हुक्मरान आवाम को दिलासा दे रहे हैं-'आपने घबराना नहीं है, हम चीन और अमेरिका से मोमबत्तियां आयात करेंगे, अपना चोरी किया हुआ तथा छुपाया एटम बम ढूढ़ेंगे, हम आपको विश्वास दिलाते हैं कि हम उसे ढूढ़ ही लेंगे। आप चिंता बिल्कुल भी नहीं करें। हम अंधेरे में ही तालिबान,अफगानिस्तान को भी लगातार फोन मिला रहे हैं। फोन मिलते ही कयामत आ जायेगी। हम अपने दुश्मनों के इरादों को चकनाचूर कर देंगे। हम इरादों को चकनाचूर कर सकते हैं, अनाज को चकनाचूर कौनसी बड़ी बात है अनाज चकनाचूर हो जायेगा तो सभी को आटा नसीब हो जाएगा और आटा नसीब होते ही हम एटम बम को ढूढ़ निकालेंगे। एटम बम लांचर की जरूरत नहीं है।

आटा खाकर कंधे को ही एटम बम का लांचर बना डालेंगे। आखिर जुगाड़ ही अपने देश का दूसरा नाम है। हम युगों से जुगाड़ में माहिर रहे हैं और जुगाड़ में हमारा कोई भी सानी नहीं है। आप चिंता, फिक्र न करें। हम मोमबत्तियां लाने के लिए लगातार फिक्सिंग कर रहे हैं। इंसा अल्लाह सब ठीक होगा।हम मानते हैं कि हमारे यहाँ इमोशनल ब्रेक डाऊन हुआ, मेंटल ब्रेक डाऊन हुआ, फीजिकल ब्रेक डाऊन हुआ और अब पावर-ए-ब्रेकडाऊन पेश-ए-खिदमत हो चुका है लेकिन हम हार नहीं मानेंगे, रार नई ठानेंगे। हमने अंधेरे में सीमा पर टूटी हुई चारपाईयों को तान दिया है। आप यकीं माने सुरक्षा अत्यंत कड़ी है। जब तक चारपाईयां तनी हुई हैं, तब तक चीन और अमेरिका से मोमबत्तियां हमारे देश में पहुंच जायेंगी और हम एटमी हमला कर देंगे। आप चिंता न करें बस। अपने दिल को थामे रखें। हम बहुत मुस्तैद कंट्री हैं।

# जोशी जी का मठ

**डॉ. सुरेश कुमार**

**बाबा** ठनठनलाल से शिष्य ढुलमुलदास ने जोशीमठ का किस्सा पूछ लिया। गुरु ठनठनलाल तो ठनठनलाल हैं। वे कहाँ चुप बैठने वाले थे। उन्होंने अपनी प्रवचन वाणी ह्यसुनो-सुनाओ ठनठनलाल के साथ सिर्फ रेडियो चैनल 420 परह्य की तर्ज पर भौंकना शुरू किया - जहाँ बर्फ जमनी थी वहाँ लोग जम रहे हैं। लोग इसलिए जम रहे हैं कि नेता रूपी द्रोणाचार्य मतदान के समय उन्हें एकलव्य बनाकर अंगूठे जो ले लेते हैं। अब वहाँ सड़कें धँस रही हैं। धँसना तो सरकार को चाहिए था लेकिन सरकार भला कैसे धँसेगी। उनकी बुनियाद तो लूट-पाट के मजबूत पत्थरों से जो बनी है। सर्वेक्षणाधिकारी दो दिन जोशी जी के मठ में गुजारकर साल के 363 दिन एसी कमरों में चाय-कॉफी, पिज्जा-बर्गर और मुँह चुप रखने के लिए रिश्वत की गड्डियों को ऐसे खाते हैं जैसे कुंभकर्ण की शेष भूख और निद्रा का कोटा इन्हीं को पूरा करना है। पानी जब सिर के ऊपर चला जाता है तो बरसात के मेंढ़कों की तरह प्रशासन बाहर निकलकर मगरमच्छ के आँसू बहाता है। कभी-कभी तो इतना रोते हैं कि बाढ़ भी इनके सामने शरमा जाती है। जो मजा रोने और दिखाने में है वह मजा कुछ करने में नहीं है। पर्यावरणविद् मूर्खों की तरह बहरों के सामने प्राकृतिक विपदा की बीन बजाते हैं और हमेशा की तरह सत्ताधारी लंबी फैलाकर सो जाते हैं। यदि शोर शराबा ज्यादा हुआ तो मरने वालों की लाशों का डाटा बनाकर उनके मुआवजे में दावत लूटने के लिए खुद पहुँच जाते हैं। मरने के धंधे में लूटने का फंडा नागनाथ और साँपनाथ दोनों के लिए डँसने जैसा आसान काम है। लोगों का क्या है उन्हें भूलने की बीमारी जो है।

## फटाफट खबरें

### धुस मैदान स्थित पार्क का नाम रखें अम्बेडकर पार्क



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** प्रभास महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष लवलेश विराग की अगुवाई में महासंघ के लोगों ने पुरानी सब्जी मंडी धुस मैदान स्थित पार्क का नाम डॉ भीमराव अम्बेडकर रखने की मांग को लेकर अपर जिलाधिकारी कुंवर बहादुर सिंह ज्ञापन सौंपा।

मंगलवार को प्रभास महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष लवलेश विराग की अगुवाई में एडीएम कुंवर बहादुर सिंह को सौंपे ज्ञापन में कहा कि भारतीय संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अम्बेडकर के नाम से जिला मुख्यालय में एक भी पार्क नहीं है। कई वर्षों से अम्बेडकर पार्क की मांग अम्बेडकर के अनुयायी कर रहे हैं। अम्बेडकर के प्रति लाखों लोग आस्था रखते हैं। अम्बेडकर पार्क की मांग पूरी नहीं हो रही है।

उन्होंने कहा कि पुरानी सब्जी मंडी धुस मैदान पर स्थित पार्क का नाम अम्बेडकर पार्क किया जाये। चेताया कि ऐसा न होने पर प्रभास महासंघ आन्दोलन को बाध्य होगा। इस मौके पर महासंघ के जिलाध्यक्ष शेखर गुप्ता, विष्णु कुमार, शुभम कोटार्य, लल्लूराम, सरजो प्रसाद, आयुष सिंह, नीरज कुमार, आशीष पटेल, रोहित कश्यप, विनय कुमार, साधना आनन्द, आकाश सैनी, राजनारायण साहू, मोहित पटेल, राकेश पटेल आदि मौजूद रहे।

### खतरनाक कैदियों की सीसीटीवी से हो निगरानी: डीएम




**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने हाई सिक्योरिटी जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर जेल में बन्द कैदियों की जामा तलाशी करवाकर उनसे खानपान की जानकारी ली।

मंगलवार को डीएम-एसपी ने जिला कारागार के हाई सिक्योरिटी बन्दीगृह, महिला बन्दीगृह, अस्पताल, पाकशाला, पृथक बैरक का निरीक्षण कर जेल में बन्द कैदियों की जामा तलाशी कराई। उन्होंने कैदियों से खानपान के बारे में जानकारी लेकर जिला कारागार अधीक्षक को निर्देश दिये कि हाई सिक्योरिटी की सुरक्षा में कोई चूक नहीं होनी चाहिए। लगातार सीसीटीवी कैमरे से निगरानी होती रहे। जेल अधीक्षक से कहा कि ठंड के मौसम में गर्म कपडों की व्यवस्था करायें। खेल कार्यक्रमों का आयोजन भी कराते रहें। महिला कैदियों व पुरुष कैदियों के खानपान व स्वास्थ्य की जानकारी ली।

उन्होंने कारागार में बन्द कैदियों के स्वास्थ्य परीक्षण के निर्देश प्रभारी चिकित्साधिकारी को दिये। चेताया कि किसी भी कैदी को एक्सपायरी दवायें न दी जायें। कोई कैदी बीमार नहीं होना चाहिए। निरीक्षण में उनके साथ जिला कारागार अधीक्षक अशोक कुमार सागर, जेलर संतोष कुमार, डिप्टी जेलर पीयूष पाण्डेय, प्रभारी चिकित्साधिकारी आशीष कंकोरिया मौजूद रहे।

### बोझ व गढवा में उपनिदेशक ने ड्रिप योजना का किया भौतिक सत्यापन



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिले में संचालित पर ड्राप मोर क्राप माइक्रो इरीगेशन योजना के तहत कराये जा रहे कार्यों को उपनिदेशक उद्यान चित्राकूटधाम मंडल बांदा ने कर्वी ब्लाक के रैपुरवामाफी में लगी योजनाओं का भौतिक सत्यापन किया।

मंगलवार को योजनाओं का भौतिक सत्यापन करने उपनिदेशक उद्यान चित्रकूटधाम मंडल बांदा आये। उन्होंने कर्वी ब्लाक के रैपुरवामाफी में लगी मिनी स्प्रिंकलर, विकास खण्ड मऊ के बोझ गांव व गढवा में किसानों की स्थापित कराई ड्रिप का भौतिक सत्यापन किया। भौतिक सत्यापन दौरान उपनिदेशक उद्यान ने ड्रिप व मिनी स्प्रिंकलर की उपयोगिता के बारे में किसानों को विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि ड्रिप व मिनी स्प्रिंकलर से किसान कम पानी में अधिक से अधिक औद्यानिक व कृषि फसलों से लाभ ले सकते हैं। उपनिदेशक उद्यान ने बोझ गांव में रोपिक पपीता, टमाटर, बेल, अनार, अमरुद, मुसम्मी आदि के बागों का निरीक्षण किया। पौधों में आने वाली कीट व्याधियों आदि की जानकारी ली। इस मौके पर उनके साथ जिला उद्यान अधिकारी आशीष कटियार आदि मौजूद रहे।

# सस्ती बिजली-किसानों को मुफ्त बिजली दिलाने को आप का प्रदर्शन

## राज्यपाल सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष संतोषीलाल शुक्ला की अगुवाई में आप के लोगों ने सस्ती बिजली और किसानों को मुफ्त बिजली देने तथा बिजली दरों में बेतहासा वृद्धि रोकने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने राज्यपाल सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा।

मंगलवार को आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष संतोषीलाल शुक्ला की अगुवाई में कचहरी पार्क से जुलूस निकालकर जिला मुख्यालय की सडकों में प्रदर्शन करते हुए मांग उठाई कि मौजूदा समय में सूबे की सरकार चुनाव जीतने के बाद जनता को सस्ती बिजली और किसानों को मुफ्त बिजली देने की मांग घोषणा पत्र में की थी। सरकार ने ऐसा न कर बिजली की दरों में 23 फीसदी की वृद्धि का प्रस्ताव रखकर जनता में दबाव बढा दिया है। देश में तीस फीसदी कोयले का उत्पादन बढा है। फिर भी बिजली दरें बढाई जा रही हैं। खासतौर पर सरकार ने किसानों के साथ वायदा खिलाफी कर आर्थिक रुप से प्रताडित कर रही है। आप ने सौंपे ज्ञापन में राज्यपाल से मांग किया कि 25 जनवरी को आप ने लखनऊ के ईको गार्डन में सरकार की वायदा खिलाफी के खिलाफ प्रदेश प्रभारी/सांसद संजय सिंह की अगुवाई में धरना प्रदर्शन किया था। इसके बाद भी सरकार ने जनता को सस्ती बिजली और किसानों को मुफ्त बिजली नहीं उपलब्ध कराई। आप ने चेताया था कि चरणबद्ध आन्दोलन किया जायेगा।

इसी क्रम में आप ने विरोध प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन में आप नेता अंकित सिंह, नर्मदा प्रसाद यादव, लवलेश केशरवानी, लेसिना ज्ञानचन्दानी, अनुरुद्ध यादव, योगेन्द्र रैकवार, देवकुमार पाण्डेय, सुरेश सिंह, कुलदीप सिंह, अनुराग द्विवेदी, दिलीप सिंह पटेल, बच्चाराम बौद्ध, लवदीप सिंह उपाध्याय, सुमन विश्वकर्मा, सुनीता विश्वकर्मा, संतोष गुप्ता, महफूल अहमद, चन्द्रशेखर, चुनकावन बौद्ध, सुरेश कुमार बौद्ध, संतोष रैकवार, मो अबरार, संतोष त्रिपाठी, राघवेन्द्र द्विवेदी, सत्येन्द्र त्रिपाठी, आशीष त्रिपाठी, आदित्य मुंशी आदि मौजूद रहे।

# प्रगतिशील किसानों को देश के विभिन्न संस्थानों में भेजें: डीएम

## ईकेवाईसी नहीं मिली तो नहीं मिलेगी सम्मान निधि




**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कृषि विभाग की केसीसी, ईकेवाईसी, एफपीओ, खेत-तालाब आदि एवं डब्ल्यूसीडीसी की पाक्षिक समीक्षा बैठक में कहा कि किसान उत्पादक संगठन जो सक्रिय नहीं हैं, उन्हें हटा दिया जाये। सक्रिय लोगों को प्रोत्साहित करें।

मंगलवार को कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी को उपकृषि निदेशक राजकुमार ने बताया कि जिले में एक लाख 27 हजार 635 किसानों का भूलेख अंकन हो चुका है।
प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि मिल रही है। इनमें से केवल 100268 किसानों का ही ईकेवाईसी हो पाया है। जिन किसानों का ईकेवाईसी नहीं है, उनको आगामी किस्त का भुगतान नहीं मिलेगा। सभी किसानों से अपील किया कि जिनके भूलेख अंकन हो चुके हैं, वे तत्काल जनसेवा केन्द्र जाकर ईकेवाईसी करा लें। उपकृषि निदेशक ने कृषि विभाग की आत्मा, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, कृषि उत्पादक संगठन आदि प्रगति विवरण पेश किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जो किसान दलहन, मोटे अनाज, सब्जी एवं अन्य किसी उत्पाद की खेती कर रहे हैं, उनका बीज कम्पनियों से सहमति कराकर व्यापार कराने को एफपीओ से एमओयू करायें, ताकि किसानों को कृषि उत्पाद का उचित मूल्य मिल सके। मोटे अनाज की खेती को प्रोत्साहन देने और बाजार के गुण सीखने को पचास किसानों का भ्रमण दल हैदराबाद भेजा गया है। इसी प्रकार पशुपालक, मत्स्य पालक व औद्योगिक फसलों के प्रगतिशील किसानों को देश के विभिन्न संस्थानों में भेजे जाने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने कहा कि जो संगठन सक्रिय नहीं है, उन्हें हटाकर सक्रिय को सपोर्ट कर प्रोत्साहित करें और अधिक किसानों को जोडें। सीबीसी के पैकेजिंग की बाबत कहा कि पैकेजिंग से गुणवत्ता बढेगी। आय में वृद्धि होगी। आईटीसी को बुलाकर बैठक करायें। तालमेल बनाकर कार्य करेंगे तो किसानों को लाभ होगा। खेत-तालाब में 1168 तालाबों में 129 तालाबों का कार्य पूरा हो चुका है। परती भूमि विकास विभाग की वाटर शेड विकास परियोजना के मूर्तरुप लेने की बात भूमि संरक्षण अधिकारी कर्वी द्वितीय एवं वाटर शेड विकास दल परियोजना प्रबंधक विमलेश कुमार ने बताया कि जिले में सहभागिता के आधार पर वाटरशेड विकास परियोजना का क्रियान्वयन किया जायेगा, ताकि किसानों, स्वयं सहायता समूहों, कृषि उत्पादक संगठनों को लाभ होगा। परियोजना के तहत जिले के विभिन्न गांवों में आगामी पांच वर्षों मे 58 सौ हेक्टेयर प्रस्तावित है। जल्द ही चयनित गांवों में भूमि एवं जल संरक्षण के कार्य कराये जायेंगे। बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, कृषि उपनिदेशक राजकुमार, जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# पुत्र के खिलाफ पिता ने की कार्यवाही की मांग



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी के काली देवी मन्दिर द्वारिकापुरी मोहल्ले के रामेश्वर नाई पुत्र गोविन्द नाई ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में अपने पुत्र लवकुश के खिलाफ कडी कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

मंगलवार को कोतवाली कर्वी के काली देवी मन्दिर द्वारिकापुरी मोहल्ले के रामेश्वर नाई ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा कि उसका पुत्र लवकुश शराबी, जुआरी, बद्चलन व लडाकू किस्म का है। आये दिन उससे गाली-गलौज कर मारपीट करता है। घर के सदस्यों के मना करने पर अभद्र बर्ताव कर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देता है। 22 जून 2022 को लवकुश ने कहा कि रानीपुर भट्ट में एक लडकी है, जल्दी से उसके हिस्से की जमीन बेंचकर रुपये दो, ताकि उस लडकी के नाम जमा कर सकूं। पीडित के विरोध पर लवकुश ने बुरी तरह से उसके साथ मारपीट कर जान बचाई। अगले दिन पुत्र लवकुश ने फिर से जान से मारने की धमकी देकर फसाद पर आमादा हुआ।

पीडित ने कहा कि पुत्र के अनैतिक कार्यों से वह बेहद परेशान है। भविष्य में उसके साथ कोई घटना होती है तो वह खुद जिम्मेदार होगा। घर के लोग उसके अनैतिक कार्यों के लिए जिम्मेदार नहीं है। इसके पहले सात नवम्बर 2020 को कोतवाली कर्वी में भी पीडित ने प्रार्थना पत्र दिया है। पीडित पिता ने पुत्र के खिलाफ कडी कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

# राहुल के संदेश को रंजना ने जनता को सुनाया



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर कांग्रेस की पूर्व प्रत्याशी रंजना बरातीलाल पाण्डेय ने रामनगर ब्लाक के घुनुवा गांव में हाथ जोडो कार्यक्रम के तहत घर-घर जाकर लोगों से सम्पर्क कर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के संदेश को आम जनता के बीच बताने का कार्य किया।

मंगलवार को कांग्रेस नेत्री रंजना बरातीलाल पाण्डेय ने रामनगर ब्लाक के घुनुवा गांव पहुंची। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के संदेश को आम जनता को बताया। कहा कि जिस तरह से जनता इन दिनों महंगाई, बेरोजगारी से परेशान है। किसान, नौजवान, व्यापारी, मजदूर सभी लोग सरकार के झूंठ और तानाशाही से परेशान हैं।

सरकार लोकतंत्र को दबाने का काम कर रही है। मौजूदा सरकार की विफलताओं को जनता के बीच रखा। बताया कि कांग्रेस ने जनता के हितों के लिए जो कार्य किये थे, जैसे गांव-गांव में स्कूल, अस्पताल, बैंक आदि संस्थाओं को मौजूदा सरकार निजीकरण करने में लगी है।
सभी लोग एकजुट होकर तानाशाही लोकतंत्र विरोधी सरकार के खिलाफ आवाज उठायें।

उन्होंने कहा कि सभी लोग कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करें, ताकि आम जनता को बेरोजगारी, महंगाई से निजात मिल सके।

इस मौके पर कांग्रेस नेता ब्लाक अध्यक्ष रामनगर शिवशंकर खंगार, जिला महासचिव कालीचरन राजपूत, न्याय पंचायत अध्यक्ष विकास दुबे, प्रकाश ओझा, शंकर सिंह, रामऔतार, शिवपूजन, सुरेश यादव आदि मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### ट्रेन से कटकर महिला की मौत,मंदिर जाने को घर से निकली थी

**वाराणसी। मडुआडीह** थाना क्षेत्र के नाथूपुर रेलवे फाटक पर सोमवार की सुबह ट्रेन की चपेट में आने से मधु गुप्ता (38) की मौके पर ही मौत हो गई।जानकारी के अनुसार अशर्फी नगर फेज 3 जलालीपट्टी निवासिनी महिला हर रोज की भाती सोमवार सुबह भी बरेका स्थित शिव काली मंदिर दर्शन के लिए घर से निकली थी। महिला रेलवे फाटक पार कर रही थी। कि तभी डाउन लाइन पर जा रही कोचिंग यार्ड के इंजन की चपेट में आ गई।जिससे की ट्रेन को चपेट में आने से महिला की मौत हो गई।लोगो ने घटना की जानकारी पुलिस को दी।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया।महिला की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### एटा में पति पत्नी डबल मर्डर पुलिस के लिए बना चुनौती, 3 बर्षीय बच्चा भी नहीं बख्सा

**एटा। थाना कोतवाली देहात** में पति पत्नी के डवल मर्डर मामले में अभी तक मर्डर प्रकरण का मामला एवं किसी भी प्रकार का घटना के बारे में जानकारी नहीं मिलना पुलिस के लिए चुनौती बनता जा रहा है। वहीं एसएसपी ने घटना के शीघ्र खुलासे का दावा किया है। थाना कोतवाली क्षेत्र के गांव श्रीकरा में गैस बैल्डिंग की दुकान के उपर पति-पत्नी की हत्या कर दी गई वहीं उनका एक 3 साल का बच्चा घायलावस्था में पाया गया। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने मृत पति जितेन्द्र कुमार 26 बर्ष, प्रीती 24 बर्ष पत्नी के शव का पीएम कराया है और घायल 3 साल के मासमू अमन बच्चे को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया है जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है। एसएसपी उदय शंकर सिंह का कहना है कि पति पत्नी का डबल मर्डर शुबह के लगभब 6 बजे के आस-पास किया गया है घटना के सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है शीघ्र ही खुलासा कर दिया जाऐगा।

### कार और बाइक की भिडंत में दो घायल

**बिजनौर । अफजल**गढ़ क्षेत्र के ग्राम भूतपुरी में कार और बाइक की आमने-सामने की भिड़ंत में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया नाजुक हालत देखते हुए हायर सेंटर भर्ती कर दिया गया है।
जनपद बिजनौर के थाना अफजलगढ़ क्षेत्र में ग्राम भूतपुरी के पुल पर बाइक और कार की भिड़ंत में दोनो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।

दोनों बाइक सवार थाना शेरकोट क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं जोकि अफजलगढ़ के ग्राम भूतपुरी में रिश्तेदारी में जा रहे थे सामने से आ रही कार ने जोरदार बाइक में टक्कर मार दी जिससे बाइक पर सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर ने दोनों घायलों की हालत नाजुक देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया है मौके पर पहुंची पुलिस कानूनी कार्यवाही में जुट गयी है ।

### नजीबाबाद स्योहारा में हुई दोनों लूट का खुलासा, तीन बदमाश गिरफ्तार, दो फरार

**बिजनौर । जनप**द बिजनौर की नजीबाबाद पुलिस ने नजीबाबाद व स्योहारा क्षेत्र में हुई दो लूट की घटना का खुलासा किया है पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, पकड़े गए आरोपियों के पास से लूटी हुई नगदी व अन्य कागजात बरामद किए हैं, पुलिस आरोपियों को जेल भेजने की तैयारी में जुट गई है।
सोमवार को बिजनौर की नजीबाबाद पुलिस ने रविवार की रात हुई लूट का खुलासा कर दिया है, पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है पकड़े गए आरोपियो के पास से 27290 रुपये की नकदी तमंचे और लूटा गया अन्य सामान बरामद किया है।
पुलिस आरोपियों को जेल भेजने की कवायद में जुट गई है।
नजीबाबाद के रहने वाले अर्जुन राजपूत से रविवार की देर शाम उस वक्त 3 बदमाशों ने लूट की घटना को अंजाम दिया था जब वह 6:15 बजे शाम साइकिल से जा रहा था तभी पीछे से आकर स्कूटी सवार तीन बदमाशों ने उसको रोक कर उसकी आंखों में मिर्ची डालकर काले रंग का बैग छीन कर फरार हो गए थे । पुलिस ने घटना का खुलासे के लिए तीन टीमों का गठन किया गया था आज पुलिस ने इस घटना का खुलासा कर दिया है पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।
पकड़े गए आरोपी अर्जुन, अभय व सुबोध हैं पुलिस ने इनके पास से नगदी और कागजात बरामद किए हैं।

# विदेश संदेश

## कनाडा में हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ व भारत विरोधी चित्र बनाए, भारत ने की कड़ी निंदा

**नई दिल्ली।** कनाडा में हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ और भारत विरोधी चित्र बनाए जाने की घटना सामने आई है। यह घटना कनाडा के ब्राम्पटन राज्य स्थित गौर शंकर मंदिर में हुई है, जिसे लेकर भारतीय समुदाय बहुत आहत है। भारत की तरफ से कनाडा के मंदिर में तोड़फोड़ की कड़ी निंदा की गई है। कनाडा में भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने बयान जारी कर कहा है कि इस घृणित कार्य से कनाडा में भारतीय समुदाय की भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है। उल्लेखनीय है कि मेलबर्न सहित ऑस्ट्रेलिया के विभिन्न स्थानों पर खालिस्तानी समूहों द्वारा भारतीयों एवं मंदिरों पर निशाना बनाए जाने की घटना के बाद कनाडा का यह मामला सामने आया है।

## यूक्रेन में न्यूजीलैंड के वैज्ञानिक बागशॉ की मौत पर लोगों ने शोक जताया

**कीव।** यूक्रेन के एक युद्धग्रस्त शहर में लोगों को बचाने की कोशिश में जान गंवाने वाले न्यूजीलैंड के वैज्ञानिक एंड्रयू बागशॉ को अंतिम विदायी देने के लिए कीव के सेंट सोफिया गिरजाघर में उनके कई मित्र और स्वयंसेवी एकत्रित हुए। न्यूजीलैंड-ब्रिटिश नागरिक बागशॉ (48) और ब्रिटिश स्वयंसेवी क्रिस्टोफर पैरी (28) पूर्वी दोनेत्स्क क्षेत्र में सोलेदर शहर जाते वक्त लापता हो गए थे जहां भारी गोलाबारी हुई थी। स्वयंसेवियों ने बागशॉ के साथ अपनी यादें साझा की और उनके परिवार की ओर से शोक संदेश पढ़ा।यूक्रेन में उनके एक मित्र निकोलेट स्तोयेनोवा ने उनकी बहादुरी की यादें साझा कीं। उन्होंने कहा, ''कोई भी सोलेदर नहीं जाना चाहता था लेकिन वे यह कर सकते थे। क्योंकि अगर उन्हें लगता था कि किसी को मदद की जरूरत है तो वह जरूर करें और वह ऐसा करते थे।'' बागशॉ के पिता फिल ने न्यूजीलैंड में पत्रकारों से कहा कि उनका बेटा लोगों की मदद करना चाहता था। यूक्रेन पुलिस ने नौ जनवरी को बताया था कि उनका बागशॉ और पेरी से संपर्क टूट गया है। हालांकि, बाद में उनके शव बरामद हुए थे। इस बीच, रूसी बलों ने रविवार को यूक्रेन के दक्षिणी शहर खेरसॉन में भारी बमबारी की जिसमें तीन लोगों की मौत हो गयी तथा छह अन्य घायल हो गए। क्षेत्रीय प्रशासन ने बताया कि बमबारी में एक अस्पताल, स्कूल, बस स्टेशन, डाकखाना, बैंक और रिहायशी इमारतों को नुकसान पहुंचा है।

## यूएई के राष्ट्रपति की इस्लामाबाद यात्रा मौसम खराब रहने के चलते टाली गई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की यात्रा पर आए संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने मौसम खराब रहने के कारण इस्लामाबाद की अपनी एक दिवसीय यात्रा टाल दी है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने यह घोषणा की। तेल बहुल खाड़ी देश के नेता का यहां पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात करने का कार्यक्रम था, जिसमें द्विपक्षीय संबंधों और नकदी के संकट से जूझ रहे देश में यूएई का निवेश बढ़ाने पर चर्चा प्रस्तावित है। इस्लामाबाद में रविवार रात से तेज हवाओं के साथ बारिश हो रही है, जिसने नाहयान के विमान के यहां उतरने को संभवतः असंभव बना दिया।प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के बयान के मुताबिक, ''मौसम खराब रहने के कारण राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान की आज के लिए प्रस्तावित मित्र राष्ट्र पाकिस्तान की यात्रा बाद की तारीख के लिए टाल दी गई है। '' पीएमओ ने कहा कि यात्रा का कार्यक्रम फिर से निर्धारित किया जाएगा और जल्द ही नयी तारीखों की घोषणा की जाएगी। शरीफ ने कहा कि अतिथि की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता है और मौसम अत्यधिक खराब रहने के बीच जोखिम मोल नहीं लिया जा सकता। प्रधानमंत्री शरीफ और संघीय मंत्रिमंडल के सदस्य पाकिस्तान वायुसेना के नूर खान एयरबेस पर यूएई के राष्ट्रपति की अगवानी करने वाले थे। यूएई के राष्ट्रपति एक निजी यात्रा पर देश के पंजाब प्रांत में रहीम यार खान में 25 जनवरी को पहुंचे थे, जिस दौरान उन्होंने वार्ता के लिए शरीफ से संक्षिप्त मुलाकात की।

## भारतीय दूतावास में अजीत डोवाल का हुआ खास स्वागत

**इस्लामाबाद।** भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोवाल अमेरिका के दौरे पर हैं। वहां भारतीय दूतावास में उनका खास स्वागत किया गया। वॉशिंगटन में स्थित भारतीय दूतावास में हुए कार्यक्रम में अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन, यूएस सेक्रेटरी ऑफ कॉमर्स जिना रेमोंडो और दोनों देशों के कई सीईओ और प्रमुख विश्वविद्यालयों के प्रमुख शामिल हुए। अमेरिका में भारत के राजदूत तरनजीत सिंह संधू ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया था। अजीत डोवाल और उनके अमेरिकी समकक्ष जेक सुलिवन के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और अहम और उभरती हुई तकनीक के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। भारतीय राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने कार्यक्रम की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की। बता दें कि अजीत डोवाल अमेरिका पहुंचे।

# पाकिस्तान की मस्जिद में फिदायीन हमला, 88 पुलिसकर्मियों की मौत

## 500 नमाजियों के बीच हमलावर ने खुद को उड़ाया, तालिबान ने ली जिम्मेदारी





**पेशावर ।** पाकिस्तान के पेशावर शहर में पुलिस लाइन्स में बनी मस्जिद में फिदायीन हमला में मरने वालों की संख्या बढ़कर 88 हो गई है। जबकि 150 से ज्यादा लोग घायल हैं। इनमें से 47 की हालत गंभीर है। ब्लास्ट इतना ताकतवर था कि करीब दो किलोमीटर तक इसकी आवाज सुनाई दी। मस्जिद का एक बड़ा हिस्सा ढह गया। इमाम नूर-अल अमीन की भी मौत हो गई। पाक पीएम शाहबाज शरीफ ने अस्पताल पहुंचकर घायलों से मुलाकात की है। एक चश्मदीद ने कहा- दोपहर की नमाज के वक्त मस्जिद में करीब 500 लोग मौजूद थे। फिदायीन हमलावर बीच की एक लाइन में मौजूद था। यह साफ नहीं हो सका कि वो पुलिस लाइन्स पहुंचा कैसे, क्योंकि अंदर जाने के लिए गेट पास दिखाना होता है।

**TTP ने जिम्मेदारी ली**

पाकिस्तानी मीडिया जियो न्यूज के मुताबिक, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (TTP ) ने हमले की जिम्मेदारी ली है। आर्मी ने इलाके को घेर लिया। इसके करीब ही आर्मी की एक यूनिट का ऑफिस भी है। इलाके में TTP का खासा दबदबा है और पिछले दिनों इसी संगठन ने हमले की धमकी भी दी थी। सभी घायलों का इलाज पेशावर के लेडी हार्डिंग अस्पताल में चल रहा है। अस्पताल की तरफ से जारी बयान में कहा गया- आम लोग जितना हो सके, उतनी जल्दी ब्लड डोनेट करने अस्पताल पहुंचें। मिलिट्री डॉक्टरों का एक दल भी अस्पताल पहुंचा।

## अमेरिका के फ्लोरिडा में फायरिंग : बिना गाड़ी रोके ताबड़तोड़ गोलियां चलाते रहे हमलावर, 10 लोग घायल

**फ्लोरिडा ।** अमेरिका के फ्लोरिडा में दोपहर हुई फायरिंग में 10 लोग घायल हुए हैं। घटना फ्लोरिडा के लेक लैंड इलाके में हुई। पुलिस चीफ सैम टेलर के मुताबिक, हमलावर एक डार्क ब्लू कार में आए थे।

घटनास्थल पर पहुंचते ही उन्होंने गाड़ी के चारों शीशे खोले और ताबड़तोड़ गोलियों चलाने लगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दो लोगों की हालत गंभीर है। घटना के बाद से पुलिस गाड़ी की तलाश में जुटी है।

**बिना गाड़ी रोके फायरिंग की**

पुलिस का मानना है कि ये फायरिंग कुछ लोगों को टारगेट पर रख कर की गई थी। केवल तीन लोगों को ही इमरजेंसी सर्विसेज ने अस्पताल में भर्ती कराया है। इनकी उम्र 20 से 35 साल के बीच है। हमलावर काफी तेजी से गाड़ी चला रहे थे, उन्होंने





घटनास्थल पर भी गाड़ी नहीं रोकी। CNN के मुताबिक हमलावरों ने केवल स्पीड कम की और फायरिंग करना शुरू कर दिया। जिन लोगों की हालात गंभीर है उन्हें पेट और चेहरे पर गोलियां लगी हैं। फायरिंग से केवल एक मिनट पहले वहां स्कूल बस ने बच्चों को उतारा था। अगर घटना कुछ समय पहले होती तो उसमें बच्चों की जान को भी खतरा था। पुलिस चीफ टेलर ने बताया कि वो सारी रात हमलावरों की गाड़ी की तलाश करेंगे।

**घटनास्थल से गांजा बरामद**

पुलिस ने बताया है कि घटनास्थल से काफी मात्रा में गांजा भी बरामद किया गया है। जिससे लग रहा है कि गोलीबारी के दौरान वहां गांजा बेचा जा रहा था। हालांकि, इसका घटना से क्या संबंध है इस पर पुलिस अभी जांच कर रही है। पुलिस चीफ ने कहा कि कुछ लोग जांच में सहयोग कर रहे हैं, जबकि कई लोग कुछ भी बताने से इनकार कर रहे हैं। चीफ सैम टेलर ने कहा कि उन्होंने पहले कभी किसी ऐसे केस पर काम नहीं किया था जिसमें एक साथ इतने लोगों पर फायरिंग हुई। उन्होंने यह भी कहा कि लेक लैंड इलाके में इस तरह की घटना होना काफी अजीब है।

## स्पेन में प्रवासी शिविर में लगी आग से 200 लोगों को बचाया गया

**निजार।** स्पेन में प्रवासियों के एक शिविर में आग लगने के बाद करीब 200 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। दमकलकर्मियों ने आग को बुझा दिया है। स्पेन के मुख्य कृषि स्थल के पास स्थित इस शिविर में सैकड़ों प्रवासी रह रहे थे। सकुशल निकाले गए लोगों को बस से पास के एक गोदाम में ले जाया गया जहां रेड क्रॉस के सदस्य उनकी देखभाल के लिए पहले से मौजूद थे। अभी आग लगने के कारणों का पता नहीं लग सका है। अल वालिली शिविर में रहने वाले अधिकांश लोग उप-सहारा अफ्रीका और मोरक्को निवासी पुरुष थे, जो आसपास के खेतों में काम करते थे। इस क्षेत्र में पर्यटन के अलावा कृषि भी आय का प्रमुख स्रोत है। इससे पहले एक अदालत ने उस शिविर को ध्वस्त करने का आदेश दिया था। अदालत के आदेश में कहा गया था कि वहां के ढांचे जीर्ण-शीर्ण थे और आवास लाइसेंस के बिना बनाए गए थे। इस बीच क्षेत्र में प्रवासियों के लिए काम करने वाले एक मानवाधिकार समूह (एपीडीएचए) ने आरोप लगाया कि सरकार के पास प्रवासियों को लेकर कोई उचित योजना नहीं है।



## सुनक ने राजनीति में ईमानदारी बहाल करने का संकल्प लिया

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कैबिनेट के एक मंत्री को कर संबंधित मामले को लेकर बर्खास्त करने के अपने कदम का बचाव करते हुए राजनीति में ईमानदारी को बहाल करने का संकल्प लिया। कंजर्वेटिव पार्टी के अध्यक्ष नदीम जहावी को मंत्रियों से संबंधित आचार संहिता के गंभीर उल्लंघन का दोषी पाए पर बर्खास्त कर दिया गया था। वह कैबिनेट में बिना विभाग के मंत्री थे। यह बात सामने आई थी कि उन्होंने देश के कर विभाग को जुर्माना भरा है और इसके बाद उनपर कार्रवाई नहीं करने को लेकर भारतीय मूल के ब्रिटिश नेता सुनक की विपक्ष आलोचना कर रहा था।राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) के लिए अपनी सरकार की नई आपातकालीन देखभाल योजना के शुरुआत के दौरान, सुनक ने कहा कि उन्होंने इस मुद्दे की जांच करने के लिए स्वतंत्र नैतिक सलाहकार से कहकर सही किया। उन्होंने उत्तर पूर्वी इंग्लैंड में काउंटी डरहम की यात्रा के दौरान कहा, ' मैंने जो किया है वह एक प्रक्रिया का पालन है, जो सही प्रक्रिया है।' सुनक ने कहा, ' ईमानदारी मेरे लिए वास्तव में महत्वपूर्ण है - आप सभी लोग यह देखना चाहते हैं कि सरकार ठीक से चले तो यह ईमानदारी के साथ चलती है और जवाबदेही होती है जब लोग उस तरह से व्यवहार नहीं करते हैं जैसा उन्हें करना चाहिए या अगर कुछ सही नहीं होता है और हमने यही किया है।' उन्होंने राजनीति में ईमानदारी को वापस लाने के लिए जरूरी कदम उठाने का संकल्प लिया।



## यूक्रेन को नहीं मिलेंगे F-16 फाइटर : बाइडेन नहीं मानें, जंग का रुख बदलने के लिए जेलेंस्की के मंत्री ने की थी मांग

**वाशिंगटन।** रूस से लड़ने के लिए अमेरिका अपने एफ-16 फाइटर जेट्स यूक्रेन को नहीं देगा। एक प्रेस कांफ्रेंस में बाइडेन ने यूक्रेन की मांग को खारिज कर दिया है। एक रिपोर्टर ने बाइडेन से पूछा था कि क्या वो यूक्रेन को स्न-16 जेट्स देंगे, जिसके जवाब में उन्होंने सीधे ना कह दिया।

बाइडेन से पहले जर्मनी ने भी अपने फाइटर जेट्स यूक्रेन भेजने से साफ इनकार कर दिया था। यूक्रेन को इस फैसले से काफी निराशा हो सकती है। दरअसल पिछले हफ्ते लेपर्ड टैंक मिलने के बाद यूक्रेन के डिफेंस मिनिस्टर ने फाइटर जेट्स की मांग की थी। उन्होंने अमेरिका और पश्चिमी देशों के साथ मिलकर एक फाइटर जेट गठबंधन बनाने को कहा था, ताकि जंग का रुख बदला जा सके।

**सोवियत इरा के फाइटर जेट इस्तेमाल कर रहा यूक्रेन**

रिपोर्ट के मुताबिक स्न-16 फाल्कन को दुनिया के भरोसेमंद फाइटर जेट्स में से एक माना जाता है। अमेरिका के अलावा



बेल्जियम और पाकिस्तान भी इनका काफी ज्यादा इस्तेमाल करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार अगर यूक्रेन को ये फाइटर जेट्स मिलते तो यकीनन उन्हें जंग में फायदा होता। दरअसल यूक्रेन अभी भी लगभग 30 साल पुराने सोवियत इरा के दौरान बने फाइटर जेट्स का इस्तेमाल कर रहा है, जो जंग में ज्यादा कारगर साबित नहीं हो पाए हैं। जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज ने इंटरव्यू दिया था। इसमें उन्होंने कहा था कि टैंक्स की मांग स्वीकार होने के तुरंत बाद यूक्रेन का फाइटर जेट्स मांगना गलत है।उन्होंने कहा रूस से जंग सिर्फ यूक्रेन लड़ रहा है नाटो नहीं, हम हथियार भेजकर युद्ध के दायरे को और नहीं बढ़ा सकते हैं। यूक्रेन को काफी भरोसा था कि उन्हें फाइटर प्लेन मिल जाएंगे। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि पिछले हफ्ते डिफेंस मिनिस्टर के एडवाइजर ने यह तक कह दिया था कि वो परमाणु छोड़कर अमेरिका और पश्चिमी देशों से कोई भी हथियार हासिल कर सकते हैं।

**रूस ने दी थी हथियार नहीं भेजने की चेतावनी**

यूक्रेन को लेपर्ड और अब्राम टैंक देने की घोषणा के बाद रूस ने अमेरिका और पश्चिमी देशों पर प्रॉक्सी वॉर के आरोप लगाए थे। जर्मनी में रूस के राजदूत सर्गेई नेशायेव ने कहा था कि यूक्रेन को टैंक भेजकर युद्द को स्तर बढ़ाने की कोशिश की जा रही है। रूस इसे कभी मंजूर नहीं करेगा। यूक्रेन को टैंक भेजने वाले देशों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

## इमरान के करीबी पूर्व मंत्री फवाद खान को जेल, रिमांड बढ़ाने की मांग खारिज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के करीबी फवाद खान की रिमांड और बढ़ाने की पुलिस की मांग अदालत ने खारिज कर दी। फवाद को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

चुनाव आयोग को धमकी देने के मामले में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के करीबी नेता फवाद चौधरी को पिछले प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के खिलाफ भी अपने भाषण में आग



उगली थी। उनके भाषण को चुनाव आयोग को धमकी करार दिया गया था। इस धमकी के बाद पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद के कोहसर थाने में फवाद चौधरी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। फवाद इमरान खान की सरकार में पाकिस्तान के सूचना मंत्री रह चुके हैं। इन स्थितियों में मुकदमा दर्ज होते ही मान लिया गया था कि पाकिस्तान सरकार जल्द ही फवाद चौधरी को गिरफ्तार कर लेगी। फवाद को लाहौर से गिरफ्तार कर लिया गया था। इसके बाद पुलिस ने रिमांड लेकर फवाद से पूछताछ की थी। पुलिस फवाद चौधरी को दो बार रिमांड पर ले चुकी थी। इस्लामाबाद की एक अदालत में न्यायिक मजिस्ट्रेट वकास अहमद राजा के समक्ष पुलिस ने तीसरी बार रिमांड की मांग की थी। न्यायालय ने पुलिस की मांग खारिज करते हुए।

## अमेरिकी मंत्री ने नेपाल को चीन से सतर्क रहने की दी नसीहत, कहा- सोच समझकर पड़ोसी से करें समझौता

**काठमांडू।** नेपाल भ्रमण पर रहे अमेरिकी उप विदेश मंत्री विक्टोरिया नुलैण्ड ने नेपाल को चीन से सतर्क रहने की नसीहत दे डाली। दिनभर राजनीतिक मुलाकात करने के बाद शाम को पत्रकार सम्मेलन करते हुए अमेरिकी मंत्री ने कहा कि विकास के नाम पर सार्वभौमिकता से समझौता ना करें। अमेरिकी दूतावास द्वारा आयोजित पत्रकार सम्मेलन में राजनीतिक मामलों की उप विदेश मंत्री ने कहा कि नेपाल अपने पड़ोसी देशों के साथ आर्थिक विकास के नाम पर समझौता करने के लिए स्वतंत्र है, लेकिन नेपाल को हमेशा यह सोचना चाहिए कि आर्थिक विकास के नाम पर होने वाले समझौते के पीछे की मंशा क्या है?

चीन का नाम लिए बगैर अमेरिकी उप विदेश मंत्री ने कहा नेपाल आर्थिक समझौता करने से पहले यह अच्छी तरह से जांच परख कर ले कि कहीं इस आर्थिक सहकार्य से उनके देश की सार्वभौमिकता पर तो खतरा नहीं आएगा? नुलैण्ड ने यह भी कहा कि नेपाल अपने पड़ोसी देशों के साथ आर्थिक सहकार्य करते समय यह भी ध्यान में रखे कि वो कितना पारदर्शी है।

चीन को लेकर नसीहत देने के बाद औपचारिकता पूरी करने के लिए अमेरिकी मंत्री ने कहा कि नेपाल यदि अपने पड़ोसी देशों से अपने विकास के लिए अच्छे रिश्ते बनाता है तो इसमें अमेरिका को कोई आपत्ति नहीं होगी, बल्कि उसे खुशी ही होगी। पत्रकारों ने जब यह पूछा कि क्या अमेरिका नेपाल को चीन से दूर रहने और भारत के करीब जाने तथा उसके साथ ही आर्थिक सहकार्य करने का सुझाव दे रहे हैं तो जवाब में अमेरिकी उप मंत्री ने कहा कि नेपाल अपना निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र है और वो किसी एक पड़ोसी के साथ रिश्ता बनाने या एक पड़ोसी के साथ नहीं बनाने के लिए को दबाव या सुझाव नहीं दे रही है। बस अमेरिका चाहता है कि दुनिया के कुछ देशों की हालत देखकर नेपाल सोच विचार कर कोई निर्णय लें। बाइडेन प्रशासन की प्रभावशाली मंत्रियों में एक रही विक्टोरिया नुलैण्ड ने भारत और अमेरिका के बीच सुमधुर संबंधों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच ना सिर्फ राजनीतिक संबंध बल्कि आर्थिक और कूटनीतिक संबंध भी बहुत मजबूत है। नुलैण्ड ने चीन के साथ अमेरिका के रिश्तों में सुधार आने की उम्मीद जताई है। उल्लेखनीय है कि श्रीलंका और पाकिस्तान की तरह चीन, नेपाल को बेल्ट एंड रोड के जरिए आर्थिक ऋण के जाल में फंसाना चाहता है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## वित्त मंत्री सीतारमण बुधवार को संसद में पेश करेंगी केंद्रीय बजट

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बुधवार (एक फरवरी) को मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का आखिरी पूर्ण केंद्रीय बजट 2023-2024 संसद में पेश करेंगी। अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर इस बार के बजट से लोगों को बहुत उम्मीदें हैं। सीतारमण का बजट भाषण लोकसभा में सुबह 11 बजे शुरू होगा। वित्त मंत्री संसद में केंद्रीय बजट पेश करने के बाद अपराह्न 03.30 बजे नेशनल मीडिया सेंटर में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करेंगी।

वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को ट्विट कर बताया कि वित्त मंत्री बुधवार, एक फरवरी को सुबह 11 बजे वित्त वर्ष 2023-24 का केंद्रीय बजट संसद के पटल पर रखेंगी। इसके बाद निर्मला सीतारमण एक-एक करके सभी बिंदुओं की जानकारी देंगी। भारत को 5 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने और हर भारतीय के सर्वांगीण विकास को समर्पित बजट 2023-24 की पूर्व संध्या पर वित्त मंत्री सीतारमण, वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी एवं डॉ. भागवत किशन राव कराड़ और अन्य सहयोगियों के साथ मंत्रालय में उपस्थित रहीं।



बतौर वित्त मंत्री सीतारमण का यह पांचवां बजट होगा और 2024 के आम चुनावों से पहले मोदी सरकार का यह आखिरी पूर्ण बजट होगा। वित्त मंत्रालय के मुताबिक इस साल का बजट पूरी तरह 'पेपरलेस' होगा। इस बार बजट पूरी तरह डिजिटल फॉर्मेट में पेश होगा।

मंत्रालय के मुताबिक वित्त मंत्री के भाषण और केंद्रीय बजट 2023-24 की प्रत्येक जानकारी 'यूनियन बजट मोबाइल ऐप' पर उपलब्ध होगी, जो एंड्रॉयड और एपल के सभी वर्जन पर काम करेगा। सीतारमण के बजट भाषण संपन्न होने के बाद बजट की पूरी जानकारी आप ँ३३स्र:ल्ल्र्रु४ीं३.ॅङ्म५.ल्ल लिंक से डाउनलोड भी कर सकते हैं। इस पर बजट हिंदी और अंग्रेजी में उपलब्ध होगा। बजट को आप पढ़ने के साथ बजट की बारीकी को भी समझ सकते हैं।